बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

सुविचार



''मतदान से देश और मतदान से परिवार चलता है।''
-मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज

# आचरण

वर्ष 39, अंक 254, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com सागर, बुधवार 10 दिसंबर 2025



पेज:11- भारत ने पहला टी-ट्वेंटी मैच जीता

## संक्षिप्त समाचार

### देश की पहली स्लीपर वंदे भारत बिहार से चलेगी



**पटना।** पटना से दिल्ली आने वाले लोगों के लिए भारतीय रेलवे खुशखबरी सामने लेकर आया है। दरअसल, पटना-दिल्ली रेल रूट पर यात्रा करने वालों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। रेलवे ने बताया है कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शुरुआत बिहार की राजधानी पटना से करने जा रहा है। अब यात्रियों को तेज रफ्तार, आराम और हाई-टेक इंजीनियरिंग सब एक साथ इस ट्रेन में मिलेगी। रेलवे इस यात्रा को तेज और आरामदायक बना रहा है। पटना-दिल्ली हाई-टेक ट्रेन की खासियत इसकी तेज स्पीड है। इस वंदे भारत की टॉप स्पीड 160 km/h की होगी। ट्रेन की बॉडी, इसके सस्पेंशन और ब्रेकिंग सिस्टम को खास तौर पर तैयार किया है। यह टेक्नोलॉजी इतनी एडवांस है कि ट्रेन में यात्रियों को बहुत कम झटकों को एहसास होगा। किसी भी इमरजेंसी की स्थिती में ट्रेन का ड्राइवर इसे बहुद कम दूरी में रोक सकता है, जिसके बाद यह दोबारा से रफ्तार पकड़ लेती है।

### आसिम मुनीर की धमकी- भारत गलतफहमी में न रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (CDF) बने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने सोमवार को अपना पद संभाल लिया। रावलपिंडी के त्र॥क्त में हुए कार्यक्रम में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में पाकिस्तान पर कोई हमला होता है तो उसका जवाब पहले से भी ज्यादा तेज और कड़ा होगा। उन्होंने भारत को चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी गलतफहमी में न रहें। मुनीर ने कहा कि मॉर्डन युद्ध अब साइबरस्पेस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, स्पेस, इन्फॉर्मेशन वॉर, ढ्ढ और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे नए क्षेत्रों तक बढ़ गया है। फोर्सेज को आधुनिक चुनौतियों के मुताबिक खुद को ढालना जरूरी है। मुनीर ने कहा कि मई में पाकिस्तान ने उनके नेतृत्व में भारत को मुंहतोड़ जवाब दिया था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना और नागरिकों के धैर्य और सहनशीलता की तारीफ भी की।

### सुप्रीम कोर्ट का बीएलओ की सुरक्षा पर ECI को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बंगाल और दूसरे राज्यों में SIR का काम रहे BLO को मिल रही धमकियों पर चिंता जताई। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। इसमें कहा- इस स्थिति को तुरंत संभाला जाए, नहीं तो अराजकता फैल सकती है। जो राज्य सहयोग नहीं कर रहे हमें बताएं। कोर्ट ने आगे कहा कि कई राज्य सरकारें SIR के काम में ठीक से सहयोग नहीं कर रहीं। हम बस यही चाहते हैं कि जमीन पर SIR का काम बिना किसी रुकावट के पूरा हो जाए। याचिका सनातनी संसद संगठन ने दायर की थी। इसमें कहा गया था कि बंगाल में BLO को धमकियां दी जा रहीं। ऐसे में SIR पूरा होने तक राज्य पुलिस को चुनाव आयोग के अधीन कर दिया जाए। केंद्रीय बल तैनात किए जाएं।

### मौलाना मदनी बोले-मरना मंजूर लेकिन वंदे मातरम् नहीं बोलेंगे

नई दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मरना मंजूर है लेकिन वंदे मातरम् नहीं बोलेंगे। हमें किसी दूसरे के इस राष्ट्रगीत को पढ़ने या गाने पर आपत्ति नहीं है, लेकिन मुसलमान इसे स्वीकार नहीं कर सकते। मदनी का कहना है कि वंदे मातरम् गीत के कुछ हिस्से ऐसी मान्यताओं पर आधारित हैं, जो इस्लाम के खिलाफ हैं। ?उन्होंने दलील दी कि गीत के चार अंतरों में देश को देवतुल्य मानकर देवी से तुलना और पूजा जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है। ये मुसलमानों की बुनियादी धार्मिक मान्यता के मुताबिक नहीं है। उन्होंने कहा कि वतन से मोहब्बत अलग बात है और उसकी पूजा अलग, मुसलमान सिर्फ अल्लाह की इबादत कर सकते हैं, इसलिए मर जाना मंजूर है लेकिन अल्लाह के बराबर किसी को रखना मंजूर नहीं

## झरोखा




**खजुराहो में कैबिनेट बैठक:** एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए अंतरित

# बुंदेलखंड को मिलेंगे चार मेडिकल कॉलेज

## सीएम मोहन यादव बोले- दमोह सिंचाई परियोजना मंजूर, सागर में इंडस्ट्रियल पार्क बनेगा

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभ्यारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। बैठक में छतरपुर और दमोह के मेडिकल कालेजों में पदों की स्वीकृति सहित शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन और नवीन पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई।**

विशेष प्रतिनिधि। खजुराहो

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड को भविष्य में चार मेडिकल कॉलेज मिलेंगे, जो दमोह, टीकमगढ़, पन्ना और कटनी में खोले जाएंगे। वहीं, दमोह की झापड़ नाला माध्यम सिंचाई परियोजना को 165 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। सागर से दमोह फोरलेन सड़क की सौगात भी मिल रही है, जो दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ेगी। मंगलवार को खजुराहो में कैबिनेट मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि सागर में एक बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा, जिससे 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और 24 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा। कन्वेंशन हॉल के साथ एक फाइव स्टार होटल पीपीपी मोड पर बनाने की योजना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पन्ना नेशनल पार्क को बड़ी बसों की सौगात दी गई है। मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री तीन दिन तक खजुराहो में रुके और यहां कैबिनेट बैठक की। इस दौरान कई सौगात दीं। पन्ना, दमोह, कटनी और टीकमगढ़ में अगले शैक्षणिक सत्र से मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी।




### जनवरी में बोत्सवाना से 8 चीते मप्र आएंगे

दुर्गावती अभयारण्य और नौरादेही अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापन कार्य किया जाएगा। कूनो में 28 और गांधीसागर में 2 चीते हैं। जनवरी में बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश आएंगे। एमपी में अग्निशमन सेवा विस्तार के लिए 397 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के 600 युवाओं को जर्मनी और जापान भेजने की योजना है। राज्य के 12 अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा।

### कन्वेंशन सेंटर का बेहतर उपयोग हो

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खजुराहो में कैबिनेट बैठक के साथ कई कार्यक्रम जोड़े गए। पन्ना पार्क की जंगल सफारी एक धरोहर है। यह केवल बाघों के लिए ही नहीं बल्कि हाथियों के लिए भी आदर्श स्थान बन रहा है। हाथियों का परिवार लगातार बढ़ रहा है। जंगल सफारी के लिए 10 नई कैंटर बसों की शुरुआत की गई है, जिससे बड़े ग्रुप भी साथ सफारी कर सकेंगे। त्न-20 के बाद खजुराहो कन्वेंशन सेंटर का बेहतर उपयोग हो, इसलिए यहां कैबिनेट बैठक रखी गई। कन्वेंशन सेंटर के साथ पीपीपी मॉडल पर पांच सितारा होटल संचालित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। बुंदेलखंड में रोजगार बढ़ाने के लिए सागर में इन्वेस्टर समिट की गई थी, अब सागर में नया इंडस्ट्रियल पार्क बनेगा। आर्यावर्त का नया सेंटर बनाया गया है, जहां जनजातीय समुदाय का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र विकसित किया जाएगा।

### पन्ना टाइगर रिजर्व में सफारी का मजा लिया

मंगलवार की सुबह सरकार के मंत्री पन्ना टाइगर रिजर्व की प्राकृतिक खूबसूरती और वन्यजीवों को देखने मड़ला गेट पहुंचे। प्रहलाद पटेल, विजय शाह, पन्ना के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, राज्य मंत्री लखन पटेल, दिलीप अहिरवार सहित पूरा दल पीटीआर सफारी के लिए रवाना हुआ। सफारी कर लौटकर अपना अनुभव साझा करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल और लखन पटेल ने कहा कि पीटीआर के जानवर बड़े हेल्दी हैं। एक बार नहीं बल्कि दो बार टाइगर देखने को मिले हैं।

### पीटीआर की विशेष कैप पहनाकर प्रवेश दिलाया

सुबह मड़ला गेट पर फील्ड डायरेक्टर नरेश यादव ने सभी मंत्रियों का स्वागत कर पीटीआर की विशेष कैप पहनाकर प्रवेश दिलाया। पहली बार पीटीआर में सफारी करने गए मंत्री लखन पटेल ने कहा कि बहुत अच्छा अनुभव रहा है। दो बार टाइगर के दीदार हुए हैं। वहीं दिलीप अहिरवार ने कहा- सफारी का अनुभव बहुत शानदार रहा है।

# 12वीं टॉपर को अफीम तस्करी में फंसाया, 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड

### मंदसौर एसपी ने मानी गलती; हाईकोर्ट का सवाल- क्या युवक 10 साल फैसले का इंतजार करेगा?

मंदसौर

मंदसौर के मल्हारगढ़ में 18 वर्षीय छात्र को बस से उठाकर NDPS एक्ट के तहत अफीम तस्करी के केस में फंसाने के आरोपों पर मंगलवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा स्वयं अदालत में पेश हुए और स्वीकार किया कि युवक को पकड़ने वाली पुलिस टीम मल्हारगढ़ थाने की ही थी। एसपी ने कोर्ट को बताया कि मामले में निर्धारित जांच प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। इसके चलते 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। लंबी बहस के बाद हाईकोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया है। परिजनों के अनुसार सोहन 12वीं में फर्स्ट डिवीजन से पास होनहार छात्र है और पीएससी की तैयारी करना चाहता था। वह 29 अगस्त को रिश्तेदारों से मिलने मंदसौर आया था, तभी उसे झूठे केस में फंसा दिया गया।

### कोर्ट का तीखा सवाल - क्या युवक 10 साल तक इंतजार करेगा?

सरकार की ओर से कहा गया कि स्थिति ट्रायल कोर्ट में स्पष्ट हो जाएगी। इस पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पूछा तो क्या आरोपी युवक 10 साल तक फैसले का इंतजार करता रहेगा? कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि जब मल्हारगढ़ थाने में 55 पुलिसकर्मी पदस्थ हैं, तब भी कानूनी प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं हुआ।

### सीसीटीवी से पलटा पूरा मामला

परिजनों ने ट्रैवल्स कंपनी से बस का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया। फुटेज में साफ दिखा कि सुबह 11:39 बजे कुछ पुलिसकर्मी बस में चढ़े और सफेद शर्ट पहने सोहन को जबर्दस्ती उतारा गया। उसी दिन शाम 5:17 बजे उसके खिलाफ अफीम का केस दर्ज हुआ। यह वीडियो हाईकोर्ट में पेश किया गया, जिससे पुलिस का दावा कमजोर पड़ गया।

## सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में 10% कटौती की

**नईदिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में लगातार 8 दिन से चल रहे संकट के बीच सरकार ने इंडिगो पर भी सख्त एक्शन लिया है। सोमवार को सिविल एविएशन मंत्रालय की हाई लेवल मीटिंग के दौरान एयरलाइन की 10त्न फ्लाइट्स में कटौती का निर्देश जारी किया गया। यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 230 फ्लाइट्स घट जाएंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक DGCA को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है। इधर केंद्र ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बडे एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं।

# खजुराहो के रिसॉर्ट में खाना खाने से तीन कर्मचारियों की मौत, 5 गंभीर

### डॉक्टर बोले- फूड पॉइजनिंग हुआ; परिजन का चक्काजाम, पीएम-सीएम के पोस्टर फाड़े

छतरपुर/ग्वालियर



छतरपुर जिले के खजुराहो में गौतम रिसॉर्ट में खाना खाने के बाद कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई। 9 कर्मचारियों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया। ग्वालियर जाते समय दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि एक की जेएएच अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। मृतकों की पहचान रामस्वरूप कुशवाह, गिरजादेवी और प्रागी लाल के रूप में हुई। घायलों में दयाराम, हार्दिक, रवि, रोशनी और गोलू शामिल हैं। रवि, रोशनी और गोलू वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। फॉरेंसिक विभाग के अनुसार, मौत फूड पॉइजनिंग से हुई या जहर से, यह तय करने के लिए केमिकल टेस्ट (बिसरा जांच) जरूरी है। तीनों शवों को बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है।कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मृतकों के परिजनों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। रिसॉर्ट को प्रशासन ने सील कर दिया है। रिसॉर्ट के मालिक विनोद कुमार गौतम वर्तमान में बेल्जियम में रहते हैं।

### पटवारी बोले- सत्ता के महलों में बैठे मंत्री मौन हैं

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- जिस खजुराहो में कैबिनेट, उसी जिले में मौतें हो गईं, लेकिन सत्ता के महलों में बैठे मंत्री मौन हैं। 9 पीड़ित अस्पताल पहुंचाए गए, किंतु निर्लज्जता से भरी हुई निर्मम सरकारी कुर्सियां, उसी इलाके में सरकारी खर्चे पर मौज करती रहीं।

# गुजरात: 6 साल की बच्ची से निर्भया जैसी घटना

### रेप में नाकाम रहने पर गुप्तांग में रॉड डाल दी, आरोपी गिरफ्तार

राजकोट

गुजरात में राजकोट जिले के अटकोट में निर्भया कांड जैसी घटना सामने आई है। आरोपी ने छह साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश की। नाकाम रहने पर उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड डाल दी। बच्ची को राजकोट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए करीब 100 संदिग्धों से पूछताछ की। इसके बाद रामसिंह तेरसिंह की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मध्य प्रदेश के अलीराजपुर का रहने वाला है। दाहोद जिले का एक मजदूर परिवार अटकोट थाना अंतर्गत एक गांव के पास खेत में मजदूरी करता है। 4 दिसंबर को जब परिवार खेत में काम कर रहा था, तब उनकी छह साल, आठ महीने की बेटी वहीं खेल रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की। आरोपी ने बच्ची का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब बच्ची चीखी तो उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड जैसा धारदार हथियार डाल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी लहूलुहान बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया। जब परिजनों ने बच्ची की तलाश शुरू की, तो वह पास में ही खून से लथपथ मिली। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे तुरंत राजकोट के अस्पताल ले गए। बच्ची का फिलहाल इलाज चल रहा है।

# भारत के कारण अमेरिकी किसानों को घाटा: ट्रम्प



वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाली खाद पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। उनका कहना है कि दूसरे देशों से आने वाला सस्ता सामान अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। ट्रम्प ने यह बात सोमवार को व्हाइट हाउस में उस समय कही, जब वे किसानों के लिए नई आर्थिक मदद की घोषणा कर रहे थे। ट्रम्प ने कहा कि भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देश अमेरिका में बहुत सस्ता चावल बेच रहे हैं, जिससे यहां के किसानों की कमाई कम हो रही है। उन्होंने इसे %डंपिंग% बताया और कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने अपने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से पूछा कि क्या भारत को चावल के मामले में किसी तरह की छूट मिली हुई है। मंत्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर अभी बातचीत चल रही है।

**सदन** चुनाव आयोग को कंट्रोल कर रही; SIR पर सदन के सामने 3 मांगें रखीं

# भाजपा चुनाव सुधार नहीं चाहती: राहुल

नईदिल्ली

राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार (SIR) पर 28 मिनट की स्पीच दी। कहा कि RSS और BJP देश की संस्थाओं पर कब्जा कर रही हैं। इनमें चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, आईबी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट शामिल हैं। इससे साफ है कि बीजेपी चुनाव आयोग को कंट्रोल और निर्देशित (डायरेक्ट) कर रही है। इससे लोकतंत्र को नुकसान हो रहा है। राहुल की स्पीच के दौरान 5 बार हंगामा हुआ। हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल के जिक्र के समय कांग्रेस सांसदों द्वारा मॉडल की तस्वीर दिखाने पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। कहा- ऐसे सदन नहीं चलेगा। **सपा चीफ अखिलेश यादव:** सरकार और चुनाव आयोग मिलकर SIR के बहाने अंदर ही अंदर NRC वाला काम कर रहे हैं। यूपी के सीएम कह रहे हैं कि हम डिटेंशन सेंटर बना रहे हैं। जो ये खुलकर नहीं कर सकते हैं वो SIR के बहाने कर रहे हैं। **TMC सांसद कल्याण बनर्जी:** SIR वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है।



### 3 मांगें रखीं, कहा- EVM देखने दी जाए

1. मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले दी जानी चाहिए।
2. CCTV फुटेज डिस्ट्रॉय करने का नियम भी बदला जाना चाहिए।
3. चुनाव के बाद ईवीएम देखने के लिए दी जाए। वोट चोरी से बड़ा कोई एंटी नेशनल काम नहीं है। सरकार चुनाव सुधार नहीं चाहती।

### 3 सवाल पूछे

1. चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से CJI को क्यों हटाया गया।
2. दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।
3. चुनाव के 45 दिन बाद CCTV फुटेज क्यों डिलीट किए।

# लोगों से 30-40 पेज के फॉर्म न भरवाएं : मोदी

नई दिल्ली



पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि मैं फालतू पेपरवर्क और 30-40 पेज के फॉर्म का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। हमें नागरिकों के दरवाजे पर सर्विस देनी होगी, बार-बार डेटा जमा करने की जरूरत को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें असुविधा नहीं होनी चाहिए। नियम और कानून अच्छे हैं, लेकिन सिस्टम को ठीक करने के लिए लोगों को परेशान करना सही नहीं है। पीएम ने यह बात संसद की लाइब्रेरी बिल्डिंग (NDA) की संसदीय दल की बैठक में मंत्रियों और सांसदों से कही। बिहार विधानसभा चुनाव में NDA की जीत पर प्रधानमंत्री का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार जीत के शिल्पकार हैं।

# 10 लाख के जेवरात चोरी, 9 दिन बाद मामला दर्ज

## फरियादिया भोपाल से सागर आई थी रिश्तेदारी में शामिल होने

**आचरण संवाददाता**

सागर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आने वाले कीवी ब्यूटी सैलून से 30 नवंबर को भोपाल की महिलाओं के 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जेवर चोरी हुई थी। इस मामले में महिलाओं ने शिकायत पुलिस में की थी। लेकिन पुलिस ने घटना के 9 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण पुलिस की कार्यप्रणानी पर गहरा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। पीड़िता पक्ष ने 4 दिसंबर को थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई थी।

### ब्यूटी पार्लर संचालक ने की अभद्रता

मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंची पीड़ित महिलाओं ने बताया कि वे 30 दिसंबर को शादी समारोह में भोपाल से सागर आई थी। जहां सिविल लाइंस स्थित कीवी ब्यूटी सैलून हैं में ब्यूटी ट्रीटमेंट के दौरान जेवर हटाकर बैग में रख दिए थे। जिन्हें उसी दौरान चोरी कर लिया गया। चोरी का पता चलने के बाद जब उन्होंने सैलून संचालक से वीडियो फुटेज दिखाने को कहा तो अभद्रता और जानकारी छुपाने का सामना करना पड़ा। शिकायत के बावजूद अभी तक चोरी की उचित एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

साथ ही पुलिस ने एफआई आल जो दर्ज की है उसमें चोरी गए गहनों की कीमत महज 3 लाख रुपए आंकी है, जबकि चोरी गए गहनों की वास्तविक कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है।

### पीड़ित पक्ष ने लगाए आरोप

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि ब्यूटी सैलून संचालक ने पुलिस विभाग के किसी रिश्तेदार की आड़ लेकर पुलिस पर दबाव बनाया है। जिसके कारण पुलिस सही तरह से कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस के इस संदिग्ध रवैये को लेकर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा और प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल से मुलाकात कर मामले में जल्द जांच और कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में उच्च स्तर की जांच कर तत्काल संदेहियों पर कार्रवाई कर कीवी ब्यूटी पार्लर संचालक और स्टाफ समेत पुलिस के संदेहित अधिकारियों के खिलाफविशेष जांच दल गठित करने व चोरी के जेवरात बरामद कर पीड़ितों को तुरंत सौंपने की मांग की। एसपी से शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस ने आनन फानन में दिखावटी एफआईआर तो दर्ज कर ली है लेकिन चोरी गए जेवर की कीमत को तीन लाख रुपए ही आंका गया।

# चर्चित हत्याकांड: मुख्य गवाह और दोस्त की आत्महत्या के बाद आया फैसला, चारों आरोपी दोषमुक्त

**आचरण संवाददाता**



सागर। चर्चित दशरथ साहू हत्याकांड मामले में सागर की नवम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश सिंह की अदालत ने चारों अभियुक्त प्रिंस ठाकुर, समीर उर्फ बलवीर पाल, सचिन पटेल और श्रीपाल भदौरिया को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय का यह फैसला इसलिए भी खास है क्योंकि मृतक की पत्नी और मामले की मुख्य गवाह प्रिया साहू और उनके दोस्त दुर्गेश सोनी ने फैसला आने से पहले ही भोपाल में आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में अभियुक्तों की तरफ से पैरवी एड. रमन जैन ने की।

### क्या था पूरा मामला?

यह मामला 24 जनवरी 2024 की रात का है। भोपाल निवासी दशरथ साहू, अपनी पत्नी प्रिया साहू और दोस्त दुर्गेश सोनी के साथ सागर में थे। सागर के बहेरिया पंचायत भवन मेन रोड के पास इन तीनों का विवाद चारों आरोपियों से हुआ था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अभियुक्तों ने लात-घूसों से दशरथ साहू, प्रिया साहू और दुर्गेश सोनी के साथ मारपीट की। इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल दशरथ साहू को भोपाल रेफर किया गया, जहां अगले ही दिन 25 जनवरी 2024 को एम्स हॉस्पिटल में उनकी मृत्यु हो गई थी।पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या), 323 (चोट पहुंचाना), 506 (आपराधिक धमकी) और 294 (अश्लील कार्य) के तहत मामला दर्ज कर आरोप पत्र पेश किया था।

### मुख्य गवाह प्रिया व अन्य ने भोपाल में की थी सुसाइड

सागर में हुई इस वारदात के लगभग छह महीने बाद, 24 जुलाई 2024 को मृतक दशरथ साहू की पत्नी व मामले की चश्मदीद गवाह प्रिया साहू और उनके दोस्त दुर्गेश सोनी ने भोपाल के बड़े तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। प्रिया साहू अपने पति पर हुए हमले की मुख्य गवाह थीं। दोनों की मौत तब हुई जब सागर कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी और अगली तारीख 26 जुलाई 2024 तय थी। उस समय उनके परिजनों ने आरोप लगाया था कि गवाहों पर राजीनामा करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

### साक्ष्यों की कमी बनी बरी होने का आधार

मुख्य गवाहों की मौत के बाद अभियोजन पक्ष के लिए आरोपियों के खिलाफ अपराध को संदेह से परे साबित करना लगभग असंभव हो गया था। न्यायालय ने अपने फैसले में पाया कि अभियोजन पक्ष, आरोपीगण के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को स्थापित करने में विफल रहा। साक्ष्य के अभाव और कमजोर गवाही के आधार पर, नवम अपर सत्र न्यायाधीश, सागर ने प्रिंस ठाकुर, समीर उर्फ बलवीर पाल, सचिन पटेल और श्रीपाल भदौरिया को धारा 304 समेत सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

# लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**आचरण संवाददाता**

सागर। मोतीनगर थाना पुलिस ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से लूट में प्रयोग की गई स्कूटी भी जब्त की है। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को विवेकानंद वार्ड निवासी 22 वर्षीय फरियादिया ने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें उसने बताया था कि वह अपने पति नीलेश साहू के साथ मीरा हॉस्पिटल के पास ऑनलाईन सामान की दुकान संचालित करती हैं। 5 दिसम्बर 25 की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे चार युवक यश सोनी, निशांत यादव, अजय पटेल और प्रशांत पटेल दुकान पर आए और चाकू दिखाकर धमकाया, जिससे घबराकर फरियादिया के पति दुकान के अंदर चले गए। इसी दौरान आरोपी यश सोनी काउंटर पर रखे 10 हजार रुपये लेकर भाग गया। पीछा करने पर फरियादिया द्वारा आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया, परंतु उसने धक्का देकर भाग निकला। सभी आरोपी बाइक एवं दौड़कर गली की तरफ भाग गए। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर धारा 394 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सूत्रों एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर आरोपी निशांत पिता जगतराज यादव निवासी राजीवनगर वार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पूछताछ पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी (कीमती लगभग 50 हजार रुपए) बरामद कर जब्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### आरोपी पर मामले दर्ज

थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है एवं उसके विरुद्ध अन्य प्रकरण भी दर्ज हैं।

## 180 गरीब बच्चों को ऊनी स्वेटर प्रदान की गई

**सागर,आचरण।** भारतीय जैन संघटना सागर संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन लालो एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश सिंघई ने बताया कि सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था बीजेएस के द्वारा जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों को ठंड से निजात पाने के लिए ऊनी स्वेटर वितरण का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक जिला सचिव राजेंद्र जैन शिक्षक ने बताया कि द्वितीय चरण में आबचंद जैन अतिशय तीर्थ, ग्राम मे गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को 180 ऊनी स्वेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संतोष जैन , श्रीमती जैन, मनीष जैन, राजेंद्र जैन शिक्षक , वीरेन्द्र सिंह व भरदे जैन संघटना के सदस्यगण एवं अन्य समाज के बंधु उपस्थित रहें।

# डॉ. भार्गव प्रो. प्रेसिडेंट पद पर नियुक्त

**सागर,आचरण।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 'ए' श्रेणी प्राप्त माधव विश्वविद्यालय में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने डॉ. सुशील भार्गव को प्रो-प्रेसिडेंट पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से विश्वविद्यालय के शिक्षण, प्रशासनिक और अनुसंधान कार्यों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद है। डॉ. सुशील भार्गव उच्च शिक्षा और प्रशासन के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत अनुभवी शिक्षाविद् हैं। उन्होंने अनेक प्रमुख शिक्षण संस्थानों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदृष्टि और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति के अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मतसिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, अनुसंधान अधिष्ठाता डॉ. पवन कुमार, होम्योपैथी निदेशक डॉ. भारती देसाई, डिप्टी रजिस्ट्रार डूंगर सिंह सहित सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारीगण ने डॉ. भार्गव को शुभकामनाएं दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। डॉ. सुशील भार्गव ने कहा कि वे विश्वविद्यालय की शिक्षा-गुणवत्ता, शोध-गतिविधियों, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने टीम-भावना के साथ कार्य करते हुए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का संकल्प व्यक्त किया। डॉ सुशील भार्गव एमपी के जिला सागर ग्राम बांसा निवासी महेश दत्त भार्गव के बड़े सुपुत्र हैं एवं स्वर्गीय पंडित कमलाकर भार्गव के नाती है।

### जनचौपाल एवं मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण शिविर आज

**सागर,आचरण।** महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु ,आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल एवं मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण शिविर का आयोजन 10 दिसंबर बुधवार को प्रातः 11 बजे से नरयावली नाका एवं गांधी चौक वार्ड के नागरिकों हेतु रामबाग मंदिर के पास छोटी अस्पताल के पास चमेली चौक में आयोजित किया गया है। वार्ड के नागरिकों से अनुरोध है कि शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं।

# आईएमए ने बीएमसी को सौंपे आधुनिक सर्जरी उपकरण

**आचरण संवाददाता**




सागर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए) सागर शाखा के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने मंगलवार को बुंदेलखंड शासकीय मेडिकल कॉलेज जनरल सर्जरी विभाग को आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता वाले सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स दान में दिए। ये विशेष उपकरण मुख्य रूप से पेट की जटिल सर्जरियों में उपयोग होंगे, जिससे मरीजों को कम दर्द, जल्दी रिकवरी और बेहतर परिणाम मिल सकेंगे। इस दान की सराहना करते हुए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पीएस ठाकुर ने कहा कि आईएमए का यह कदम सराहनीय है। इन इंस्ट्रूमेंट्स से न केवल हमारे सर्जरी विभाग की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि बुंदेलखंड के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज मुफ्त में उपलब्ध हो सकेगा। दान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. तल्हा साद ने कहा कि बुंदेल खंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में भी हर मरीज को उच्च कोटि की चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। मंगलवार को दिया गया यह छोटासा योगदान हजारों मरीजों की जिंदगी में बड़ा बदलाव लाएगा। निकट भविष्य में हम मेडिकल कॉलेज के अन्य विभागों को भी आवश्यक उपकरण दान करेंगे।

इस अवसर पर आईएमए सागर की सचिव डॉ. रोशी जैन, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. सुनील सक्सेना, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद इलयास, डॉ. दुष्यंत रोहित, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा, डॉ. शशि बाला, डॉ. संजय प्रसाद सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को डॉक्टरी सेवा की सच्ची भावना करार दिया। आईएमए सागर की यह मुहिम निश्चित रूप से क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाई देगी और अन्य संस्थानों एवं व्यक्तियों को भी परोपकार के लिए प्रेरित करेगी।

# नाबालिग बालिका को पुलिस ने खोजा

### इंस्टाग्राम रील बनी मिलन का माध्यम, बचपन में गुम हुई बेटी सकुशल मिली

**आचरण संवाददाता**



सागर। चौकी मंडी बामौरा पुलिस ने 17 साल पहले गुमी एक 10 वर्षीय को खोज निकाला है। खोजी गई बच्ची वर्तमान में 27 साल की हो गई है। पुलिस उसे उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी 2008 को चौकी में 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के गुम होने पर परिजन की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम किया गया था। बाद में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार गुमशुदा नाबालिगों के प्रकरण में अपराध दर्ज किए जाने के निर्देश के पालन में थाना बीना में वर्ष 2014 में धारा 363 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रेन से पहुंची अहमदाबाद

2008 में यह बच्ची जब घर से गायब हुई थी तो वह किसी तरह ट्रेन में बैठकर अहमदाबाद पहुंच गई थी। जहाँ कुछ सामाजिक संवेदनशील लोगों को वह मिली, जिन्होंने वर्षो तक उसे सुरक्षित रखकर पाला-पोसा और शिक्षा दी। बच्ची अपने नाना-नानी (भोपाल) का स्थान बता पाती थी, इसलिए वे लोग उसे भोपाल भी लेकर पहुँचे, लेकिन सटीक पता न मिलने के कारण परिवार का मिलान नहीं हो पाया।

### रील में मंडीबमौरा का बोर्ड देखा

कई वर्षों बादए अब बालिग हो चुकी बालिका ने इंस्टाग्राम पर रील देखते समय एक वीडियो में मंडीबामोरा रेलवे स्टेशन का बोर्ड देखा, जिसे देखकर उसकी पुरानी यादें ताज़ा हो गईं। उसने यह बात अपने पति को बताई और दोनों ने मंडीबामोरा पुलिस चौकी से संपर्क किया। चौकी प्रभारी एवं स्टाफ ने इस संवेदनशील मामले को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए बच्ची और उसके पति को मंडीबामोरा बुलाया व परिवार की खोज कर उन्हें चौकी पर बुलाया। इस दौरान बच्ची अपने माता-पिता को पहचान नहीं पाई, किंतु पिता ने बेटी को देखते ही उसके माथे पर पुराने चोट के निशान के आधार पर पहचान लिया। यह मिलन का क्षण अत्यंत भावुक और मार्मिक रहा। सभी की आंखें नम हो गई और परिवार व उपस्थित लोग रो पड़े। परिवार ने पुलिस प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बड़ा सुखद क्षण है।

# अनुपस्थित मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करने के निर्देश

**सागर,आचरण।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एस आई आर सर्वे) के तहत यह सुनिश्चित करने के लिए कि सागर विधानसभा क्षेत्र के किसी भी सही एवं पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न हो, नगर निगम आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री द्वारा मंगलवार सुबह राजीव नगर वार्ड में बीएलओ के साथ वार्ड के भाग संख्या 104 की मतदाता सूची का वाचन कराया तथा सूची में दर्ज नामों का स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में मिलान कर अनुपस्थित मतदाताओं की जानकारी एकत्रित की। इस दौरान श्री खत्री ने बताया कि निर्वाचन कार्य एक अत्यंत संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक पात्र मतदाता का पंजीकरण सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे, इसके लिए प्रत्यक्ष रूप से वार्डों का भ्रमण कर तथ्यात्मक स्थिति की जानकारी ली जा रही है। वाचन प्रक्रिया के दौरान जिन मतदाताओं के बारे में अनुपस्थिति की जानकारी प्राप्त हुई, उनके सत्यापन के लिए निगमायुक्त ने बीएलओ को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने सागर विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो मतदाता अनुपस्थित पाए गए हैं,उनके लिए संबंधित वार्डों में जनचैपाल शिविर आयोजित किए जाएँ और सूची का वाचन किया जाए तथा स्थानीय नागरिकों से सीधे जानकारी लेकर वास्तविक स्थिति का निर्धारण किया जाए, जिससे किसी भी सही एवं पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए तथा प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम प्रशासन द्वारा इस संबंध में सक्रियता से कार्य किया जा रहा है ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# नगर निगम क्षेत्र के पुरव्याऊ एवं शास्त्री वार्ड हुए डेयरी मुक्त




**आचरण संवाददाता**

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर को डेयरी मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पुरव्याऊ वार्ड एवं शास्त्री वार्ड को पूरी तरह डेयरी मुक्त कर दिया गया है। नोटिस, समझाइश तथा आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों वार्डों से सभी डेयरियों को सफलतापूर्वक शहर से बाहर शिफ्ट कराया गया है।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने दोनों वार्डों के डेयरी संचालकों को शहर हित में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन स्थल पर डेयरी संचालकों को सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु पूर्ण रूप से प्रयासरत है।

निगमायुक्त ने कहा कि शहर को पशु विचरण मुक्त बनाने का उद्देश्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को बेहतर शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि हफसिली में विकसित डेयरी जोन में पानी, शेड, सड़क, बिजली सहित सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि डेयरी संचालक बिना किसी परेशानी के अपना व्यवसाय जारी रख सकें। उन्होंने शेष डेयरी संचालकों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित स्थल पर शीघ्रता से शिफ्ट होकर शहर हित में सहयोग प्रदान करें। सहायक अतिक्रमण अधिकारी कृष्ण कुमार चैरसिया एवं अतिक्रमण प्रभारी राजू रैकवार ने बताया कि दोनों वार्डों शास्त्री वार्ड एवं पुरव्याऊ वार्ड में वर्षों से संचालित डेयरियों को नोटिस एवं समझाइश देने के बाद चरणबद्ध ढंग से विस्थापित किया गया, इसके पूर्व 3 वार्डों काकागंज, भगवानगंज और सुभाषनगर वार्ड डेयरी मुक्त हो चुके हैं। डेयरी विस्थापन कार्रवाई से न तो नागरिकों को असुविधा हुई और न ही डेयरी संचालकों को। नगर निगम द्वारा डेयरी विस्थापन की कार्रवाई अन्य वार्डों में भी निरंतर जारी है।

## सांसद खेल महोत्सव का तीसरा दिन

# एल्कॉन नरयावली व जॉय कैंपियन ने सेमीफ़ाइनल में बनाई जगह

**आचरण संवाददाता**



सागर। कजलीवन ग्राउंड सदर सागर में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन फुटबॉल प्रतियोगिता के कुल पाँच मैच खेले गए, दिनभर चले रोमांचक खेल में जहाँ खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, वहीं बालिका वर्ग के एकमात्र मैच ने दर्शकों का विशेष ध्यान खींचा। जिसमें बालिका वर्ग में एल्कॉन स्कूल नरयावली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ज्वॉय कैंपियन स्कूल सागर को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच की शुरुआत से ही एल्कॉन की टीम पूरी तरह हावी दिखी। बेहतर पासिंग, तेज़ गति और रणनीति का प्रभाव मैच के अंत तक विरोधी टीम पर साफ दिखाई दिया।

दूसरे मुकाबले में निर्मल ज्योति बीना और ज्वॉय कैंपियन स्कूल के बीच कड़ा संघर्ष देखने मिला। दोनों टीमों ने शुरुआती समय में गोल के कई मौके बनाए, पर गोल करने में सफल नहीं हो सकीं परंतु ज्वॉय कैंपियन के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाया और एक बेहतरीन मूव को गोल में बदलते हुए मैच को 1-0 से अपने नाम किया। जीत के साथ ज्वॉय कैंपियन स्कूल ने अगले दौर में जगह पक्की की। पाँचवें मुकाबले में ताज स्टार क्लब और टाइटन क्लब आमने-सामने हुए। दोनों टीमों ने मजबूत डिफेंस और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। तीसरे दिन का पहला मैच जो एल्कॉन हायर सेकेंडरी स्कूल और ज्वॉय कैंपियन स्कूल के बीच खेला गया, जिसने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। अल्कॉन स्कूल ने शुरुआत से ही विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। हाफ टाइम से पहले खुशी पटेल ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके पाँच मिनट बाद परी साहू ने शानदार प्रहार से दूसरा गोल दाग दिया।

इसके बाद आकृति सौर ने गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी आकृति ने एक और गोल जोड़ते हुए टीम को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। अंत तक स्कोर बरकरार रहा और अल्कॉन ने शानदार जीत दर्ज की। आज के मैच में पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद कबीरपंथी, डॉ. विवेक बी साठे ने टूर्नामेंट के प्रभारी बलवंत सिंह राठौर के साथ ग्राउंड पर पहुंच कर खिलाड़ियां का परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इन मैचों के निर्णायक इकराम खान, शेख कयूम, पिंकोदव, दविंदर भाटिया तथा सह निर्णायक राजकुमार रजक, सावन खान, फोर्थ निर्णायक देवेन्द्र महंत रहे तथा मैच के दौरान हमीद मकरानी, सतीष भारद्वाज, यूसूफ सिद्दकी, हैदर मकरानी, रोहित रजक, नासिर मकरानी का सहयोग रहा।

### जनसुनवाई में हुई 174 आवेदनों पर कार्यवाही

**सागर,आचरण।** मंगलवार को जनसुनवाई में 174 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आरती यादव, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

### बैठक आज

**सागर,आचरण।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद नोडल अधिकारी ने बताया कि गुप्तकालीन एरण में संस्कृति विभाग द्वारा प्रस्तावित एरण महोत्सव के आयोजन के संबंध में कार्यक्रम व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु 10 दिसंबर 2025 को दोपहर 2 बजे, कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। संस्कृति संचालनालय, भोपाल द्वारा निर्देशों के अनुसार, दो दिवसीय एरण महोत्सव के आयोजन हेतु कला पंचांग में 12 से 14 जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की गई है।

# विश्वविद्यालय में राजभाषा कार्यशाला सम्पन्न

**आचरण संवाददाता**

सागर। 'न केवल भारत के गांव-गांव में बल्कि सम्पूर्ण विश्व में हिंदी की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, इसके प्रचार-प्रसार में संचार माध्यकम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पत्र-पत्रिकायें, समाचार-पत्र, आकाशवाणी, दूरदर्शन, रेडियो, सिनेमा, सोशल मीडिया तथा अन्य जनसंचार माध्यमों द्वारा हिंदी को घर-घर पहुंचाने का काम अनवरत जारी है। यह बात विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु आयोजित हिंदी कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित आकाशवाणी, सागर के कार्यक्रम अधिकारी दीपक निषाद ने कही। आकाशवाणी द्वारा प्रसारित विभिन्न कार्यक्रमों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि भाषायी गाम्भीर्य को बरकरार रखते हुए आकाशवाणी द्वारा भारत के दूरस्थ स्थित अंचलों तक हिंदी भाषा एवं उसके साहित्यों को प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। कार्यशाला के संयोजक तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने बताया कि भाषा शिक्षण में मल्टीमीडिया का उपयोग विश्वविद्यालयी पठन-पाठन में प्रचुरता से किया जा रहा है। हिंदी शिक्षण हेतु पाठ्य सामग्री भी इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध है जिसका उपयोग



मोबाइल पर भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कार्यालयीन कामकाज में भी यूनिकोड, कंठस्थो, अनुवाद सारथी, हिन्दी शब्द सिंधु आदि टूल्स, फाण्ट एवं हिंदी शब्द कोश के प्रयोग में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने बताया कि जनसंचार माध्यमों से राजभाषा के प्रचार-प्रसार को गति मिली है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय एकता, प्रशासनिक सुगमता तथा सांस्कृतिक एकजुटता में भी संचार माध्यबमों का महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यशाला में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मोहन टी.ए., सहायक कुलसचिव राजकुमार पाल एवं दीपक कुमार शाक्य, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ. से डॉ. रूपेन्द्र जुगल चौरसिया एवं सचिन सिंह गौतम, विधि अधिकारी ब्रजभूषण सिंह ठाकुर, ईएमएमआरसी के प्रोड्यूसर माधव चंद्रा, अनुभाग अधिकारी रजनीश जैन, गोपाल प्रसाद रोहित, मंजु कुर्मी, शशि श्रीवास्तव, अनिल कुमार राठौर, विजय कुमार रजक, आकांक्षा पाण्डेय, प्रज्ञा गौर, शिवानी चौरसिया, रितु ठाकुर, पारुल गौड़, प्रियंका भदौरिया, दमयंती प्रजापति, रघुराज सिंह ठाकुर, आदित्यय बरमैया, अनस खान, अजब सिंह, मनोज कुमार कावड़े, रेवा राम पटेल, अमन जैन, देवेन्द्र कुमार सिलार, निशांत सोनी, संजय पटेल, महेन्द्र कुमार बाथम, शेखर हेडाऊ, हर्ष शांडिल्य, हर्ष तिवारी, महेन्द्र गौतम, नीतेश जैन, प्रवीण साहू प्रभांशु तिवारी एवं अंकित जैन सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, अनुभागों एवं कार्यालयों में पदस्थ लगभग 50 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला का संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग विनोद रजक का रहा।

# राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस पर अधिवक्ता लॉ डायरी का विमोचन



**आचरण संवाददाता**

सागर। जिला अधिवक्ता संघ सागर द्वारा राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम. के. शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा भाजपा नेता अविराज सिंह द्वारा शिव तांडव स्तोत्र के वाचन से हुआ। स्वागत भाषण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत ने दिया। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश पांडे ने अपने संबोधन में अधिवक्ताओं की समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्टेट बार काउंसिल की उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि रितु जैन ने भी न्यायिक व्यवस्था और अधिवक्ताओं की चुनौतियों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने विधायक जैन के समक्ष परिसर में टीन शेड निर्माण कार्य तथा फर्श निर्माण कार्य की मांग रखी, जिस पर विधायक जैन ने सहमति देते हुए इन कार्यों को जल्द पूरा कराने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक जैन ने अधिवक्ता संघ को अपनी ओर से 100 कुर्सियाँ भेंट कीं, जिनका विमोचन भी कार्यक्रम में किया गया। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री एम. के. शर्मा ने विधायक जैन द्वारा सागर शहर के पुनर्निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का अभिन्न और अत्यंत महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनकी भूमिका न्याय की नींव को मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ के इस आयोजन को सराहनीय बताया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज का बौद्धिक आधारस्तंभ हैं और न्याय व्यवस्था उनके बिना पूर्ण नहीं हो सकती। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रकाशित अधिवक्ता लॉ डायरी का विमोचन करते हुए संघ के कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिवक्ताओं की सभी उचित समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव सहयोग प्रदान करेंगे। मंचासीन अतिथियों में विशेष न्यायाधीश श्री प्रदीप सोनी एवं परिवार न्यायालय के विशेष न्यायाधीश अखिलेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों महेन्द्र सिंह कौरव (उपाध्यक्ष), वीरेंद्र सिंह राजपूत (सचिव), योगेंद्र स्वामी (पुस्तकालय अध्यक्ष), आलोक त्यागी (कोषाध्यक्ष), मनोज कुमार सेन (सह सचिव), अनीता राजपूत (कार्यकारिणी सदस्य), आदित्य बलैया एवं दीपक शर्मा (पुरुष कार्यकारिणी सदस्य), पंकज त्रिवेदी श्यामसुंदर सेन - सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव वीरेंद्र सिंह राजपूत ने किया।

# वृंदावन में श्री प्रेमानंद जी महाराज ने प्रेम से देखा रंग के साथी ग्रुप के चित्रकारों द्वारा बनाए चित्रों को

**आचरण संवाददाता**

सागर। कहते हैं जहां चाह हो,वहां सब रास्ते आसान हो जाते हैं.. यही बात यथार्थ हुई रंग के साथी कलाकारों के साथ.. रंग के साथी ग्रुप चित्रकारी क्षेत्र में हमेशा कुछ नया और कुछ अलग करने का प्रयास करता रहता है.. संस्था का उद्देश्य सिर्फ चित्रकला सिखाना नहीं अपितु चित्रकला के माध्यम से अपने शहर सागर का नाम पूरे प्रदेश एवं देश में आगे बढ़ाना है....इसी उद्देश्य को लेकर 15 चित्रकारों ने श्री प्रेमानंद महाराज जी के 15 अलग अलग मुद्राओं के चित्रों को अलग-अलग रंगों से कैनवास पर बनाया..उद्देश्य था इन चित्रों को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को दिखाना एवं वृंदावन जाकर श्री प्रेमानंद महाराज जी को सामने से मिलकर इन चित्रों को दिखाना..

रंग के साथी ग्रुप के चित्रकार अपने चित्रों को लेकर वृन्दावन गए परन्तु श्री प्रेमानन्द जी से मिलना इतना आसान नहीं था.. विधायक श्री शैलेंद्र जैन एवं श्रीमती अनु श्री जैन के माध्यम से और वहां जाकर अपने कुछ प्रयासों से ग्रुप के कलाकारों ने श्री प्रेमानंद जी महाराज को इन सारे चित्रों को नजदीक से दिखाया.... इन चित्रों को देखकर श्री प्रेमानंद जी महाराज अभिभूत एवं प्रसन्न हुए उन्होंने पूछा यह सब चित्र आप सबने अपने हाथों से बनाये है...रंग के साथी ग्रुप के असरार ने पूरे विस्तार से इन चित्रों के बारे में बताया...श्री प्रेमानंद जी महाराज ने अपनी खुशी जाहिर की एवं आशीर्वाद स्वरुप सभी कलाकारों को चुनरी एवं कुछ मुद्राएं भेंट की....महाराज जी की भेंट के पश्चात रंग के साथी ग्रुप के



कलाकारों ने केली कुंज परिसर के बाहर कुछ देर इन चित्रों को पब्लिक को दिखाने के लिए प्रदर्शित किया..चलते हुए राहगीरों और वृंदावन के लोगों ने इन चित्रों को नजदीक से देखा एवं चित्रों के बारे में और रंग के साथी के बारे मे कलाकारों की जानकारी ली...

जो चित्रकार वृंदावन गए उसमें असरार अहमद,अंशिता बजाज वर्मा, मोनिका जैन,अंजू मिश्रा, अभिषेक जैन अर्चना तंतुवाय, वैशाली वैद्य, रश्मि पवार, खुशी जैन, खुशाली साहू,कार्तिक तिवारी, एवं अक्षय दुबे शामिल थे।

## मतदाता सूची का वाचन किया गया

**सागर,आचरण।** मकरोनिया में मंगलवार को ज्योति नगर स्थित वार्ड क्रमांक 2 में आंगनबाड़ी केंद्र पर विधायक प्रदीप लारिया की उपस्थिति में एएस डीआर मतदाता सूची का वाचन प्रदीप ठाकुर बीएलओ बी एल ए 2 की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैन सिंह ठाकुर नरेंद्र तिवारी अनुविभागी अधिकारी अमन मिश्रा मुख नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार शर्मा पार्षद विवेक सक्सेना हरलाल साहू आदि उपस्थित रहे।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर व्याख्यान आज

**सागर,आचरण। खालसा** पंथ के नवम् गुरु श्री तेग बहादुर सिंह जी के 350 वें शहीदी वर्ष पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्रबोधन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई भाषण निबंध एवं पोस्ट प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण एवं विश्व मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 10 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता की अध्यक्षता में महाविद्यालय के आदि गुरु शंकराचार्य सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के श्री गुरुद्वारा भगवानगंज सागर के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरबचन सिंह जी, व श्री गुरू सिंघ सभा प्रधान स.सतिंदर सिंह जी होरा, स.रविंदर सिंह पसरीचा, स.चरनजीत सिंह नैयर, स. जितेंद्र सिंह चावला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मानव अधिकारों के संरक्षण, धार्मिक स्वतंत्रता तथा धर्मनिरपेक्षता में गुरु श्री तेग बहादुर जी के योगदान पर व्याख्यान देंगे। उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, एकेडमिक स्टाफ एवं कर्मचारियों से उपस्थित रहने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

# एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज में विद्या परिषद की बैठक सम्पन्न

**आचरण संवाददाता**

सागर। शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में विद्या परिषद की 23 वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी नवीन सशोधित अध्यादेश 14(1) एवं 14(2) के संबंध में महाविद्यालयीन पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पद्धति में हुये नवाचार पर विचार किया गया, जिससे गुणवत्तायुक्त शिक्षण-प्रशिक्षण, विद्यार्थियों का समग्र विकास, समाज सेवा, जागरूकता, अनुसंधान तथा संस्कृति/परंपरा संरक्षित हो सके। नवीन अध्यादेश के संबंध में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति में यह बैठक सम्पन्न हुई, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं शिक्षाविदों का लाभ महाविद्यालय को प्राप्त हो।

बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत कर नवीन अध्यादेश 14(1) एवं 14(2) को अंगीकृत करने की अनुशंसा करते हुए शिक्षा के विकास में संशोधित अध्यादेश गुणवत्तायुक्त शिक्षण एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एन.ई.पी. 2020 में आंशिक सुधार करते हुए अब विद्यार्थियों को मेजर विषय के तीन पेपर, माइनर विषय के दो पेपर, एवं एम.डी.सी., ए.ई.सी. एवं एस.ई.सी. विषयों में एक-एक प्रश्नपत्र तथा वेल्यू कोर्स का एक पेपर स्नातक प्रथम वर्ष, प्रोजेक्ट वर्क के सभी विद्यार्थियों के लिए समान रहेंगे। अध्यादेश 14(2) में स्नातकोत्तर के विद्यार्थी एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रम पढ़ेंगे। सभी सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उक्त बैठक में विद्या परिषद समिति की सदस्य सचिव के रूप मे डॉ. दीपा खटीक ने सभी प्रस्ताव प्रस्तुत किए। समिति के सदस्य डॉ. संतोष प्रभाकर ने चर्चा के उपरांत प्राप्त हुए मिनिट्स को नोट किया। सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय खरे ने सभी आमंत्रित सदस्यों का आभार दिया। इस बैठक में चिकित्सा, उद्योग, वाणिज्य, विधि, शिक्षा क्षेत्र से, महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर, रानी अवन्तीबाई विश्वविद्यालय सागर, डॉ. हरिसिंह. गौर विश्वविद्यालय सागर तथा महाविद्यालय की परीक्षा प्रकोष्ठ के परीक्षा नियंत्रक, सदस्य सचिव, सभी सहायक नियंत्रक, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, ए.डी.ई.पी. कोर्स के प्रभारी को उनके क्षेत्र की विशेषज्ञ के रूप में तथा अध्यक्ष के रूप वरिष्ठ परीक्षा नियंत्रक को आमंत्रित किया गया। इन विशेषज्ञों में चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. नीना गिडियन, वाणिज्य क्षेत्र से विधि क्षेत्र से धीरज सरवैया, शिक्षा क्षेत्र से डॉ. डी. के. नेमा, डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर, महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. एम. एम. चौकसे, सदस्य सचिव डॉ. दीपा खटीक, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष ए.डी.ई.पी. कोर्स प्रभारी तथा वरिष्ठ परीक्षा नियंत्रक उपस्थित रहें जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने की। यह बैठक एक अकादमिक वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है।

## कार्यकारिणी का गठन

**सागर,आचरण।** जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन तीर्थंकर ऋषभदेव जैन विद्वत महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो अनुपम जैन, महामंत्री विजय कुमार जैन, जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति के राष्ट्रीय संयोजक रक्तवीर समीर जैन के निर्देशानुसार जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ संजीव सराफ को राष्ट्रीय अध्यक्ष,पवन जैन (सागर) को राष्ट्रीय सचिव ,उपाध्यक्षद्वय सुमति प्रकाश जैन (नैनागिर) एवं सुरेन्द्र कुमार जैन (वाराणसी), नीलेश जैन सागर) को सह कोषाध्यक्ष, अक्षय कुमार जैन (लक्ष्मणगढ़) एवं साक्षी जैन (सागर) को सह सचिव , अवनीश संघी (पत्रकार) , रेशू जैन (पत्रकार) एवं अमित जैन (वाराणसी) को प्रचार मंत्री एवं मीडिया प्रभारी बनाया गया ।कार्यकारिणी सदस्यों में क्रमशः डॉ अजित जैन सागर,डॉ आरती जैन (रायपुर), कृति जैन (ग्वालियर ), रुचि जैन (गुलाबगंज), सुनील जैन मालथोन (सागर),अंकुश जैन (टीकमगढ़),विदुषी जैन (लखनऊ),आयुषी जैन एवं पलक जैन (सागर),सुरभि जैन (खुरई ,सजल जैन ( बड़ामलहरा ) एवं मनीष जैन विद्यार्थी (शाहगढ़) कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए है ।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था,बढ़ते अपराधों के खिलाफ प्रदर्शन

**आचरण संवाददाता**

सागर। युवा कांग्रेस ने मंगलवार को मोतीनगर थाने पर प्रदर्शन किया। जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित एवं युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में पद्माकर सभागार से पैदल मार्च प्रारंभ होकर मोतीनगर थाना पहुंचा। युवा कांग्रेस के साथियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने थाना प्रभारी की गैर-हाजिरी पर नाराजगी जताई। थाने के बाहर ही धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार नारेबाज़ी करते हुए कटरबाजी, जुआ,सट्टा जैसी गतिविधियों पर सवाल उठाए और कानून-व्यवस्था में हो रही लापरवाही पर कड़ी आपत्ति दर्ज कर सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी गई। शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा अवैध शराब, जुआ सट्टा जैसी गतिविधियों खुलेआम चल रही है जिससे आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा है। अपराधों पर अगर जल्द रोक नहीं लगाई गई और अपराधों पर नियंत्रण नहीं हुआ तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे ने कहा कि थाना मोतीनगर क्षेत्र अंतर्गत कटरबाजी जैसे अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं ऐसी स्थिति में आमजन में डर का माहौल बना हुआ है साथ ही पुलिस का लचर रवैया होने से गली मोहल्ले में अवैध शराब, जुआ सट्टा का व्यापार बहुत तेज गति से बढ़ रहा है असामाजिक गतिविधियां पुलिस प्रशासन बंद नहीं कराता है तो जल्द युवा कांग्रेस जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेगी। प्रदेश सचिव जैद खान ने चेतावनी देते हुए कहा कि आपके थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार गांजा जैसे नशीले पदार्थों का व्यापार बहुत तेजगति से बढ़ रहा जिसके कारण युवा पीढ़ी के बच्चे इसका सेवन करने लगे मुख्य रूप से कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश जाटव, पप्पू गुप्ता,सिंटू कटारे,रमाकांत यादव, पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल चौबे, युवा कांग्रेस पूर्व शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी,शरद पुरोहित,जितेंद्र रोहन, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव द्वय जैद खान,अक्षय दुबे, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



## खुरई में 11,बण्डा में 12 और सुरखी में 13 दिसम्बर को होगा प्रदर्शन

सागर जिले की खुरई विधानसभा में 11 दिसंबर को बंडा विधानसभा में दिनांक 12 दिसंबर को और सुरखी विधानसभा क्षेत्र में 13 दिसंबर को बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन व विरोध दर्ज कराया जाकर सागर जिले में पनप रहें अवैध शराब, जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थों के कारोबार सहित पुलिस थानों की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली की जांच एस.आई.टी का गठन कर निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने की पुरजोर मांग की जावेगी। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा कि अवैध शराब,जुआ,सट्टा के पनप रहें कारोबार से जिले के युवा नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहें खिलवाड़ को युवा कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और युवा कांग्रेस का आन्दोलन समूचें जिलें में अनवरत जारी रहेंगा।



**सागर,आचरण।** बिजली कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष राम विवेक गौतम की माता जी का स्वर्गवास 5 दिसंबर को हो गया है विधायक शैलेंद्र जैन ने घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की एवं श्रद्धांजलि अर्पित की अधीक्षण अभियंता श्रीमती चंद्र रेखा प्रभाकर द्वारा भी घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की एवं माता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# व्यवस्था में सुधार के लिए सवाल पूछना जरूरी: तिवारी

## सरस्वती वाचनालय में 101 वीं जयंती पर किया डॉ शुक्ल का स्मरण

**आचरण संवाददाता**

सागर। तीनबत्ती स्थित श्री सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय के स्वराज सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. उमाशंकर शुक्ल की 101 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो वायएस ठाकुर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि भोपाल के पूर्व कुलपति दीपक तिवारी थे। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पष्चात अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। डॉ. शैलेन्द्र शुक्ला ने पुष्पमाला से कुलपति वाईएस ठाकुर का और सोमेन्द्र शुक्ल का लक्ष्मीनारायण यादव का स्वागत किया। वाचनालय ट्रस्ट के सचिव शुकदेव प्रसाद तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए स्व उमाशंकर शुक्ल के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला वाचनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष के के सिलाकारी ने अपने




संबोधन में डॉ उमाशंकर शुक्ल के साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सागर में चकराघाट पर कवि पद्माकर की प्रतिमा लगवाने में डॉ उमाशंकर शुक्ल का मुख्य योगदान था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक तिवारी ने कहा कि यदि जन्म के 101 वर्ष बाद आज उमाशंकर शुक्ल की यहां चर्चा हो रही है इसका मतलब है उनका योगदान समाज के प्रति ज्यादा था। हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए सागर की जो विभूतियां है उनके बारे में नई पीढ़ी को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने का काम किया जाए। इसके लिए उनके जीवन पर आधारित पुस्तक भी प्रकाशित हो सकती है। राजनीति के चाणक्य पं द्वारका प्रसाद मिश्र ने यदि डॉ उमाशंकर शुक्ल की पुस्तकों की प्रस्तावना लिखी है तो निश्चित ही उन्होंने शुक्ल में योग्यता देखी होगी।

उन्होंने कहा कि डीपी शुक्ला वास्तविक चाणक्य थे आज कल के नकली चाणक्यों जैसे नहीं थे। तिवारी ने कहा कि वर्तमान दौर में धर्म का महिमा मंडन हो रहा है जो देश और समाज धर्मिक कट्टरता के आधार पर चलते है उनका भविष्य लंबा नहीं होता। ऐसे मे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सभी को साथ लेकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के जो भी लीडर है उनसे सवाल अवश्य किये जाना चाहिए बेरोजगारी क्यो बढ रही है। देश की पूंजी का बड़ा हिस्सा चंद लोगों के पास क्यों है ऐसे सवाल समाज के विकास के लिए जरूरी है।

कुलपति प्रो वाय एस ठाकुर ने कहा की उमा शंकर शुक्ल का सागर की पत्रकारिता और साहित्य जगत में विशिष्ट योगदान है। विवि के हिन्दी विभाग के प्रमुख रहे नंद दुलारे बाजपेयी ने डॉ शुक्ल को दूसरा प्रेमचंद बताया था। ऐसे लोगों का जीवन समाज के लिए आदर्श है बेहतर हो की हम नई पीढ़ी को उनके बारे में बताये।

कुलपति ने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि सिर्फ शिक्षा नहीं काविलियत की जरूरत है। संस्थानों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में तालमेल की कमी है जिससे निजी कंपनियों को नौकरी के लिए योग्य विद्यार्थी तलाशने में परेशानी आ रही है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव ने डॉ उमाशंकर शुक्ल को अपना अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा कीसागर की विभूतियों के बारे में भविष्य में वाचनालय ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन नलिन जैन ने किया और आभार जीएस छत्रसाल ने माना। इस दौरान सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह और शॉल से सम्मान किया गया। पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव का 82 वां जन्मदिन होने पर उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ सुरेश आचार्य, डॉ लक्ष्मी पाण्डेय, डॉ शैलेन्द्र शुक्ल सौमेन्द्र शुक्ला, श्रीमती क्षिप्रा शुक्ला, गजाधर सागर, पूरन सिंह राजपूत, भोलेश्वर तिवारी, हरी चौबे, रमेश दुबे अनुपम पटैरिया, विनोद आर्य , सुदेश तिवारी, राहुल सिलाकारी, रविन्द्र सिलाकारी, नितिन कोरपाल, ऋषभ जैन , अनिल जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**प्रत्येक शिशु एक संदेश लेकर आता है कि भगवान मनुष्य को लेकर हतोत्साहित नहीं है - रविन्द्रनाथ टैगोर**

## हवाई हड़ताल और यात्री

**भारत** में विमानन उद्योग निजी क्षेत्र से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र तक में सैर करता रहा है मगर इससे पहले कभी ऐसी अफरा- तफरी का माहौल नहीं बना जैसा कि आजकल बना हुआ है। देश के सभी हवाई अड्डों पर यात्रियों की भीड़ है जो अपने गन्तव्य तक जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मगर देश की निजी एयर लाइनों में से सबसे प्रमुख इंडिगो एयर लाइन ने हड़ताल कर रखी है जिसकी वजह से दूसरी एयर लाइनें मनमाना किराया वसूल रही हैं और हद यह हो गई है कि दिल्ली से मुम्बई तक की हवाई यात्रा का टिकट 60 हजार रुपए तक हो गया है। वास्तव में यह अराजकता का वातावरण है जिसकी तरफ भारत सरकार के नागरिक विमानन उड्डयन मंत्रालय ने अब ध्यान दिया है। पिछले लगभग चार दिन से ऐसा ही माहौल बना हुआ है। देश में अब सरकार के हाथ में एक भी एयर लाइन नहीं है। घरेलू उड़ानों से लेकर विदेशी उड़ानों तक का कामकाज निजी एयर लाइनों के हाथ में है। इनमें से इंडिगो एयर लाइन के पास घरेलू उड़ानों का 65 प्रतिशत कारोबार है जबकि एयर इंडिया व अन्य विमानन कम्पनियों के पास शेष बाजार है। एयर इंडिया मुख्यतः विदेशी उड़ानों का कारोबार करती है। एयर इंडिया का निजीकरण हुए अभी कुछ वर्ष ही बीते हैं। इससे पहले यह सरकार के हाथ में थी मगर इसे टाटा समूह को बेच दिया गया। बाजार मूलक खुली अर्थव्यवस्था का नियम होता है कि इसमें उपभोक्ता मूलक बाजार संस्कृति को महत्व दिया जाता है अर्थात विभिन्न कम्पनियों के बीच जब प्रतियोगिता का माहौल बनता है तो उपभोक्ता को उत्पाद या सेवा प्रतियोगी दरों पर उपलब्ध होती है। मगर बाजार पर यदि किसी एक कम्पनी का ही अधिपत्य हो जाता है तो वह बेखौफ होकर उपभोक्ताओं से मनमाना मूल्य वसूल करती है। भारत के विमानन क्षेत्र में आजकल यही हो रहा है और भारत का प्रतियोगिता आयोग (कम्पटीशन कमीशन) सोया हुआ पड़ा है। 1991 से पहले जब भारत मिश्रित अर्थव्यस्था में चल रहा था तो भी देश में एकाधिकर निरोधक आयोग( एमआरटीपीसी) था जो लगातार चौंकन्ना होकर किसी एक कम्पनी को बाजार पर एकाधिकार करने से रोकता था लेकिन खुली बाजार मूलक अर्थव्यवस्था में प्रतियोगिता आयोग द्वारा कलम हिलाने की शायद ही कोई घटना प्रकाश में आई हो जबकि बाजार मूलक अर्थव्यवस्था में बाजार पर एकाधिकार जमाने की संभावनाएं भी सर्वाधिक बनी रहती हैं। केन्द्र सरकार का ध्यान अब इस तरफ गया लगता है तभी उसने घरेलू उड़ानों का किराया नियत करने की तरफ जरूरी कदम उठाया है। अब 500 कि.मी. तक की हवाई दूरी तक के लिए अधिकतम किराया 7500 रुपए होगा जबकि 500 से 1000 किमी. दूरी के लिए 12 हजार होगा और एक हजार से डेढ़ हजार कि.मी. दूरी तक के लिए यह 15 हजार रुपए होगा। इससे ऊपर दूरी तक के लिए यह 18 हजार रुपए होगा। भारत में दिल्ली से चैन्नई की दूरी डेढ़ हजार किमी से ऊपर है। सवाल यह है कि ऐसी स्थिति क्यों बनी जिसकी वजह से सरकार को हरकत में आना पड़ा? इसकी वजह से एयर लाइन ने अपनी उड़ानों को रद्द करने का नया रिकार्ड बना डाला और इनकी संख्या हजारों में पहुंच गई। जाहिर है इसकी वजह से पूरे देश के हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी बननी ही थी और यात्रियों को परेशानी होनी ही थी। अब जाकर सरकार ने इंडिगो एयर लाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जवाब तलबी की है और पूछा है कि उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई क्यों न की जाये। कारण बताओ नोटिस जारी करके सरकार के उड्डयन मंत्रालय ने अपनी जान बचाने की कोशिश ही की है जिससे नागरिकों का गुस्सा उस पर न उतर सके। मगर लोकतंत्र में अन्तिम जिम्मेदारी सरकार की ही होती है जिससे वह अपना पीछा नहीं छुड़ा सकती। वर्तमान में उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार तेलगूदेशम पार्टी के राम मोहन नायडू के पास है। यह पार्टी केन्द्र की मोदी सरकार में शामिल है परन्तु लोकतंत्र में सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी होती है जिससे सत्ता में बैठी कोई भी पार्टी अपना मुंह नहीं मोड़ सकती। अतः केन्द्र सरकार को ही सामूहिक तरीके से यह सोचना होगा कि निजी विमानन कम्पनियों द्वारा किसी भी तरीके से उपभोक्ताओं या यात्रियों का शोषण न हो सके। इस बहाने सरकार यह भी जरूर सोचे कि देश की सभी विमानन कम्पनियों का निजीकरण करके कहीं उससे कोई चूक तो नहीं हो गई है। वास्तव में पिछली मनमोहन सरकार के दौरान ही एयर लाइनों के निजीकरण की आधारशिला रख दी गई थी। उस समय नागर विमानन मंत्री राष्ट्रवादी कांग्रेस के पटेल थे। उन्होंने एयर इंडिया व इंडियन एयर लाइनों का पहले विलीनीकरण किया और बाद में विलीनीकृत एयर इंडिया को घाटे में लाकर खड़ा कर दिया। पटेल के कार्यकाल के दौरान लाभप्रद घरेलू व विदेशी हवाई रूट निजी कम्पनियों को आवंटित किये गये जिससे सरकारी एयर लाइन का घाटा बढ़ता ही गया और मोदी सरकार में स्थिति यह आ गई कि केवल दो निजी कम्पनियों का पूरे हवाई बाजार पर एकाधिकार हो गया। अतः इस स्थिति को भी बदलने की जरूरत है।

## गंग नहर की शताब्दी पर उठे विवाद

**राजस्थान** की ऐतिहासिक गंग नहर अपने निर्माण के 100 वर्ष पूरे कर रही है। पंजाब के ऐतिहासिक शहर फिरोजपुर से सतलुज नदी का पानी लेकर राजस्थान के रेतीले इलाकों में हरियाली लाने के लिए बनी यह नहर भारत-पाक सीमा के करीब है और यह फिरोजपुर, फाजिल्का और जिला मुक्तसर से होती हुई जिला गंगानगर व जिला हनुमानगढ़ के क्षेत्रों तक जल ले जाती है। ठीक 100 वर्ष पूर्व दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में इसका निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। इसका पहली बार प्रयोग अक्तूबर 1925 में आरंभ हुआ। इसके निर्माण की पहलकदमी बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह ने की थी। इस नहर के निर्माण की शताब्दी पूर्ण होने पर एक विशेष समारोह के आयोजन की योजना थी, मगर अब इस पर भी विवाद मचा हुआ है। पंजाब का आरोप है कि उसके तीन-तीन जिलों से होकर गुजरने वाली इस नहर का मूल स्रोत भी पंजाब की सतलुज नदी है, मगर पंजाब को इस नहर का एक बूंद पानी भी नहीं मिल पाता। अब इस पर नया हंगामा आरंभ हो गया है। वर्ष 1899-1900 में देश के कई भागों में अकाल पड़ा था। उन दिनों बीकानेर-रियासत सबसे अधिक प्रभावित हुई थी। पानी की बूंदों के लिए इंसान भी तरसते थे और खेत भी। परिंदे भी दम तोड़ने लगे थे और पौधे भी सूख चले थे। उस समय बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह ने पंजाब के तत्कालीन चीफ इंजीनियर ए.डब्ल्यू. ई. स्टैनले और एक अन्य उच्चाधिकारी आर.जी. कैनेडी की मदद से इस नहर की योजना तैयार कराई थी। मगर तत्कालीन मुस्लिम स्टेट बहावलपुर ने इसका विरोध किया था। बाद में वायसराय लार्ड कर्जन के दखल से 4 सितम्बर, 1920 को एक समझौता हुआ था। नहर का नींव पत्थर 5 दिसम्बर, 1925 को रखा गया, मगर इस नहर को जल के लिए लार्ड कर्जन ने ही दो वर्ष बाद 1925 में खोला था। भारत-पाक विभाजन के समय सर सिरिल रैडक्लिफ शुरूआती दौर में फिरोजपुर और जीरा तहसील को पाकिस्तान में मिलाने लगे थे। अगर ऐसा हो जाता तो गंग कैनाल का सारा पानी पाकिस्तान को मिल जाता। उन दिनों सरदार के.एम. पनिक्कर, बीकानेर रियासत के प्रधानमंत्री थे। इन्होंने लार्ड माउंटबेटन को चेतावनी दी थी कि यदि ऐसा हुआ तो बीकानेर रियासत के पास पाकिस्तान के विलय के इलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। जवाहर लाल नेहरू ने भी इसी विषय पर वायसराय को एक पत्र लिखा था। आखिर रैडक्लिफ को अपनी भूल का अहसास हो गया। उसने पूरा जिला फिरोजपुर ही भारत के हिस्से में डाल दिया। बहरहाल, अब विवाद एक नया मोड़ ले रहा है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जो कि राजस्थान के प्रमुख नेता भी हैं, ने फिरोजपुर हैड वर्क्स पर जाकर उस स्थान पर एक समारोह की योजना बनाई थी, जहां से इस नहर का उद्गम होता है। मगर इसी बात पर पंजाब की सिख राजनीति में नया बवाल मच गया। सत्तापक्ष 'आप' ने भी इस पर अपनी उग्र आपत्ति जताई थी। अर्जुन मेघवाल ने स्पष्ट कर दिया कि उनका उद्देश्य सिर्फ इतना ही था कि फिरोजपुर जाकर एक समारोह का आयोजन करें ताकि पंजाब के प्रति आभार जताया जा सके। बाद में पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ और भाजपा नेता गुरमीत सोढी को भी अपने-अपने बयान जारी करने पड़े और मेघवाल के इस कार्यक्रम से दूरी बनाने की घोषणा करनी पड़ी। प्रधानमंत्री कार्यालय को भी मेघवाल को उसको रद्द करने के लिए कहना पड़ा। केंद्रीय एजेंसियों ने भी सतर्क कर दिया था कि यदि ऐसा कोई कार्यक्रम हुआ तो सिख संगत व पंजाब कांग्रेस और पंजाब में सत्तारूढ़ 'आप' को एक नया मुद्दा मिल जाएगा और इस सीमावर्ती राज्य में फिर से भाजपा विरोध उमड़ने लगेगा। आतंकवादी तत्व भी इस आड़ में तीखे तेवर दिखाने लगेंगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आखिर यह कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। एक नहर के निर्माण की शताब्दी का अवसर भी एक संवेदनशील एवं ज्वलनशील मुद्दा बन गया। बाद में यह समारोह श्रीगंगानगर में आयोजित किया गया। यह नहर 157 किलोमीटर लम्बी है और राजस्थान की 3 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचित करती है।

### भारत तभी महान बनेगा जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी बिना डर के, सम्मान से जी सकेगा

**विश्व मानव अधिकार दिवस पर विशेष**

## हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत है जितना आखिरी इंसान सुरक्षित

**भारत में मानवाधिकार कोई सैद्धांतिक बहस नहीं, बल्कि हर दिन खून और आंसुओं से लिखा जाने वाला सच है। एक दलित दूल्हे की जान घोड़ी चढ़ने की कीमत बन जाती है। एक आदिवासी महिला को लकड़ी लाने पर जादू-टोना का आरोप झेलना पड़ता है। एक ट्रांसजेंडर मर जाता है, पर श्मशान में भी उसे जगह नहीं मिलती और जब कानून बराबरी की बात करता है, तो समाज उसकी आवाज़ को जाति, धर्म और पहचान के पत्थरों से दबा देता है। विडम्बना यह है कि यही देश दुनिया को अहिंसा और योग का संदेश देता है। यही देश भाषणों में 'विश्व गुरु' बनता है, पर अपने ही गांव में पानी की एक हांडी से दलित को दूर रखता है। यही देश चंद्रयान को तारों तक भेज देता है, लेकिन एक मज़दूर को मेहनत के बाद 200 रुपये देने में कंजूसी करता है।**

10 दिसंबर। आज फिर वही सवाल लौट आया है, बिना दस्तक दिए, सीधा गले पर हाथ रखकर - आप जिंदा है या सिर्फ़ सांस ले रहे है? 1948 में पेरिस ने 'सब इंसान बराबर और आज़ाद हैं' लिखकर मानवता के नाम एक वादा किया था। मगर 2025 का भारत एक चुभता हुआ सवाल पूछ रहा है, क्या हम वाकई उस वादे को निभा रहे हैं या हमारी चुप्पी ही अन्याय की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है? यह दिन हमें झकझोरने आया है, क्योंकि अब सिर्फ़ अत्याचार ही अपराध नहीं, अत्याचार देखकर चुप रह जाना भी उतना ही बड़ा गुनाह है।

आज जब हम मानव अधिकार दिवस मनाते हैं, तो यह उत्सव नहीं-एक मुकदमा है और कटघरे में हम खुद खड़े हैं। जब हाथरस की बेटी को रात के अंधेरे में मिट्टी में दबा दिया जाता है, जब मणिपुर में औरतों का सम्मान तार-तार होता है, जब कश्मीर में एक बच्चा शक के नाम पर मारा जाता है और दिल्ली में एक लड़की को उसकी शक्ल की वजह से 'चिंकी' कहा जाता है-तब मानवाधिकार किसी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि जख्म बनकर सामने आते हैं। उस समय 30 अनुच्छेद किसी पुस्तक में नहीं, बल्कि इस देश की सड़कों, घरों और अदालतों में रोते हुए दिखाई देते हैं।

भारत में मानवाधिकार कोई सैद्धांतिक बहस नहीं, बल्कि हर दिन खून और आंसुओं से लिखा जाने वाला सच है। एक दलित दूल्हे की जान घोड़ी चढ़ने की कीमत बन जाती है। एक आदिवासी महिला को लकड़ी लाने पर जादू-टोना का आरोप झेलना पड़ता है। एक ट्रांसजेंडर मर जाता है, पर श्मशान में भी उसे जगह नहीं मिलती और जब कानून बराबरी की बात करता है, तो समाज उसकी आवाज़ को जाति, धर्म और पहचान के पत्थरों से दबा देता है।

विडम्बना यह है कि यही देश दुनिया को अहिंसा और योग का संदेश देता है। यही देश भाषणों में 'विश्व गुरु' बनता है, पर अपने ही गांव में पानी की एक हांडी से दलित को दूर रखता है। यही देश चंद्रयान को तारों तक भेज देता है, लेकिन एक मज़दूर को मेहनत के बाद 200 रुपये देने में कंजूसी करता है। लोकतंत्र का मंदिर कहलाने वाला देश कई बार उस मीडिया का बोझ ढोता है जो सत्ता की चौखट से बंधी घंटी की तरह बजता है। आज का भारत मानवाधिकारों को किताबों में नहीं, सड़कों पर, अस्पतालों में, कोर्ट के गलियारों में, और हर उस घर में महसूस कर रहा है जहां न्याय की उम्मीद धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। जब एक दलित महिला को पंचायत के आदेश पर गांव के बीच में अपमानित किया जाता है, जब एक आदिवासी बच्ची भूख से बिलखते-बिलखते मर जाती है क्योंकि उसे राशन कार्ड 'सूची में नहीं' बताया गया, जब एक युवा पत्रकार को महज़ सवाल पूछने पर देशद्रोही कहकर जेल में डाल दिया जाता है, तब मानवाधिकार केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि एक सच्ची चीख बन जाते हैं। हम कहते हैं कि भारत डिजिटल हो रहा है, पर क्या इंसानियत भी डिजिटल हो गई? जब इलाज न मिलने से अस्पताल के दरवाज़े पर एक बच्चा दम तोड़ देता है, जब ऑक्सीजन की कमी से कोविड वार्ड में लोग मर जाते हैं और जिम्मेदारी गायब हो जाती है, जब अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो जाता है, जब बेरोज़गारी की दर इतिहास के सबसे ऊंचे स्तर पर हो और फिर भी युवा 'आलसी' कहे जाएं-तो ये सब बेरोज़गार आंकड़े नहीं, टूटते सपनों की चिताएं हैं। भारत के पास चंद्रयान भेजने की ताकत है, पर सड़क पर रिक्शा खींचती 65-70 वर्षीया दादी के पास रोटी की ताकत नहीं। हमारे हाई-टेक शहरों में चमक है, पर किसान की आत्महत्या में उसके शरीर से ज्यादा कर्ज़ के कागज़ मिलते हैं। संविधान कहता है 'बराबरी का अधिकार', पर वास्तविकता पूछती है-बराबरी किसके लिए? सिर्फ़ नाम के लिए या सिर्फ भाषणों के लिए?

शिक्षा अधिकार है, लेकिन सरकारी स्कूलों में बच्चे आज भी टाट पर बैठकर पढ़ते हैं, जबकि अधिकारी एसी कमरों में मीटिंगें करते हैं। स्वास्थ्य भी अधिकार है, पर एक प्रसूता अस्पताल पहुंचने से पहले ही ऑटोरिक्शा में बच्चा जन्म देने को मजबूर होती है। अभिव्यक्ति का भी अधिकार है, पर सोशल मीडिया पर आलोचना करने पर घर गिरा दिए जाते हैं। पर्यावरण का भी अधिकार है, पर खनन की आड़ में आदिवासी गांव उजाड़े जाते हैं और महिलाएं? वे आज भी 'सुरक्षित घर पहुंच गई क्या?' के मेसेज पर निर्भर देश की नागरिक हैं-जहां हर 15 मिनट में एक बलात्कार दर्ज होता है।

मानव अधिकार दिवस उस सोच के खिलाफ युद्ध है जो कहती है-'अगर मेरे घर में सब ठीक है, तो दुनिया ठीक है।' नहीं, मानवता एक परिवार है, एक ज़ख्म सबका दर्द होना चाहिए। अगर दिल्ली में कोई लड़की छेड़ी जाती है, मुंबई में एसिड अटैक होता है, राजस्थान में मूंछ रखने पर दलित की हत्या होती है या उड़ीसा में एक बुजुर्ग अपनी पत्नी का शव कंधे पर लेकर चलता है-तो ये सिर्फ़ खबरें नहीं, हमारी सभ्यता की परीक्षा हैं।

अब लड़ाई कानून की नहीं, हमारी आत्मा की है-हमारे भीतर के डर और चुप्पी के खिलाफ। शुरुआत घर से कीजियेः बेटी को बेटे जितनी आज़ादी दीजिये। झुग्गी के बच्चों को पुरानी किताबें दे दीजिये। ऑफिस में किसी की पहचान का मज़ाक बनने से रोक दीजिये।

अपनी भाषा की गालियों से स्त्री-विरोधी शब्द हटाइए। नफरत फैलाने वाले ग्रुप छोड़ दीजिये। किसी भी धर्म या जाति का मज़ाक उड़ाना बंद कीजिये, क्योंकि मज़ाक से शुरू हुई नफरत कई बार हत्या पर खत्म होती है। मानव अधिकार दिवस की असली पुकार है-अब चुप्पी भी गुनाह है। जब आपने बलात्कार की खबर स्क्रॉल कर दी, आप भी दोषी थे। जब आपने धर्म पर ताना मारा, आप भी दोषी थे। जब आपने व्हाट्सएप पर नफरत भेजी, आप भी दोषी थे। जब आप भीड़ हत्या पर 'होता रहता है' कहकर आगे बढ़ गए, आप भी दोषी थे। मानवाधिकार दिवस किसी सेमिनार का मौका नहीं। यह युद्ध है-उस मानसिकता के खिलाफ जो औरत को संपत्ति, दलित को नीचा, मुस्लिम को संदिग्ध, आदिवासी को पिछड़ा और ट्रांसजेंडर को अदृश्य समझती है। यह युद्ध उस चुप्पी के खिलाफ है जो अपराधियों को ढाल देती है। पर हर युद्ध हथियारों से नहीं जीता जाता-कभी-कभी एक इंसान का साहस दुनिया बदल देता है।

अगर आप सच में इंसान हो, तो शुरुआत यहीं से कीजियेः अपने मोहल्ले के मंदिर में किसी दलित को रोका जाए तो आवाज़ उठाइए। अपनी बेटी को चुप कराने के बजाय उसकी




बात सुनिए, क्योंकि उसकी आवाज़ उसका अस्तित्व है। नफरत और हिंसा वाले ग्रुप छोड़ दीजिये, किसी भी अपमान को 'मनोरंजन' कहना बंद कीजिये।

भारत तभी महान बनेगा जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी बिना डर के, सम्मान से जिए। विश्व मानव अधिकार दिवस याद दिलाता है कि 1948 का कागज़ भविष्य नहीं लिखेगा, हम लिखेंगे। भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा जितनी हमारी संवेदना। भारत तभी महान होगा जब आखिरी औरत सुरक्षित होगी, आखिरी दलित सम्मानित होगा, आखिरी आदिवासी सुना जाएगा और आखिरी अल्पसंख्यक का डर खत्म होगा।

1948 की वह घोषणा आज भी इसलिए जीवित है क्योंकि हर पीड़ा, अन्याय और विद्रोह उसे सच्चा साबित करता है। अब हमारी बारी है कि इस कागज़ को और खून न देना पड़े। 10 दिसंबर कोई उत्सव नहीं, यह वह दिन है जब इंसानियत पूछती है- 'तुमने मुझे बचाया या चुप रहे?' जवाब और हथियार दोनों हमारे हाथ में हैं-संवेदना, साहस और सच बोलने की हिम्मत और वक्त? बहुत कम बचा है। जय इंसानियत। जय वह भारत जो नफरत से नहीं, बराबरी से बनता है।

*- लेखक :*
**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

**बंगाल में वोट बैंक की राजनीति चरम पर**

## बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

**पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है।**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बांटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके। निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। 'गजवा हिंद' के प्रलापों के प्रतिकार में 'भगवा हिंद' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि 'यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि 'राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा।

इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाजें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहां राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है। न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही हैं। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ



हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिजन एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा।

*- लेखक : ललित गर्ग*

**जानिए सागर का इतिहास श्रंखला**

## सागर के स्वतंत्रता संघर्ष में पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी की भूमिका

मनषा, वाचा, कर्मणा, स्वाधीनता संघर्ष में अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वालों में सागर के पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी का नाम प्रमुखता के साथ लेने में गर्व की अनुभूति होती है। यह सागर का परम् सौभाग्य था कि इसकी मिट्टी को ऐसे सपूतों ने अपनी कर्मभूमि बनाया, जो कि अत्यन्त ही कर्मठ थे।

इनमें भाई अब्दुल गनी, मास्टर बल्देव प्रसाद एवं केशव रामचन्द्र खाण्डेकर के साथ-साथ पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी का नाम भी सागर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से अंकित किया जा सकता है। जाति से तो वे पंडित थे ही उनके लेखन में भी पाण्डित्य स्पष्टतः झलकता है। इन्होंने सागर में होने वाले विभिन्न स्वतंत्रता आन्दोलनों रूपी यज्ञ में अपने कर्म की आहुति से आन्दोलनों की ज्वाला को तीव्रता के साथ प्रज्जवलित रखा। वे एक श्रेष्ठ पत्रकार होने के साथ-साथ अच्छे कवि भी थे। 'कमलेश' उपनाम से उन्होंने काव्य रचनाओं का सृजन किया।

अपनी क्रांतिकारी कविताओं के माध्यम से उन्होंने सागर की जनता के हृदय में राष्ट्रवादी चेतना की ज्वाला प्रज्जवलित की। वे एक अच्छे वक्ता भी थे। अपनी ओजस्वी वाणी एवं क्रांतिकारी कलम द्वारा उन्होंने लोगों को ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध आन्दोलित किया। सागर के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में उनकी अत्यन्त ही महत्वपूर्ण भूमिका स्पष्टतः परिलक्षित होती है।

पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी का जन्म 14 मार्च 1909 को नरसिंहपुर जिले के करेली ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम झुमकन लाल ज्योतिषी था। इनकी प्राथमिक शिक्षा नरसिंहपुर में हुई। 1923 ई. में 14 वर्ष की आयु में वे अपने अग्रेज के साथ सागर आये। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल, सागर से माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की। 1927 में उन्होंने जबलपुर के राबर्टसन कालेज में इण्टर में दाखिला लिया। 1929 में उन्होंने इन्टर पास किया। 1934 में बी.ए., 1941 में एम.ए. (गोल्ड मैडल) एवं एल.एल.बी. नागपुर विश्वविद्यालय से किया।

ज्योतिषी पढ़ाई के साथ-साथ अध्यापन कार्य भी करते रहे। पहले रहली प्राथमिक शाला में अध्यापन कार्य किया। 1942 में म्युनिसिपल स्कूल, सागर में शिक्षण कार्य किया। पं. ज्योतिषी जी ने अपनी जन्मभूमि करेली में महात्मा गांधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना की एवं संस्थापक प्राचार्य भी बने। सागर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में तत्कालीन कुलपति द्वारका प्रसाद मिश्र एवं विभागाध्यक्ष आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी ने पं. ज्योतिषी के वास्ते बुन्देली पीठ की स्थापना की। कुछ समय तक उन्होंने यहां सहायक प्राध्यापक के रूप में सेवायें भी दीं।

इस तरह पं. ज्योतिषी की कर्मभूमि करेली, सागर, जबलपुर एवं नागपुर रही। उनके अन्दर का कवि उस समय ही जागृत हो गया था जबकि वे मात्र कक्षा 9वीं के छात्र थे। उनके द्वारा इस समय लिखी कविता - 'इंकलाब की पुकार' जबलपुर के अखबार शुभचिंतक में प्रकाशित हुई।

पं. ज्योतिषी बालगंगाधर तिलक के नारे - 'स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे' से काफी प्रभावित थे। महात्मा गांधी से भी उन्होंने प्रेरणा ली। गांधीजी ने जब असहयोग आन्दोलन आरम्भ किया तब ज्योतिषी जी एक कम आयु के छात्र थे। ज्योतिषी जी के नेतृत्व में चार सौ छात्रों द्वारा नर्मदा का पावन जल लेकर यह प्रण किया गया कि वे सरकारी शालाओं में अध्ययन नहीं करेंगे। इन छात्रों ने विदेशी कपड़ों की होली जलाई। शराब की दुकानों पर धरना दिया। गांव-गांव घूमकर गांधी जी के विचारों का प्रसार एवं आजादी की अलख जलाई।

1925 में ज्योतिषी जी ने अपने सहयोगियों के साथ छात्र मण्डल की स्थापना की। इस छात्र मण्डल की नियमित सभाओं में साहित्यिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वतंत्रता संघर्ष की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श होता था।

1930 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन के समय ज्योतिषी जी जबलपुर में थे। वाराणसी से सुन्दरम् जी के नेतृत्व में एक दल छात्रों को प्रोत्साहित करने जबलपुर आया। इनके प्रोत्साहन पर ज्योतिषी जी कालेज छोड़कर स्वतंत्रता संघर्ष में शामिल हो गये। इसके कारण उन्हें 19 अगस्त 1930 को गिरफ्तार कर 5 माह के कारावास की सजा दी गई। जेल से रिहा होने पर वे जबलपुर से सागर आ गये। जीविकोपार्जन हेतु रहली में अध्यापन कार्य किया। 1933 में जब गांधी जी सागर आये तो उनके दौरे की रिपोर्टिंग ज्योतिषी जी द्वारा की गई। 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में भी ज्योतिषी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उनके ओजस्वी भाषण के कारण उन्हें डेढ़ वर्ष के कारावास की सजा दी गई। ज्योतिषी जी जेल जाने डरते नहीं थे। उन्होंने इस संबंध में यह प्रेरणादायक पंक्तियां लिखीं -

हम तो हैं बचपन के बागी,
लिखी बगावत भाग्य हमारे।
जेलों में ही कटे जवानी, ऐसे ही
कुछ पड़े सितारे।।

स्वतंत्रता संघर्ष में भाग लेकर जेल जाने में उन्हें गर्व की अनुभूति होती थी। भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में न केवल उन्होंने सशक्त रूप से भाग लिया अपितु, अपनी कलम द्वारा लोगों को भी इस महायज्ञ में भाग लेने प्रेरित किया। एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ श्री ज्योतिषी जी एक श्रेष्ठ पत्रकार भी थे। पत्रकारिता में भी ज्योतिषी जी गणेश शंकर विद्यार्थी एवं पं. माखनलाल चतुर्वेदी को अपना आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत मानते थे।

सागर के प्रख्यात पत्रकार भाई अब्दुल गनी के सम्पादन में 1924 में साप्ताहिक पत्र 'समालोचक' निकाला। 1937 में इन्होंने साप्ताहिक 'देहाती दुनिया' का प्रकाशन आरम्भ किया। त्रिपुरी कांग्रेस के अधिवेशन के अवसर पर 'देहाती दुनिया' का त्रिपुरी विशेषांक निकाला गया। इस विशेषांक का संपादन पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी ने किया था। यह विभिन्न विशेषांकों में सर्वश्रेष्ठ विशेषांक साबित हुआ। इससे पं. ज्योतिषी को अत्यन्त ख्याति प्राप्त हुई। मास्टर बल्देव प्रसाद के द्वारा 1940 में निकाली गई पत्रिका 'बच्चों की दुनिया' के संपादन में भी ज्योतिषी ने सहयोग किया। माखनलाल चतुर्वेदी के समाचार पत्र कर्मवीर से भी वे कुछ दिन जुड़े रहे। 1935 में नागपुर से रामगोपाल माहेश्वरी के संपादन में दैनिक 'नवभारत' का प्रकाशन आरम्भ हुआ। नवभारत की घोषणा में कहा गया था - 'क्या आप राष्ट्रीयता का जोरदार शंखनाद सुनना चाहते है? यदि हां तो प्रतिदिन दैनिक 'नवभारत' ही पढ़िये।' ज्योतिषी जी ने 1944 से 1946 तक नागपुर से निकलने वाले इस नवभारत का संपादन किया। 1945 में उन्होंने 'नवजीवन' का भी संपादन किया।

26 जनवरी 1947 को पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी ने साप्ताहिक 'विंध्य केशरी' का प्रकाशन आरम्भ किया। इसकी भाषा, रिपोर्टिंग एवं सम्पादकीय सभी उच्च कोटि के थे। शीघ्र ही इस पत्र ने अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित कर ली। विंध्य केशरी को यह श्रेय दिया जाता है कि उसने युवा पत्रकारों की एक पीढ़ी तैयार की। ज्योतिषी का 'विंध्य केशरी' के संपादन में पं. पद्मनाथ तैलंग, पं. महेश दत्त दुबे एवं शिवकुमार श्रीवास्तव ने सहयोग किया।



**- लेखक : प्रो. बी.के. श्रीवास्तव**
**पूर्व अध्यक्ष, इतिहास विभाग,**
**डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर**

कालान्तर में पद्मनाथ तैलंग ने भोपाल जाकर 1950 में साप्ताहिक 'चेतना' आरंभ किया। पं. महेश दत्त दुबे ने अपना स्वयं का साप्ताहिक पत्र 'हंटर' 1951 में आरम्भ किया। शिवकुमार श्रीवास्तव ने 1951 में मासिक 'जागृति' का प्रकाशन आरम्भ किया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पत्रकार होने के साथ-साथ ज्योतिषी जी एक प्रख्यात कवि भी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं द्वारा बुन्देलखण्ड की जनता में राजनीतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रवादी चेतना जागृत करने में अहम् भूमिका निभाई।

1937 में पं. ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी 'कमलेश' द्वारा प्रथम काव्य संग्रह 'कलरव' प्रकाशित किया गया। उनके इस प्रथम काव्य संग्रह में बत्तीस कविताएं संकलित हैं। उनका दूसरा काव्य संग्रह 'पांचजन्य' 1940 में प्रकाशित हुआ।

सागर के इतिहास से संबधित आगे की जानकारी पढ़िये अगले अंक में....

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में संपर्क

**देवरीकलां, आचरण।** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत् शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी के क्षेत्राधिकार में आने वाले हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में 09 दिसम्बर मंगलवार को सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे के निर्देशन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संपर्क स्थापित किया गया। कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण में नोबल पब्लिक स्कूल, सिलारी, तहसील देवरी में डॉ. मनोज कुमार मिश्रा एवं विनोद कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा कॅरियर के अवसरों की जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया।

### विधायक ने किया खिलाड़ियों का सम्मान



**बंडा, आचरण।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता में बंडा विधानसभा क्षेत्र की बालक एवं बालिकाओं की टीम ने संसदीय क्षेत्र दमोह में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उपविवेता स्थान हासिल किया। पुरस्कार स्वरूप दोनों टीमों को आयोजन समिति द्वारा नकद 5100 की राशि एवं कप प्रदान किया गया।

### एकता समिति ने स्वर्गीय कमलाबेन पटेल को श्रद्धांजलि दी



**सागर, आचरण।** एकता समिति संस्थापक अब्दुल रशीद भाई ने समिति के सदस्योंके साथ राधेश्याम भवन जाकर स्वर्गीय विट्ठल भाई जी पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बैन पटेल के स्वर्गवास,होजाने पर अपनी संवेदना प्रकट की एवं उनके परिजनों विशेषतः उनकी सुपुत्रियों श्रीमति कीर्ति पटेल, आरती पटेल एवं परिवार जनों को श्रद्धांजलि पत्र भेंट किया। इस अवसर पर सुधीर जैन, चंपक भाई, प्रमोद पटेल, कमलचंद मासाब, राजेंद्र मलैया, कोमल यादव, सोहेल अज़ीज़, मुबीन खान उपस्थित थे।

### बंडा से शर्मसार करने वाली घटना आई सामने

# पोस्टमार्टम करने के नाम पर डॉक्टर द्वारा 5000 रुपये की मांग

आचरण संवाददाता

**बंडा।** डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप कहलाता है परंतु बंडा में डॉक्टर द्वारा मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। इस घटना ने लोगों के मन को झकझोर कर रख दिया है ऐसा लगता है इंसानियत खत्म सी हो गई है। अब पोस्टमार्टम करने के नाम पर भी जिम्मेदारों द्वारा पीड़ित से पैसों की मांग की जा रही है।

बंडा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम डावलीखेड़ा निवासी की झोपड़ी में आग लग जाने से वृद्ध की मौत हो गई थी, परिजनों द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। लेकिन अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर लकी जैन द्वारा पोस्टमार्टम न कर शव सागर भेज दिया गया। पीड़ित के पास पैसा न होने के कारण गाड़ी में डीजल डलवाने के लिए पैसा थाने में पदस्थ किसी पुलिसकर्मी ने ही दिया था। मृतक के परिवारजन रात भर शव को सागर में रखे रहे तब दूसरे दिन शव का पोस्टमार्टम हो सका। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक परमानंद खंगार काकागंज सागर का निवासी था, जो अपनी बेटी खुशबू दामाद बृजेश के पास रहता था। मृतक बीड़ी पीने का आदि था और आंखों से दिखाई भी नहीं देता था जिस कारण आग लग गई होगी।

**परिजनों ने लगाए डॉक्टर लकी जैन पर पैसा मांगने के आरोपः** पीड़ितों का कहना है कि मृतक का पोस्टमार्टम करने से पहले डॉक्टर लकी जैन द्वारा 5000 हजार की मांग की गई थी पीड़ित 2000 हजार देने के लिए तैयार था, लेकिन 5000 हजार नहीं देने पर शव को सागर भेज दिया गया। जबकि पीड़ितजनों द्वारा पोस्टमार्टम संबंधी कोई सहमति नहीं जताई गई ना ही पैनल से पोस्टमार्टम करने की मांग की गई। परिजनों द्वारा लिखित शिकायत पत्र बंडा थाना में देकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

**सीएम हैल्पलाइन पर शिकायत के बाद सागर पहुंचे डॉक्टर लकी जैनः** सागर में परेशान होकर पीड़ित द्वारा सीएम हैल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर दी गई मामले को तत्काल संज्ञान में लिया गया और सागर के डॉक्टरों द्वारा बंडा से डॉक्टर लकी जैन को बुलाया गया तब जाकर पोस्टमार्टम किया गया। पीड़ित परिजन दुखी थे, क्योंकि घटना के एक दिन पहले ही मां की तेरहवीं थी, जिनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था इसलिए रिश्तेदार भी उनके घर मौजूद थे।

**इनका कहना है**

मुझे हत्या का मामला लग रहा था इसलिए शव को सागर भेजा था। पैसा मांगने के आरोप को भी निराधार बताया।

*डॉक्टर लकी जैन, बंडा*

## गढ़ाकोटा में पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां शुरू



**गढ़ाकोटा, आचरण।** नगर के अतिशय तीर्थ क्षेत्र पटेरिया जी में आगामी 16 मार्च से 21 मार्च 2026 तक पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोर-तौर से शुरू हो गई हैं। इसी संदर्भ में पूज्य मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी एवं मुनि श्री 108 जयेंद्र सागर जी महाराज का मंगल आगमन नगर में हुआ। मुनि संघ का जगह-जगह पर पाद प्रक्षालन करके एवं द्वारो पर रंगोली सजाकर आगवानी की गई। पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर जी ने मंगल प्रवचन में कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव एक महान आध्यात्मिक उत्सव हैं। जिसमें तीर्थंकर के जीवन की पांच कल्याणकारी घटनाओं गर्भ, जन्म, दीक्षा, केवल ज्ञान और मोक्ष को प्रतीकात्मक रूप में जीवंत कर, आत्मा से परमात्मा बनने की आध्यात्मिक यात्रा को दर्शाया जाता है। मूर्तियां प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजनीय बनती हैं। आगामी 4 जनवरी 2026 को अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी में महोत्सव के पात्रों का चयन किया जावेगा। मुनि श्री केआहार कराने का सौभाग्य प्रवीण सिंघई एवं नितिन शाह को मिला।

## 'नैतिकता और प्रागणिकता को अपने जीवन का आदर्श बनायें' धर्म करो न करो, अधर्म से बचो : मुनिश्री

**केसली, आचरण।** 'धर्म तो हमारे जीवन का आधार है 'धर्म को केवल धार्मिक क्रिआओं तक सीमित मत रखो, धर्म को अपने विचार, व्यवहार और आचरण में उतारो तभी आप सच्चे धर्मी कहलाओगे' उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने अपने अल्पप्रवास में 'सियरमऊ' में व्यक्त किये। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनिसंघ का प्रातः काल प्रवास हुआ तो सभी श्रद्धालुओं ने बहुत उत्साह के साथ मुनिसंघ की भव्य मंगल अगवानी की इस अवसर पर सिलवानी के युवामंडल एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दोपहर में शंकासमाधान के पश्चात मुनिसंघ का मंगल विहार हुआ तथा रात्रि विश्राम 'वन एवं अग्नि सुरक्षाचौकी' सिंहपुरी में होकर प्रातःकाल सिलवानी में मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि 'धर्म कोई ऊपरी क्रिया नहीं, धर्म आपके विचारों में होना चाहिये' जिससे हम ईर्श्या, द्वैष, और दूसरों की आलोचना, निंदा करने से बच सकें। उन्होंने कहा कि आजकल सबसे अधिक गंदगी तो सोशल मीडिया के माध्यम से फैलती है, आप लोग नकारात्मक बातों को फैलाने में बहुत जल्दी सक्रिय हो जाते है, इन सभी बातों से हमें बचना चाहिये उन्होंने कहा कि धुंआ उड़ाने की बजाए सुगंध फैलाने में हमारी रुचि होना चाहिये। उन्होंने समूचे बुन्देलखण्ड की तारीफ करते हुये कहा कि धर्म के प्रति जो आप लोगों की श्रद्धा, तथा गुरुओं के प्रति जो आकृषण दिखता है वह अन्यत्र बहुत कम दिखाई पड़ता है यह परम पूज्य गुरुदेव की कृपा का ही प्रसाद है 'उन्होंने इस धरती को अपनी श्रम साधना और शक्ति से सींच कर ऊसर भूमी को उर्वरक बना दिया। जिससे यहां पर धर्म की फसल लहलहा रही है, मुनि श्री ने सुखी होंने का मंत्र बताते हुये कहा कि बाहर से फसल तो हमारी अच्छी लहलहा रही है थोड़ा अंदर की ओर भी झांक कर देखो कि इसमें दोषों और दुर्वलताओं का कीड़ा तो



नहीं लगा? जब तक हम अपने आपको खुद झांककर नहीं देखेंगे तब तक हमारे धार्मिक होने का कोई महत्व नहीं उन्होंने कहा कि गुरुदेव हमेशा कहा करते थे कि धर्म भले ही कम करो लेकिन अधर्म करने से बचो गुरुदेव ने एक हायकू लिखा 'सुसंगति में रहो न रहो, कुसंग से बचो' उन्होंने कहा कि ग्रीन सिग्नल में गाड़ी नहीं बड़ाओगे तो लेट पहुंचोंगे लेकिन रेड सिग्नल में यदि गाड़ी बड़ाई तो चालान कटेगा ही कटेगा इसलिये जिन बातों को भगवान ने निषेध किया है वह सभी रेड सिग्नल है इनसे बचो, मध, मांस, मधु, रात्रिभोजन, अनीति, अन्याय, क्रूरता, हिंसा और नकारात्मकता फैलाने वालों से अपने आपको दूर रखोंगे तो आप भगवान के सच्चे भक्त कहलाओंगे। मुनि श्री ने कहा पूजा पाठ नहीं भी करोंगे तो चलेगा लेकिन अधर्म करने से अपने आपको हमेशा बचाइये। मुनि श्री ने सभी युवाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह बात आप लोगों को अवश्य समझना चाहिये क्योंकि आप ही परंपरा के ध्वजवाहक हो आने वाले समय मैं धर्म को आगे बढ़ाने का दाईत्व आप लोगों के कंधे पर ही है इनमें भटकाव नहीं बदलाव आना चाहिये।

## ठंड का बढ़ा प्रकोप, सार्वजनिक स्थलों पर नहीं जले अलाव, प्रशासन बेसुध

आचरण संवाददाता

**देवरीकलां।** पिछले कुछ दिनों से ठंड ने अचानक तेज रफ्तार पकड़ ली है। सुबह-शाम पारा तेजी से गिर रहा है और दिन भर ठंडी हवाएं लोगों की कंपकंपी बढ़ा रही हैं। लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका परिषद देवरी ने अब तक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव व्यवस्था शुरू नहीं की है। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव न होने से लोगों को ठिठुरन भरी रातें काटनी पड़ रही हैं। नतीजतन दिहाड़ी मजदूरों, कामकाजी लोगों, राहगीरों और रात में बाहर रहने और यात्रा करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग रात के समय नगर की सड़कों पर लोग टायर, रद्दी कागज और कूड़ा-करकट जलाकर किसी तरह ठंड से बचने की जुगाड़ करते दिखाई दे रहे हैं।



कई जगह प्लास्टिक और पॉलिथिन जलाए जाने से जहरीला धुआं वातावरण में फैल रहा है, जिससे पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है 'ठंड लगातार बढ़ रही है, लेकिन नगर पालिका देवरी ने अब तक लकड़ी की कोई व्यवस्था नहीं की। मजबूरी में कचरा जलाकर ही खुद को बचाना पड़ रहा है। नगरवासियों ने नगर पालिका से प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे नगर पालिका चौराहा, बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विवेकानंद चौराहा, पुलिस चौकी, सहजपुर चौराहा सहित विभिन्न वार्डों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तत्काल अलाव की व्यवस्था शुरू करने की मांग की है। बढ़ती ठंड के बीच नगर पालिका की इस लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

## सांदीपनि विद्यालय रहली में संतुलित आहार एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

आचरण संवाददाता

**रहली।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग आधारित कार्यक्रम के तहत सांदीपनि विद्यालय रहली के उत्कृष्ट सभागार में विद्यार्थियों द्वारा संतुलित आहार एवं विज्ञान के प्रोजेक्ट एवम मॉडल के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम की संयोजक सपना रजक, साक्षी जैन स्नेहलता जैन एवं ऋची जैन ने संतुलित आहार प्रदर्शनी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है जो कि हमें स्वच्छ और संतुलित आहार से प्राप्त होता है। नवीन शिक्षा पद्धति में छात्रों को किताबी ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक ज्ञान की ज़्यादा जरूरत है जिससे वो अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। संतुलित आहार मेला में अंकुरित अनाज, गेहूं की खीर, इडली, कस्टर्ड, फ्रूट सलाद, लेमन मिंट टी, टमाटर सूप, गाजर का हलवा के स्टॉल लगाए। विज्ञान



के क्रियाशील मॉडल में जंतु कोशिका, मानव कोशिका, भूकंप सूचक यंत्र, श्वसन तंत्र एवं डीएनए के क्रियाशील मॉडल प्रदर्शित किए गए, विभिन्न चार्ट एवं पोस्टर के माध्यम से संतुलित आहार की उपयोगिता एवं विज्ञान मॉडलों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक संचालक लोक शिक्षण रहली स्वाति दुबे, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली प्राचार्य विजय कुमार पचौरी एवं सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, नीरज नेमा द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर रेखा चौरसिया, मनीष शास्त्री, कमलेश चौबे, शैलेंद्र जैन, संतोष जैन, विश्वेश्वर सिंह ठाकुर, ज्योति राजावत, यशी पटेरिया, लकी लक्षकार, देवेंद्र कतरोलिया, सचिन शुक्ला, प्रवीण सिंघई, रवि अहिरवार, यतेंद्र समाधिया, शिवशंकर रैकवार, आशीष साहू, प्रियंका स्वर्णकार सहित समस्त सांदीपनि विद्यालय स्टॉफ ने सहभागिता की।

# 27 मुनिराजों का केसली में हुआ भव्य आगमन

आचरण संवाददाता

**केसली।** गणाचार्य 108 श्री विरागसागर मुनिराज के शिष्य पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी सागर का मंगलवार को 27 मुनि राजों सहित केसली में आगमन हुआ। नगर से 3 किलोमीटर दूर मंडी कार्यालय से भव्य आगवानी हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मुनि राजों के चरण पखार करके आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा महान है गुरु को ईश्वर से बड़ा कहा गया है परंतु हे मनीशियों एक बात ध्यान रखना भगवान मनुष्य ही बनते हैं, अतः भगवान को मनुष्य के रूप में देखना प्रारंभ करो, उन्होंने अपने जीवन में किस प्रकार से जीवन जिया और वह कैसे भगवत स्वरूप को प्राप्त हुए, उनके मनुष्य जीवन को देखकर अपना कर यदि जीवन जीते हैं तो हम भी उनके रास्ते पर चलने की ओर अग्रसर होते इसलिए भगवान को मनुष्य रूप में देखना चाहिए उनका अनुकरण करना चाहिए। पांच पाप के त्याग रूप जो दीक्षा है जिसे मुनि दीक्षा कहते हैं वह इसलिए ग्रहण की जाती है ताकि पुनः कभी दीक्षा ना लेना पड़े, अर्थात नियम आदि सुधार के लिए लिए जाते हैं अपने आप को बड़ा दिखाने के लिए नहीं, क्योंकि जैन दर्शन



आत्म दर्शन का मार्ग है प्रदर्शन का नहीं, प्रदर्शन तो कोई भी बहरूपिया, या नायक कर लेता है परंतु मोक्ष मारे का नायक तो मात्र आत्म दर्शन करता है तभी वह महावीर आदिनाथ जैसे तीर्थंकर आदि सिद्धत्व को प्राप्त करता है। जैन दर्शन प्रसन्नता का मार्ग है, आप प्रसन्नता अर्थात दुखों के कर्म को दृष्टि से दूर करके निज की ओर देखो यही मुक्ति का साक्षात मार्ग है। यह प्रशस्तियों में अपना नाम लिखवाने का मार्ग नहीं अपने परिणामों को प्रशस्त अर्थात विशुद्ध करने का मार्ग है। क्रोध मान माया आदि बुरे परिणाम दुख को देने वाले ही हैं दुख के कारण ही हैं। अतः विशुद्ध ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। आज गणाआचार्य विरागसागर जी का 42वां मुनि दीक्षा दिवस है जो प्रेरणा देता है कि हमें भी इस वीतरागी मुनि दीक्षा की ओर कदम बढ़ाना चाहिए जो साक्षात विशुद्धि का स्थान है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन ने भी मुनि श्री को श्रीफल भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया। कल सुबह सहजपुर में भव्य आगवानी एवं आहारचर्या सम्पन्न होगी। इस अवसर पर देवरी के पूर्व विधायक सुनील जैन ने पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विमल कुमार देवड़ियां, सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल सिंघई, बड़ा जैन मंदिर अध्यक्ष अतुल भाई देवड़ियां, बीच का मंदिर अध्यक्ष अविनाश व्या



(राजा), छोटा जैन मंदिर अध्यक्ष प्रमोद पटवारी, निर्मल सिंघई, दीपेश बड़कुल, अशोक बड़कुल, राजू सिंघई, ज़िन्नू सट्टेदार, विवेक मोदी, नरेश मिठया, प्रदीप व्या, सोनू व्या, देवेंद्र भाईजी, राहुल सिंघई, यश मोदी, शेरू जैन, संजय सिंघई, कलू बमनी वाले, कमल ईश्वरपुर वाले, अतुल बजाज, रंजीत बजाज, दीपक जैन सहित तेंदूखेड़ा, टडा नन्हदेवरी, जैतपुर, पुतर्रा आदि विभिन्न जगहों से हजारों की संख्या में सभी वर्गों के श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

**शोभायात्रा** भगवान की भव्य शोभायात्रा के साथ विशाल घटयात्रा निकली, पहुंची मंडी प्रांगण

# ध्वजारोहण जिंदगी का सबसे बड़ा मंगलाचरण है, आनंद के अवसर हैं यहां भाग्य में बदलें: मुनिश्री

**अशोकनगर, आचरण।** पंच कल्याणक महोत्सव आपके जीवन का मंगल चरण करके आयें प्रकृति कहती हैं। अपने जीवन को इतना अच्छा बनाओ जिससे ये सृष्टि सुंदर हो जाये प्रकृति तुम जैसा करोंगे तो प्रकृति कुछ भी नहीं है निर्णय हमें करना है इस को कितना मंगल बनना है किंचित मात्र भी अमंगल नहीं होगा तुम्हारी जिंदगी में कभी अमंगल नहीं हो गया प्रकृति मंगलाचरण नहीं कर सकती प्रकृति कहती हैं कि तुम मंगला चरण करों मैं तुम्हारे जीवन में मंगल ही मंगल हो दुनिया का सोच समाप्त हो जाता है वहां से सोच प्रारंभ होता है उक्त आश्य केउद्गार मंडी प्रांगण स्थिति अयोध्या नगरी में विश्वशांति महायज्ञ को सम्बोधित करते हुए निर्माणकाचार्य मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।





**बहुत लम्बी प्रतीक्षा करने के बाद हम हर्ष के साथ विश्वशांति महायज्ञ मना रहे हैंः** इस के पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज की बहुत ही शुभ घड़ी है जब हम भगवान जिनेन्द्र देव के पंच कल्याणक महामहोत्सव के रूप में आज से मनाने जा रहे वर्षों की समाज की तपस्या के बाद हमें भगवान का महामहोत्सव मनाने का अहो भाग्य प्राप्त हो रहा हो इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, उपाध्यक्ष अजित बरोदिया, प्रदीप तारई, राजेन्द्र अमन, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, मंत्री शैलेन्द्र श्रागर, मंत्री विजय धुर्रा, मंत्री संजीव भारिल्य, मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार, आडिटर संजय के टी, संयोजक मनोज रन्नौद, उमेश सिंघई, मनीष सिंघई, श्रेयांसघैला थूवोन, अध्यक्ष अशोक जैन, टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास, विपिन सिंघई, पूर्व अध्यक्ष रमेश चौधरी, पूर्व संयोजक डॉ डी के जैन साथियों सहित अन्य प्रमुखजनों द्वारा मुनि संघ को श्री फल भेंट किया गये।

**भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकालकर अयोध्या नगरी पहुंचीः** आज प्रातः काल की बेला में सुभाषगंज से भगवान की भव्य रथयात्रा परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज ससंघ के विशाल संघ चल रही थी इस भव्य शोभायात्रा में आगे-आगे अपने सिर पर कलश लेकर माता बहने चल रही थी इसके बाद सभी प्रमुख पात्र विभिन्न रथों पर चल रहे थे उनके पीछे विभिन्न मंडलों के परम पूज्य मुनि संघ चल रहा था रास्ते में भक्तों ने पूज्य के श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया यह शोभायात्रा अयोध्या नगरी पहुंचे कर धर्मसभा में बदल गई।

## गोंडवाना वीरों को सम्मानः संस्कृति विभाग का 'जननायक महोत्सव'

**रहली, आचरण।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा विस्मृत हो चुके गोंडवाना वीरों के अद्वितीय योगदान और उनकी गौरवशाली परंपरा को पुनः जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय 'जननायक महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव आदिवासी इतिहास के पुनरुत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी सांस्कृतिक पहल साबित हो रहा है।

**प्रथम दिवसः** राजा श्यामल साह की गाथा से शुभारंभ कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों की संख्या में दर्शक पहले दिन के आयोजन के लिए उपस्थित हुए। महोत्सव का शुभारंभ गोंडवाना के पराक्रमी राजा श्यामल साह की वीर गाथा के प्रभावशाली नाटकीय मंचन के साथ हुआ। पेशेवर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस वीरगाथा को दर्शकों ने अत्यंत उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव के साथ देखा। दर्शकों ने गोंडवाना शासकों के साहस,



बलिदान और गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करते हुए उनकी वीरता की सराहना की।

**द्वितीय दिवसः** महोत्सव के दूसरे दिन राजा हीरा खान की प्रेरणादायी गाथा का मंचन किया गया।

**तृतीय एवं अंतिम दिवसः** महोत्सव का समापन गोंडवाना की महान शासिका रानी दुर्गावती की अदम्य शौर्य-गाथा के भव्य नाटकीय प्रदर्शन के साथ होगा। इस महोत्सव में विभिन्न गोंडवाना वीरों की ऐतिहासिक और प्रेरणादायी वीरगाथाओं को नाटकीय रूप में मंचित किया जा रहा है, जिससे उनकी बलिदान और गौरवपूर्ण विरासत को चिरस्थायी बनाया जा सके। मप्र शासन के जनसंस्कृति विभाग द्वारा आयोजित गौंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित तीन दिवसीय नृत्य नाटिका का आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गोपाल भार्गव अध्यक्षता नपा अध्यक्ष देवराज सोनी, राजेंद्र जारोलिया, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, पार्षदगण अमित नायक, राजेंद्र सिंह, डॉ. मनोज जैन सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। संचालन घनश्याम दुबे, आशीष उपाध्याय ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचकुंडीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया



**पठारी,आचरण।** पठार वाले हनुमान मंदिर पर पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रों और भक्ति भाव से यज्ञ ध्वज की स्थापना की गई। 16 जनवरी से पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ प्रारंभ करने का संकल्प लिया गया। श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव एवं निःशुल्क कन्या विवाह समारोह का आयोजन पठार वाले श्री हनुमान मंदिर परिसर में होगा। भारत भ्रमण तीर्थ यात्री दल और नगरवासियों के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य रूप में होगा। कथा का रसपान नवेली कुंज, वृंदावन धाम के आचार्य बाल कृष्ण दास महाराज के दिव्य वचनों से होगा। कथा का समापन 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन होगा। इसी दिन निःशुल्क कन्या विवाह समारोह भी होगा। यह आयोजन समाजसेवा की मिसाल बनेगा। यह ध्वज स्थापना परंपरा का निर्वहन ही नहीं, बल्कि सात दिवसीय धार्मिक उत्सव का शुभ संकेत और नववर्ष में शुभता का संदेश मानी जा रही है। इसी दौरान पंडित रमेश रिछारिया, राकेश सिंघई, देविंद्र सिंह ठाकुर,हरनाम ठाकुर, होशियार यादव, अरुण सहेले, शैलेंद्र जैन, देवेंद्र सिंह परिहार,राजेश व्यास, कमलेश यादव, गिरिराज किशोर दीक्षित,आनंद सिंह ठाकुर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 20 रुपये के प्रीमियम से मिला 2 लाख का क्लेम, योजना बनी संबल

**पठारी,आचरण।** जीवन की अनिश्चितताओं के बीच केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक बार फिर जरूरतमंद परिवार के लिए वरदान साबित हुई है। ग्राम बड़ोह निवासी अहिरवार परिवार को इस योजना के तहत 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार, श्रीमती प्रेम बाई अहिरवार का हाल ही में एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होंने अपने बैंक खाते के माध्यम से मात्र 20 रूपए वार्षिक प्रीमियम वाली प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ ले रखा था। इसके चलते भारतीय स्टेट बैंक, पठारी शाखा द्वारा उनके नॉमिनी कमलेश अहिरवार को 2 लाख की बीमा राशि का भुगतान किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अविनाश परिहार ने कहा कि लोग अक्सर 20 जैसी छोटी राशि को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यही छोटी बचत संकट के समय परिवार के लिए बड़ा सहारा बन जाती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस योजना से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें। बैंक की इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### राज्यस्तरीय भक्तावर गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला



**विदिशा,आचरण।** राज्य स्तरीय भक्तामर गायन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार विदिशा आदिनाथ मंडल ने हासिल किया है। भोपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न शहरों से आमंत्रित भजन मंडलियों ने हिस्सा लिया है। विदिशा मंडल का नेतृत्व अभिषेक जैन ने किया, सहयोगी कलाकार अशोक जैन बुर्रो एंव पीयूष मित्रा शामिल रहे। आदिनाथ भक्तामर मंडल नियमित भक्तामर पाठ विगत तीन वर्षों से मंदिरों में कर रहा है।

### 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा

**बेगमगंज,आचरण।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सुहाने रायसेन के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति बेगमगंज द्वारा न्यायालय परिसर में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। तहसील न्यायालय बेगमगंज के द्वितीय जिला न्यायाधीश सचिन द्विवेदी द्वारा बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में लंबित राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के क्लेम प्रकरण, भरण पोषण, घरेलू हिंसा, पारिवारिक मामले, अपराधिक सिविल राजीनामा योग्य अपील, श्रम, विद्युत प्रकरण एवं समस्त दीवानी मामले रखे जा रहे हैं।

## कागज़ों में मरम्मत, ज़मीन पर गड्ढे, आवागमन प्रभावित

# पीएम सड़कों के बुरे हाल, मेंटेनेंस की तरफ नहीं कोई भी ध्यान

आचरण संवाददाता



**रायसेन।** जिले के गैरतगंज में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बीते वर्षों में बनी गैरतगंज तहसील क्षेत्र की सड़कें अब जर्जर स्थिति में हैं। आरोप है कि सड़कों के मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं निभाई गई हैं, जिसके चलते सड़कों के हालात सुधरे नहीं और आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। बारिश बाद होने वाले मेन्टेन्स को भी विभाग कागजों तक सीमित रखे हुए है। तहसील क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक प्रधानमंत्री सड़कों की हालत इतनी खराब है कि इन पर सफर करना जोखिम भरा हो गया है। कई जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, तो कहीं सड़क का वजूद ही खत्म होकर वह कच्ची सड़क में बदल गई है। स्थानीय निवासी आशीष कुमार, नरेंद्र सिंह, राजेन्द्र, रकीब, महेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि इन सड़कों का विभाग के मेंटेनेंस नही कराया तथा विभाग भी ठेकेदारों से मिलीभगत कर कागज़ों में ही मेंटेनेंस दर्शाकर बड़ी गड़बड़ियाँ कर रहा है। वर्तमान में मेंटेनेंस का कार्य प्रधानमंत्री सड़क विभाग के पास है और विभाग पर हर वर्ष सड़क सुधार के नाम पर करोड़ों रुपये का गड़बड़झाला करने का आरोप लग रहा है। सड़कों में गड़बड़ियों के कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ लीपापोती की गई है जिसमे तहसील मुख्यालय से उंसरमेटा-खिड़की सड़क को कुछ मीटर के हिस्से में बगैर बेस, साइडों को बिना भरे ही डामर की लीपापोती कर मेंटेनेंस दर्शा दिया गया। वर्तमान में सड़क पर चलना दूभर है। चांदोनी-गढ़ी सड़क सड़क किनारे सिर्फ पत्थरों की पुताई करके विभाग ने मेंटेनेंस का काम पूरा दिखा दिया। इसके अलावा मुख्यालय से रम्पुरा कलां, अंधियारी, गढ़ी से अगरिया कलां, हिनोतिया खास, रजपुरा, जुझारपुर, शोभापुर, तिजालपुर, बम्होरी घाट, खमरिया गंज, बेहरा, सर्रा, बांसादेही, पड़रिया गंज सहित दर्जनों अन्य सड़कों की हालत बेहद खराब बनी हुई है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री सड़क विभाग का मुख्यालय गैरतगंज से लगभग 50 किलोमीटर दूर रायसेन में स्थित है, जहाँ से सभी सड़कों की मॉनिटरिंग होती है। शिकायत है कि मैदानी अमले में तैनात कर्मचारी मौके पर जाने के बजाय घर बैठे ही कागजी खानापूर्ति में लगे हुए हैं। जिला मुख्यालय पर बैठे अधिकारी भी कथित तौर पर मिलीभगत करके सड़क सुधार के नाम पर शासन को चूना लगा रहे हैं।

## रोजगार मेला में 9 कम्पनियों में 237 बेरोजगार हुए चयनित

आचरण संवाददाता

**बेगमगंज।** जनपद पंचायत प्रांगण में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी के मुख्य आतिथ्य त व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष व पार्षद अजय जाट के विशेष आतिथ्य एवं जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक आशुतोष गुप्ता, आईआईटी प्राचार्य प्रदीप ख़ातिरदार, श्रम अधिकारी जीएस मेहदेले, एसडीएम सौरभ मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद उइके, ग्रामीण आजीविका मिशन समन्वयक सुधीर सोनी, कमलेश रघुवंशी एवं जिला पंचायत से राजेंद्र रघुवंशी सहित शामिल कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रोजगार मेला संपन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में बेरोजगार पहुंचे और मेले का लाभ उठाया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत एवं शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में संपन हुआ। क्षेत्र के बेरोजगार युवा - युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से हर माह की द्वितीय मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। आज जो कंपनियों ने भाग लिया जिसमें 301 बेरोजगारों द्वारा पंजीयन कराया गया। जिसमें 9 कंपिनियो द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार साक्षात्कार के बाद 237 बेरोजगारों को चयनित किया गया। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का बैंकों से स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए चयन कर प्रकरण संबंधित बैंकों को भेजे जा रहे हैं। पंजीकृत 301 बेरोजगारों में से 9 कंपिनियो में शिवशक्ति एग्रीटेंक 39 , समर्थन ग्रुप 13, पुखराज हेल्थकेयर37, नवभारत फर्टिलाइजर 07, एनआईआईटी 04, आर सेफ्टी 14 , माइड्रेट स्पोर्ट 25, सागर ग्रुप मेन्युफेक्चिरिंग 12 एवं यशस्वी ग्रुप 86 इस प्रकार कुल 237 बेरोजगार युवा-युवतियों का चयन किया है।

## गुम हुए मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रायसेन पुलिस ने ऑपरेशन मॉय फोन अभियान के तहत सफलता हासिल की है। सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता ने सभी थाना प्रभारियों को मोबाइल की खोजबीन के निर्देश दिए थे। साथ ही एक विशेष टीम का गठन कर मोबाइल बरामदगी के प्रयास तेज किए गए।पिछले एक माह में रायसेन पुलिस ने जिले के भीतर और बाहर से कुल 76 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रूपये आंकी गई है। मंगलवार को एसपी आशुतोष गुप्ता ने पुलिस कंट्रोल रूम में वास्तविक मालिकों को लौटाए जिससे आवेदकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने एसपी को धन्यवाद दिया और उन्होंने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो बाइक की भीषण भिड़ंत में दो की मौत

आचरण संवाददाता

**बेगमगंज।** सोमवार का दिन दुर्घटनाओं के नाम रहा जहां सुबह एक बस बाइक चालक को बचाने के चक्कर में खेत में उतरी गई। वहीं आयशर और बाइक की टक्कर में दो की दर्दनाक मौत एक गंभीर घायल को भोपाल रेफर किया गया तो वहीं रात करीब साढ़े आठ बजे तीसरी घटना सुल्तानगंज मार्ग पर बीडी कॉलोनी के आगे सामने आई, जहां दो बाइकों की आमने सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई। तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सागर के मेडिकल हॉस्पिटल रेफर किया गया है। जबकि प्रत्यक्ष दर्शीयों ने चौथे घायल के बारे में भी बताया लेकिन पुलिस की तलाश करने के बावजूद वह कहीं नजर नहीं आया। दुर्घटना में तीन लोग ही नजर आए। एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एक बाइक अमोली से बेगमगंज आ रही थी जबकि दूसरी बाइक बेगमगंज से कीरतपुर जा रही थी दोनो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत होने से एक बाइक पर सवार ग्राम अमोली निवासी द्वारका आदिवासी पिता मूरत सिंह आदिवासी 25 वर्ष और दूसरी बाइक पर सवार कीरतपुर गांव निवासी करन सिंह पिता बारेलाल 22 वर्ष की मौत हो गई मृतक के साथ पीछे बैठा सोमराज पिता हरिनारायण 40 वर्ष निवासी कीरतपुर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक होने के कारण सागर मेडिकल हॉस्पिटल रेफर किया गया है। सोमवार के दिन लगातार हुई तीन घटनाओं को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, टीआई राजीव उईके, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, कथा वाचक पंडित शिवनारायण शास्त्री, जमीयत के सदर मौलाना सैयद जैद अली, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ जितेंद्र सिंह तोमर, मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष हाजी शफीक अली, जैन समाज अध्यक्ष अक्षय जैन शर्राफ, आदि ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियंत्रित गति में वाहन चलाएं ताकि खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षा प्रदान करें।

## स्वच्छता की बातें करने वाले अधिकारी खुद लगा रहे अभियान को पलीता

आचरण संवाददाता

**सांची।** प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को बड़े जोर शोर से चलाया जाता है तथा इस अभियान के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की भेंट चढ़ जाती हैं परन्तु सरकारी विभाग स्वयं इस अभियान के प्रति जागरूक नहीं हो सके, तब अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन विभागों के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कहां तक सफल हो रहा होगा। ऐसा ही मामला नगर के जनपद पंचायत कार्यालय का बना हुआ है। इस जनपद पंचायत अंतर्गत 83 ग्राम पंचायत आती हैं तथा यह जनपद पंचायत इन पंचायतों में कैसे स्वच्छता अभियान चला पा रही होगी, इस जनपद पंचायत परिसर में गंदगी ने पांव पसार लिए हैं जबकि इस परिसर में हर दूसरे दिन सरपंच सचिवों की बैठक आयोजित की जाती रहती हैं तब परिसर की गंदगी कहीं न कहीं विपरीत संदेश पंचायतों में पहुंचाने मे सफल हो रही होगी ।इस कार्यालय के कर्ताधर्ता अपने कार्यालय के अनुपयोगी कागजों का ढेर लगाकर भूल जाते है जिससे यह कागज एव पॉलिथिन इस परिसर में ही विचरण करने वाले पशुओं का आहार बन जाते है जिससे पशुओं का जीवन भी खतरे में पड़ जाता हैं वैसे भी यह परिसर आवारा पशुओं की सुरक्षा गाह रहने से पशु खुले आम विचरण करते दिखाई दे जाते है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वच्छता अभियान का संदेश देने वाले दफ्तर स्वयं गंदगी फैला रहे। न ही इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं। यह अभियान सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है।

## समीक्षा बैठक में राज्य स्तरीय दल द्वारा जिले की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** राज्य स्तर से जिले का औपचारिक निरीक्षण एवं समीक्षा कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। इस दौरान जिला ओ.आई.सी. डॉ. हिमानी यादव (उप संचालक, शिशु स्वास्थ्य) तथा राज्य सलाहकार सौरभ गौर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ पीआईपी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन एवं विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया, उनमें जिले में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वर्तमान प्रगति का मूल्यांकन तहत जानकारी दी गई। तदानुसार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों की स्थिति और सुधार के संभावित उपाय की निहित बिंदुओं में पीआईपी हेतु आवश्यक वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों की समीक्षा जिले की प्राथमिकताओं, आवश्यकताओं एवं संसाधनों के अनुरूप आगामी प्रस्तावों की रूपरेखा स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध मानव संसाधन, अवसंरचना एवं उपकरणों की स्थिति पर चर्चा सेवा वितरण की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सुझाव एवं कार्यनीतियाँ राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन राज्य टीम ने जिले के स्वास्थ्य सूचकांक मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा ृनिर्देश प्रदान किए। उन्होंने पीआईपी प्रस्तावों को अधिक व्यावहारिक बनाने आदि में बारे में जानकारी दी।

## अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन करते डंपर पकड़ा

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** रायसेन खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बगैर रॉयल्टी के गिट्टी का परिवहन करते एक डंपर एमपी04 एचई 3918 पर कार्रवाई की है। कार्रवाई कर नियम पूर्वक स्थानीय सलामतपुर पुलिस के सुपुर्द किया है। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता की टीम द्वारा सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल विदिशा हाइवे 18 मार्ग पर खनिज परिवहन करते हुए गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान अवैध रूप से बगैर रॉयल्टी के गिट्टी से भरे हुए डंपर को ज़ब्त किया है। अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गिट्टी डंपर को कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग द्वारा स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों के मुताबिक वाहन मालिकों पर जुर्माना किया जाएगा। शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी सलामतपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से ईटों का परिवहन करते हुए तीन वाहनों पर कार्रवाई की गई थी। गौरतलब है कि आसपास क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से ईंट भट्ठो का संचालन किया जा रहा है। और ये ईंटें भोपाल भेजकर अधिक कीमत पर विक्रय की जाती है। खनिज विभाग महीने में एक दो बार ही कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लेता है। जबकि यहां पर बिना परमीशन के सैंकड़ों भट्टे संचालित हो रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्ठों के धुएं से गांवों में सांस की बीमारियां फेल रही हैं। जिससे बच्चे भी पीड़ित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है। सुमित गुप्ता, खनिज विभाग रायसेन ने बताया कि भोपाल विदिशा हाइवे पर बिना रॉयल्टी बिना कागज़ात के गिट्टी का परिवहन करते हुए एक डंपर को पकड़ा है। जिसे सुरक्षा की दृष्टि से सलामतपुर थाने में खड़ा करा दिया गया है। और शीघ्र ही अवैध ईंट भट्ठों पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांसिया टपरा गांव में मंगलवार सुबह 18 वर्षीय जमुना सहरिया ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना करीब सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक बच्ची जब घर के अंदर गई, तो युवती को लटका हुआ देख चीखते हुए बाहर आ गई। शोर सुनकर घर के बाहर बैठे परिजन दौड़ते हुए अंदर पहुंचे, जहां जमुना घर की चादर के पाइप से फांसी पर झूलती मिली। परिजन तत्काल उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान जमुना सहरिया, पिता स्व. धारू सिंह सहरिया निवासी बांसिया टपरा के रूप में हुई।

## आयोजन

## मुनिश्री संभवसागर महाराज की प्रवचन सभा

# भक्ति और समर्पण में कोई विकल्प नहीं होताः मुनिश्री

आचरण संवाददाता



**विदिशा।** भक्ति में सिर्फ समर्पण होता है, उसमें कोई विकल्प नहीं होता' जितना जितना आपका भगवान और गुरु के प्रति अनुराग और समर्पण होगा, उतने ही आपके परिणाम निर्मल होंगे और कर्म अपने आप दूर होते चले जाऐंगे। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण संभवसागर महाराज ने प्रातःप्रवचन सभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जिनके प्रति हमारा राग होता है,उनसे कभी कोई गिला सिकवा नहीं होता उन्होंने फिरोजाबाद की नसियां का एक उत्कृष्ट संस्मरण सुनाते हुये कहा कि बात 1975 की है जब आचार्यश्री विद्यासागर महाराज फिरोजाबाद पहुंचे तो वह नये नये साधू थे और कोई उनका नाम भी नहीं जानता था। नसियां जी के मैंनेजर ने जब बात की जानकारी सेठ छदामीलाल को दी कि कोई युवा आचार्य पधारे है और उनके साथ एक क्षुल्लक जी है तो उनके माथे पर बल पड़ गये कि चातुर्मास का समय है यदी महाराज रूक गये तो?लेकिन जैसे ही उनको यह जानकारी मिली कि यह तो चतुर्थ कालीन चर्या के धारी आचार्य विद्यासागरजी महाराज है,तो वह प्रोफेसर नरेन्द्र प्रकाश के साथ वहां पर आये और उन्होंने आचार्य गुरुदेव की चर्या को देखा और उनसे प्रभावित हुये तथा उनसे चातुर्मास हेतु निवेदन कर दिया। चातुर्मास प्रारंभ हो गया तो उनके प्रवचनों से प्रभावित होकर पांडाल भी छोटे पड़ने लगे और प्रतिदिन गुरुदेव की प्रभावना संपूर्ण फिरोजाबाद में फैल गई। सेठ छदामीलाल प्रतिदिन गुरुदेव के पड़गाहन हेतु पहले दिन से ही खड़े होते थे लेकिन गुरुदेव उनकी ओर देखते तथा मुस्कुराते हुये नसियां से बाहर लगभग दो कि. मी. दूर शहर की ओर निकल जाते, ऐसा करके एक माह दो माह तीन माह निकल गये लेकिन सेठजी को पड़गाहन नहीं मिला। कहते हैं कि भगवान भी भक्त के धैर्य की परिक्षा लेते हैं,चातुर्मास समापन होने को आया लेकिन सेठजी बिल्कुल भी आकुल व्याकुल नहीं थे, उनके धैर्य की परीक्षा थी और उस धैर्य में ऐसे पास हुये कि भगवान महावीर के निर्वाण कल्याणक महोत्सव दीपावली के दिन उन्होंने पड़गाहन कर गुरुदेव को आहार कराये। मुनि श्री ने कहा कि है आप लोगों को इतना धैर्य दो तीन दिन होते है तो आप लोगों का धैर्य जवाब देने लगता है और तो और गुरुजी पर आरोप लगाने से भी नहीं चूकते। फौरन मुंह से निकल जाता है कि महाराज जी तो चीन्ह चीन्ह कर जाते है, लेकिन सेठजी पहले दिन से ही खड़े है लेकिन परिणामों में कोई आकुलता व्याकुलता नहीं और भक्तिभाव से खड़े रहे। यही होती है परिणामों की निर्मलता और भक्त की भगवान के प्रति परिक्षा और इसी को कहते है। भक्तिभाव और गुरु के प्रति जब समर्पण जहां पर सिर्फ भक्ति होती है लेकिन कोई गिला सिकवा नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब भी कोई समस्या आये तो णमोकार महामंत्र का स्मरण कर लिया करो यह महामंत्र आपकी सभी समस्याओं का टूल है तथा णमोकार महामंत्र को आप किसी भी समय पर किसी भी हालत में पड़ सकते है।

## नरवाई प्रबंधन में कारगर साबित हो रहा सुपर सीडर, किसान ने की बोवनी

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे नरवाई प्रबंधन अभियान का सकारात्मक असर लगातार दिखाई दे रहा है। विकासखंड नटेरन अंतर्गत ग्राम पंचायत दिघौनी के प्रगतिशील किसान श्यामसुंदर माथुर ने इस वर्ष भी अपने खेत में सुपर सीडर के माध्यम से उन्नत किस्म के गेहूं बीज की बौनी की है। कृषक श्री माथुर ने वर्ष 2024 में कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से लॉटरी द्वारा सुपर सीडर प्राप्त किया था। रबी वर्ष 2024-25 में उन्होंने इसी मशीन से अपने खेत में गेहूं की बुवाई की थी, जो अत्यंत सफल रही। इसके साथ ही उन्होंने अपने सुपर सीडर से क्षेत्र के अन्य किसानों के खेतों में भी बुवाई कराई, जिससे किसानों में आधुनिक यंत्रों को अपनाने के प्रति उत्साह बढ़ा है। क्षेत्रीय कृषि अधिकारी श्री रजत जैन द्वारा पंचायत स्तर पर चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं नरवाई प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रमों का भी किसानों पर अच्छा प्रभाव पड़ा है। इससे क्षेत्र में नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों से उन्नत कृषि यंत्र अपनाने की अपील की गई है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन हेतु उपलब्ध कराए जा रहे आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, श्रेडर आदि का उपयोग करें। उन्होंने जन प्रतिनिधियों से भी इस दिशा में प्रयास बढ़ाने का आग्रह किया। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, श्रेडरध्मल्चर, बेलर, स्लेशर सहित विभिन्न यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि आज निर्धारित की गई है।

**प्लेसमेंट का सुनहरा अवसरः विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में 10 दिसम्बर को द्वारा मेगा ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसी भी ट्रेड से आईटीआई पास आउट एवं किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा धारी छात्रों द्वारा आवेदन किया जा सकता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई, लर्सन एंड टर्बो, साशा इंटरनेशनल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स जैसी पापुलर कम्पनीज में प्लेसमेंट का अवसर दिया जा रहा है।

## जहाज निर्माण क्लस्टर विकास योजनाओं पर सरकार ला रही दिशानिर्देश

नई दिल्ली, केंद्र सरकार जहाज निर्माण क्लस्टर विकास और वित्तीय सहायता योजनाओं के लिए दिशानिर्देश बनाने पर काम कर रही है, जिन्हें जल्द ही जारी किया जाएगा। समुद्री अर्थव्यवस्था के विकास के लिए ये योजनाएं 45,000 करोड़ रुपये की हैं। उद्योग और सरकारी सूत्रों ने बताया कि सरकार के कदम से इस क्षेत्र में औपचारिक रूप से निवेश की रूपरेखा तैयार होगी। समुद्री उद्योग से जुड़े एक कार्यकारी अधिकारी ने कहा, 'उद्योगों से परामर्श के लिए तीन दौर की बैठकें पहले ही हो चुकी हैं और चौथे चरण की बातचीत हुई। उद्योग के लिए निवेश योजनाएं तैयार हैं। इनकी औपचारिक शुरुआत के साथ प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।'

कुल 24,736 करोड़ रुपये की जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना को 31 मार्च, 2036 तक विस्तार दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य देश में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है। इसमें 4,001 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट प्रावधान भी शामिल है। इससे पहले के जहाज निर्माण सहायता कार्यक्रम के प्रति उद्योग जगत ने अधिक उत्साह नहीं दिखाया था और इसमें उनकी सीमित भागीदारी रही। इस बार अधिक से अधिक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने डिलिवरी अवधि में शिपयार्ड को दिए जाने वाले लाभ के लिए मानक बनाए हैं।

एक सरकारी अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, 'इस बार हम यह पूरी तरह सुनिश्चित करेंगे कि योजना में कंपनियां अधिक से अधिक रुचि दिखाएं। इस बारे में परामर्श के लिए कई दौर की बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। सभी पहलों का कार्यान्वयन सही तरीके हो, इसकी निगरानी के लिए राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन स्थापित किया जाएगा। नई योजना के तहत 100 करोड़ रुपये से कम मूल्य वाले जहाजों को 15 प्रतिशत सहायता मिलेगी, जबकि इससे ऊपर की कीमत वाले जहाजों को 20 प्रतिशत सहायता दी जाएगी। विशेष, ग्रीन, हाइब्रिड और विशेष रूप से तैयार जहाज 25 प्रतिशत सहायता के लिए पात्र होंगे। लगभग 20,000 करोड़ रुपये के जहाज निर्माण क्लस्टर विकास कार्यक्रम में जहाज निर्माण क्लस्टर के लिए पूंजीगत सहायता शामिल है। इसमें नए क्लस्टर बनाने के लिए 9,930 करोड़ रुपये और पुराने क्लस्टरों के



क्षमता विस्तार के लिए 8,261 करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता का प्रावधान भी है।

इंडिया मैरीटाइम वीक में जहाज निर्माताओं ने कहा कि वे सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए अपनी परियोजनाओं की क्षमता बढ़ाने और नई इकाइयां स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। उम्मीद है कि समग्र पैकेज से 45 लाख सकल टन की जहाज निर्माण क्षमता का विकास होगा और इससे लगभग 30 लाख रोजगार तैयार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जहाज निर्माण अगले 25 वर्षों में भारत की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक होगा। इस मौके पर उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी शिपिंग और जहाज निर्माण कंपनियों के अधिकारियों से भारत में इस क्षेत्र में निवेश का आग्रह किया था। प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को भारत के समुद्री क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत के पास बुनियादी ढांचा एवं नवाचार है और वह इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने का इरादा भी रखता है। बंदरगाहों का विकास किया है और समुद्री क्षेत्र के लिए 70,000 करोड़ रुपये के व्यापक 'पैकेज' को मंजूरी दी है, जिसमें जहाज निर्माण को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

## मूल्यवान धातुओं की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली, घरेलू बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी के वायदा भाव में मजबूती देखने को मिली। कारोबारी सप्ताह की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जिससे निवेशकों के मनोबल में सुधार दिखाई दिया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार को 83 रुपये की बढ़त के साथ 1,30,045 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,29,962 रुपये था।

इस समय सोने के वायदा भाव 166 रुपये चढ़कर 1,30,128 रुपये पर पहुंच गए। दिन के दौरान इसने 1,30,158 रुपये का उच्चतम और 1,30,042 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल सोने के वायदा ने 1,31,699 रुपये का उच्च स्तर दर्ज किया है। चांदी के वायदा भाव में भी मजबूत तेजी रही। एमसीएक्स पर मार्च कॉन्ट्रैक्ट 1,027 रुपये की बढ़त के साथ 1,82,769 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला।

इसका पिछला बंद भाव 1,81,742 रुपये था। कारोबार के दौरान चांदी 954 रुपये उछलकर 1,82,696 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। दिन का उच्च स्तर 1,81,900 रुपये और निचला स्तर 1,80,974 रुपये रहा।

इस वर्ष चांदी ने 1,84,743 रुपये प्रति किलोग्राम का सर्वोच्च स्तर छुआ है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी तेजी का माहौल देखने को मिला। कॉमेक्स पर सोना 4,219.60 डॉलर प्रति औंस पर खुला और इस समय 4,224.40 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जो 6.70 डॉलर की मजबूती दर्शाता है।



वहीं चांदी 58.51 डॉलर प्रति औंस पर खुलकर 58.95 डॉलर तक पहुंच गई। इसने इस वर्ष 59.61 डॉलर का उच्च स्तर दर्ज किया है। तेजी के मौजूदा दौर को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव आने वाले दिनों में कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## टेस्ला और विनफास्ट में कड़ा मुकाबला

नई दिल्ली, इलेक्ट्रिक यात्री वाहन क्षेत्र की दो नई विदेशी कंपनियों - टेस्ला और विनफास्ट के बीच त्योहारी खुदरा बिक्री के मामले में कड़ा मुकाबला रहा। सितंबर और अक्टूबर के दौरान इन्होंने क्रमशः 109 और 137 कारें बेचीं।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से पता चला है कि टेक्सस की टेस्ला ने सितंबर और अक्टूबर के त्योहारी महीनों में क्रमशः 69 और 40 कारों की खुदरा बिक्री की। अपने भारतीय नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है वियतनाम की दिग्गज वाहन कंपनी विनफास्ट ने क्रमशः 6 और 131 कारों की खुदरा बिक्री की। विनफास्ट एशिया के मुख्य कार्य अधिकारी फाम सान्ह चाउ ने सितंबर में संकेत दिया था कि उनका मकसद अगले 5 से 10 वर्षों के दौरान भारत में प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी बनना है। उनका इरादा यहां और ज्यादा पूंजी निवेश करने का है। टेस्ला की धीमी रणनीति के विपरीत विनफास्ट भारत में अपने नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है। गुरुग्राम में भारत की अपनी 24वीं डीलरशिप की खुरुआत की और कैलेंडर वर्ष 2025 के आखिर तक उसका लक्ष्य देश भर में 35 डीलरशिप करना है।



दूसरी तरफ टेस्ला के मुंबई और दिल्ली में शोरूम हैं। खबरों के अनुसार उसे अब तक भारत में 600 बुकिंग मिल चुकी हैं।

विनफास्ट अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी वीएफ6 (16.4 लाख रुपये से शुरू) और मझौले आकार की एसयूवी वीएफ7 (20 लाख रुपये से शुरू) बेच रही है। यह भारत में टेस्ला मॉडल वाई की कीमत (ऑन-रोड कीमत 60.99 लाख रुपये से शुरू) का एक-तिहाई है। मॉडल वाई अमेरिका में 35.3 लाख रुपये और चीन में करीब 32 लाख रुपये में बिकता है। भारत में इसकी कीमत ज्यादा है क्योंकि टेस्ला ने देश में पूरी तरह से निर्मित गाड़ियों का आयात करने का विकल्प चुना है। विनफास्ट स्थानीय असेंबली के साथ आगे बढ़ रही है। उसने हाल में अपने तमिलनाडु संयंत्र (तूत्तुक्कुडि में) का उद्घाटन किया है, जहां सालाना 50,000 गाड़ियां बन सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी क्षमता तीन गुना बढ़ाई जा सकती है।

दिलचस्प यह है कि भारत के बढ़ते ईवी बाजार में हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश कर रही एक और विदेशी ईवी दिग्गज चीन की बीवाईडी ने सितंबर और अक्टूबर के दौरान 1,000 से ज्यादा वाहन बेचे हैं। सितंबर और अक्टूबर में लगभग 1,117 बीवाईडी कारों का पंजीकरण किया गया।

### एनएमडीसी ने उत्पादन-बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ल, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) का शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 2,271 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी ने बताया कि उसका उत्पादन भी 23 प्रतिशत बढ़कर 1.02 करोड़ टन रहा जो किसी भी वित्त वर्ष में दूसरी तिमाही का रिकॉर्ड है। बिक्री 1.07 करोड़ टन रही जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की तुलना में 10 फीसदी अधिक है।

कंपनी का टर्नओवर 30 प्रतिशत बढ़कर 6,261 करोड़ रुपये हो गया।

मुखर्जी ने कहा, इस तिमाही में रिकॉर्ड उत्पादन और रिकॉर्ड बिक्री हमारी ऐतिहासिक विश्वसनीयता के सूचक हैं।

उच्च गुणवत्ता वाले अयस्क की आपूर्ति, महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाएं और राष्ट्रीय नीतिगत लक्ष्यों के प्रति जागरूकता, एनएमडीसी को देश की औद्योगिक आकांक्षाओं को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कारक बनाती है। हमारे भविष्य के रणनीतिक प्रयास इस्पात निर्माण के कच्चे माल में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और साथ ही नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की जिम्मेदारी से प्रेरित हैं।

## मसालों में नरमी : मेवों में मिठास

***सागर, 9 दिसंबर। स्थानीय थोक बाजार में आज जीरा में 3 रुपये की नरमी दर्ज की गई। धनिया 2 रुपये बढ़कर बोली गई। काली मिर्च में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। लौंग 6 रुपये नरम रही। हरी इलायची में 20 रुपये की नरमी दर्ज की गई। डौंडा इलायची में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। हल्दी में 3 रुपये की तेजी दर्ज की गई।मखाना में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। खारक 5 रुपये तेज रही। बादाम बिजी में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। खसखस में 5 रुपये तेजी दर्ज की गई। किशमिश में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। शक्कर, गुड़, दालों व अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।***

**हल्दी** लाल किला 180, लाल गाय 190 हरी गाय 110, निजामाबाद काड़ी 160 गठौना 150, टुकड़ी 110 **जीरा** सार्थी 270 शिव पार्वती 275 माधुरी 270 खुशबू 270 **खरजीरा** 368 हालैंड चालू 120-190 **स्याह जीरा** असली 554 **सोया सौंफ** 220, **सौंफ मोटी** 350-370, कमल पाकीजा 350 बारीक वी आई पी 350-380 बड़वानी 350-370 **धनिया** दाल 75-80, मीडियम बेस्ट 100-105, बेस्ट ग्रीन 110-130 **खोपरा बूरा** गुरू 310, खुशबू 310, **गरी गोला** 325-475 **सौंठ** पालिश 475, चायना 485, कोरी सिरसी 490 कोचीन 490 **काली मिर्च** 685-735 **काली पीपर** 600 **लाल मिर्च** 334 नं.-150-175, तेजा 185-225 फटकी 90-100, **अजवाइन** चालू 120 कलश 130 दीपक 135 ओम ब्रांड 140 **मैथी** चालू 6500, दीपक 6800, गुलाब 6600, फेफड़ा 7000 **राई** 85 राई दाल 90 **खसखस** देशी 1770, तुर्की 1970 **सींग दाना (मूंगफली दाना)** गुजरात बोल्ड 130, सोनचिड़िया 120, राजधानी 140, बड़ा भाई 135 **रामदाना** 7000-7300 रुपए **साबूदाना** मोतीदाना 8000-8100, वरलक्ष्मी 9800-9900 **काजू** 180 नं.- 9000, 190 नं.- 9000, 320 नं.- 11000, ए एम पोनिया 9400, एस एम पोनिया 9500 **किशमिश** मीडियम चालू 440 बेस्ट 460-460 रुपए **मुनक्का** 950-1225 **पिस्ता** हरा



2200, नमकीन पिस्ता 2150-साधा पिस्ता 2000 रुपए **अखरोट** 1000-1025 **खारक** 350-370 चालू 340, मीडियम बेस्ट 400, स्पेशल 410 **मखाना** नया 1070, सूर्या नया 1220, ओम ब्रांड नया 1270-1370 **बादाम गिरी** आस्ट्रेलियन 650, अमरीकन 850, पूजा बादाम 400 **बादाम बिजी** 775-825 **अचार चिरौंजी** चालू 1975, बेस्ट 2175, **अंजीर** 1350-1450, **सुपाड़ी नई** 605, डबल रमेश 620 अंटा 655, पूजा 465 रुपए **कत्था** बेलगाम 675-1325 **लौंग** जंजीबार बंद 930, खुली 1050, मेडागास्कर बंद 1060, **बड़ी इलायची (डौंडा)** 1900-1980 **पिपरमेंट** मोटा 1340 बारीक 1440 **हरी इलायची** फटोर 3425-3525, बैल मार्का 3625 **राजगिरा देशी** 75, गुजरात आनंद 85, नाडियाद 75 **सिंघाड़ा** साबुत 233, टुकड़ी 118 **सुहागा** 60-78 **तरबूज मगज** 595-695, **बादाम फूल** टुकड़ी 690 **बाद्यान्य फूल** 1070 **इसबगोल भूसी** 950 **रतनजोत** 275 **जायफल** 700-720 **दालचीनी** 380-390 **जायपत्री** लाल 2500, पीली 2300 **छबीला** 445-465 **हरा मटर** 5150 **सफेद मटर** 6150, पालिस लोकल 5700, विदेशी 6900, **काबुली चना** चालू 100-110 **राजमा** सफेद 3800, लाल 4000 **इमली** 80, **खड़ा अमचूर** 175-200, **टाटरी**-200, **मीठा सोडा** - 35, **आरारोट** - 400 **सफेद तिली** लोकल 190 धुली सफेद तिली 195 ऊंझा सफेद तिली 195-200 **काली तिली** चालू 100, **पीपरा** 420 **कलौंजी** 120, **तोमर बीज**- 500, कपूर हंस 1400, सरस्वती 1430, **गुड़ करेली** 4000-4500 बाल्टी स्पेशल 4800 रु. **शक्कर एम तीस** 4400 से 4450 **एस तीस** 4350 से 4400

## वर्ग पहेली क्रमांक - 2268

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | | ■ | 7 | | ■ | |
| 8 | | ■ | 9 | ■ | 10 | 11 | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| ■ | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | | | ■ | 18 | 19 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | | ■ | 23 | | | |

**बायें से दायें**
1. महात्मा गांधी ने केवल एक बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता की यह अधिवेशन यहां आयोजित किया गया था (1924)-4
4. भारत में पहली रेलगाड़ी अप्रैल 1853 में यहां से थाणे के बीच (34 किमी.) चलाई गई थी-3
6. उच्चारण करना, बोलना-3
7. शतरंज की एक चाल-2
8. नेत्रहीन, तुरही, नयनहीन-2
9. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज-1
10. संन्यासिन, योगिनी, साधुस्त्री-3
12. धावनपथ, दौड़पथ-3
14. सर्वश्रेष्ठ, अत्यंत, मुख्य, प्रधान-3
15. प्रकार, ढंग, विधि-3
16. नगमा, तराना, गाना-2
17. झुकने या प्रणाम करने की क्रिया-3
18. भूकर, राजस्व, लैंड रीवेन्यू-3
20. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया-2
22. जो सदा घूमता-फिरता रहता हो-3
23. शरणदाता, प्रणतपाल, सरपर-4

**ऊपर से नीचे**
1. बेगुनाह, निरपराध-4
2. तरंगण, कंपन, लहराव-4
3. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, नगमा-2
4. वाचाल, जबानदराज, बदलगाम-4
5. आस्तिकतावाद, स्वार्थहीनता, धर्म विश्वास, ईश्वर पर विश्वास-3
11. उदास, रंजीता, शोकग्रस्त, दुखित-4
13. वेतन देने वाला-5
14. वह व्यक्ति जो कुश्ती लड़ना सिखाए-5
17. पैगंबर साहब की उपाधि, समान, उदाह (उर्दू)-3
19. लूटमार, ध्वस्त, बर्बाद-3
21. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, भराई सामग्री, स्वादिष्ट आहार-2

**वर्ग पहेली क्र. 2267 का उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झा | कि | र | हु | सै | न | ■ | ■ |
| मा | ला | ■ | त | नि | फ | सा | ■ |
| ■ | ■ | रि | ■ | क | ब | त | क |
| ■ | त्रि | पु | रा | ■ | ■ | हि | द |
| ■ | का | ■ | शि | खा | ■ | दु | ■ |
| झो | ल | म | ■ | ■ | वि | रता | र |
| ल | ■ | हु | मा | ■ | का | नी | न |
| म | ■ | आ | स | पा | स | ■ | वे |

## भविष्यफल

**मेष** – विनोदप्रिय स्वभाव अंतरंग संबंध में मजबूती उन्नत व्यवसायिक पक्ष।

**वृष** – कार्य वृत्ति से असंतोष परिजन के स्वास्थ्य की चिंता धन व्यय।

**मिथुन** – कार्य लाभ के साधन प्राप्त वैयक्तिक समस्या का समाधान अल्प प्रवास।

**कर्क** – मान सम्मान की प्राप्ति व्यवहार व्यवसाय में निपुण दाम्पत्य पक्ष में मधुरता।

**सिंह** – विचार स्वतंत्र स्वजनों से मेल जोल अधिकारिक कार्य क्षेत्र में व्यस्तता।

**कन्या** – आंतरिक शक्ति कमजोर व्यवसायिक लाभ की चिंता व्यर्थ का भ्रमण।

**तुला** – चित्त वृत्ति में सुधार नियमित दिनचर्या अन्यों को प्रभावित करने में सफल।

**वृश्चिक** – संतान पक्ष से प्रसन्नता कार्य व्यवहार में निपुण धन लाभ के अवसर प्राप्त।

**धनु** – श्रम साध्य कार्य में सफलता मित्रों के साथ विश्राम अतिथी आगमन।

**मकर** – कमजोर इच्छाशक्ति धन व्यय भार की चिंता शरीर पर आलस्य का प्रभाव।

**कुंभ** – शरीरादि स्वस्थ काम-काज के हालात बेहतर सुखद समाचार की प्राप्ति।

**मीन** – निजी लाभ के साधन प्राप्त अन्यों का साथ उत्साह बढ़ाने में सहायक।

## तेल व तेल प्लांटों के भाव यथावत

**सागर, 9 दिसंबर । स्थानीय तेल बाजार में आज तेलों में नरमी दर्ज की गई। इंदौर इटारसी, भोपाल व विदिशा लाइन के प्लांट 1250 रुपये प्रति दस किलो बोले गए। जो यथावत बने रहे। अमूल 9600/- नोवा 8400/- अरिहन्त 8000/- मूंगफली तेल प्रीमियो जार 2200/- फार्चून रिफाइन-1920 फिल्टर- 1950 पूजाब्राण्ड 1860/- विपुल 1800/- रायल टच (15 लीटर जार) 2020/- टीन 2270/- हेरिटेज (15 किलो) 2120/- धारा (15 लीटर) 2250/- गोपाल 1820/- सनफ्लावर महाकोष 2020/- सनफ्लावर नेचुरल 1820/- सनरिच 0000/- गुडलाईट 1850/- सृष्टि 1730/- प्रेस्टीज 2060/- पामोलीन रुचि 1610/- सोयाबीन तेल फार्चून ब्राण्ड (15 लीटर जार) 2060/- फार्चून (15 किलो) 2160/- कलश (15 लीटर) 1860/- खानपान (15 किलो) 1860/- (15 लीटर) 1860/- रुचि स्टार (15 लीटर टीन) 1860/- मालती**



**1870/- शंख टीन 2060/- शंख 15 किलो जार-2110/- शंख 15 किलो लीटर-1960/- शंख (5 लीटर कुप्पी) 670/- योगी 1640/- स्वयं 1610/- महाकोष 2110/- कृति (15 किलो जार) 2210/- कृति (15 लीटर जार) 2140/- सिक्का 1980/- सरसों तेल कोल्हू ब्राण्ड 1600/- स्वीकार 1550/- मुरली- 1500/- टेलीफोन- 1500/- सेहत ब्राण्ड 1400/- सिक्का ब्राण्ड 1300/- फार्चून नारियल तेल निखार (15 लीटर) 1800/- कुप्पी 550/- रुचि नं. 1 - 900/- नेचुरल 1000/- रुचि स्टार 1000/- सुमन 950/- रथ 1150/- सनफ्लावर वनस्पति- 1400/।**

### प्लांट तेल भाव

| | | |
|---|---|---|
| इटारसी | 1250 | प्रति 10 कि. |
| नरसिंहपुर | 000 | प्रति 10 कि. |
| बैतूल | 000 | प्रति 10 कि. |
| गाडरवारा | 000 | प्रति 10 कि. |
| भोपाल | 1250 | प्रति 10 कि. |
| इंदौर | 1250 | प्रति 10 कि. |
| विदिशा | 1250 | प्रति 10 कि. |

### दाल बाजार भाव

**दालें प्रति क्विंटल चना दाल चालू 6000-7000, स्पेशल- 7500, मसूर दाल रोल-5000-5200 अरहर दाल (सफेद पटका)-9000, अरहर (सफेद रोल)-9000-9500, अरहर (लाल रोल) 9000- 9500, (लाल पटका) 10000 अरहर (स्पेशल) 10500 मूंग छिलका 9200 - 9500, मूंग धोवा 10000 - 11000 उड़द छिल्का-10000 - 10500, उड़द धोवा-11000 - 11500, उड़द व्ही.आई.पी. - 12000, तेवरा - 0000 मटर दाल- 4500-4800**

### सब्जी बाजार

| | | |
|---|---|---|
| आलू नया | 12 से 20 | रु. प्रति किलो |
| बरबटी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| प्याज | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| टमाटर | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| लहसुन | 60 से 80 | रु. प्रति किलो |
| अदरक | 40 से 50 | रु. प्रति किलो |
| फूल गोभी | 10 से 15 | रु. प्रति नग |
| लौंकी | 10 से 20 | रु. प्रति किलो |
| शिमला मिर्च | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| ककड़ी | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरी मिर्च | 40 से 60 | रु. प्रति किलो |
| परमल | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| हरा धनिया | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| हरा मटर | 35 से 40 | रु. प्रति किलो |
| कद्दू | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| भिण्डी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| गिलकी | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| बैगन | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |

### सागर सराफा

| | | |
|---|---|---|
| चांदी (रिफा.) | 179600/- | कि. ग्राम |
| चांदी (कच्ची) | 178600/- | कि. ग्राम |
| सोना (24 कै.) | 128300/- | 10 ग्राम |
| सोना (रवा) | 127900/- | 10 ग्राम |

### फैंसी सराफा

**22 कैरेट 120000 रुपए
20 कैरेट 118000 रुपए,
चांदी जेवर- 1740-1750 रुपए प्रति 10 ग्राम।**

सागर सराफा बाजार में आज चांदी रिफाइंड के भाव 1600 रुपये बढ़कर बोले गए एवं कच्ची चांदी की आवक कमजोर रहने से कच्ची चांदी के भाव 1600 रुपये बढ़कर बोले गए। सोना व सोना रवा के भाव 200-200 रुपये घटकर बोले गए।

## एसयूवी सिएरा को बाजार में लाने की तैयारी

नई दिल्ली, अपनी आइकॉनिक एसयूवी सिएरा को टाटा मोटर्स एक बार फिर बाजार में लाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही एक नया टीज़र भी जारी किया गया है। टीज़र में दिखाया गया है कि नई सिएरा अपने क्लासिक डिजाइन से प्रेरित है, लेकिन अब इसमें कई नए अपडेट शामिल किए गए हैं। सबसे खास आकर्षण है पैनोरमिक सनरूफ, जो अपने सेगमेंट में सबसे बड़ी सनरूफ में से एक बताई जा रही है। पहली बार पेश हुई सिएरा का यह नया अवतार डिजाइन और तकनीक दोनों में बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

एसयूवी के इंटीरियर में 3-स्क्रीन सेटअप देखने को मिलेगा, जिसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, सेंट्रल इंफोटेनमेंट सिस्टम और फ्रंट पैसेंजर के लिए डेडिकेटेड डिस्प्ले शामिल हैं। फ्लैट डैशबोर्ड, बेज-थीम्ड इंटीरियर, वेंटिलेटेड सीटें, वायरलेस चार्जिंग पैड और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसी सुविधाएं इसे प्रीमियम फील देंगी।

साथ ही, लेवल-2 अडास, डिजिटल आईआरवीएम और क्रूज कंट्रोल जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी भी दी जाएगी। उम्मीद है कि इसे ग्लोबल एनकैप और भारत एनकैप में 5-स्टार रेटिंग मिलेगी। नई सिएरा आईसीई और ईवी दोनों वर्जन में उपलब्ध होगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5910

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सुडोकू पहेली क्र. 5909**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## संक्षिप्त समाचार

### अधेड़ की हुई मौत

**छतरपुर, आचरण।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। वार्ड क्रमांक-1 निवासी गोकुल प्रसाद मिश्रा सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार बाइक पर सवार तीन युवक, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार बैठे।टक्कर से गोकुल प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद परिजन उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन आशीष शर्मा ने आरोप लगाया कि बाइक सवार युवक नशे की हालत में थे और लापरवाही से वाहन चला रहे थे, जिसके चलते यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेत का अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



**टीकमगढ़, आचरण।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा मंगलवार को अवैध रेत परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी विपुल कुमार रावत के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के अमले द्वारा सुबह सुबह अंधेरे में गोपनीय तरीके से पलेरा पहुंचकर रेत का अवैध परिवहन करते हुए विभिन्न स्थानों से चार ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर पुलिस थाना पलेरा में रखा गया। जिसके पश्चात थाना बम्होरी कला क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर खनिज अधिकारी द्वारा ट्रैक्टर को पुलिस के अभिरक्षा में रखा गया। जतारा क्षेत्र से लौटते समय टीकमगढ़ जतारा मार्ग पर मजना चौकी के समीप एक अन्य ट्रैक्टर ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस चौकी मजना में रखा गया। इस प्रकार खनिज विभाग के दल द्वारा कुल छह वाहनों को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इन सभी वाहनों का प्रकरण मध्य शप्रदेश खनिज (अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अंतर्गत अर्थदंड हेतु कलेक्टर के समक्ष हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे।

## सागर-दमोह के बीच फोरलाइन सड़क बनेगी

# बुंदेलखंड धरा है हीरों और महावीरों की: मुख्यमंत्री

आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है। यह मंदिरों की नगरी है। उन्होंने कहा कि महाराज छत्रसाल के कार्य काल में बुंदेलखंड की महाविजय होती थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का खजुराहो में अनावरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छतरपुर के राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की गई है। इनमें छतरपुर की 3 लाख 24 हजार से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। हितग्राहियों बहनों को उनके बैंक खातों में 31वीं किस्त के रूप में 1500 रुपए की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक 46 हजार 500 करोड़ की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। बहनें अपने परिवार के संचालन में भी सहयोग कर रही हैं। बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बहनों को पक्के मकान और



उज्ज्वला गैस कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड के चहुँमुखी विकास के लिए 270 करोड़ लागत के 9 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 240 करोड़ लागत के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 2 सांदीपनि विद्यालय और स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में बड़ा कन्वेंशन सेंटर और फाइव स्टार होटल बनाया जाएगा। राजनगर में राजगढ़ पैलेस की सौगात मिल रही है। इससे पर्यटन क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बुंदेलखंड के दमोह, छतरपुर, पन्ना और कटनी में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जायेंगे। केन-बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले फोर लाइन सड़क की सौगात दमोह-सागर को मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर में नया इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किया जाएगा। इससे 30 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजनगर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राज्य सरकार जो कहती है करके दिखाती है। सरकार ने लाड़ली बहनों के खातों में प्रतिमाह 3000 रुपए भेजने का संकल्प लिया था, जिसे धीरे-धीरे पूरा करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि बुंदेलखंड में 'डेस्टिनेशन कैबिनेट' कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपम सौगात दी है। पिछले 2 वर्षों में खजुराहो में विकास से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आज सूखे और पिछड़े बुंदेलखंड को विकास की नई पहचान मिल रही है। सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर श्रीमती ललिता यादव, विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने खजुराहो स्थित भगवान मतंगेश्वर मंदिर में किए दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो के भगवान मतंगेश्वर मंदिर में अपनी धर्मपत्नी के साथ पहुँच कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान मतंगेश्वर के दर्शन कर प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए मंगल कामनाएँ कीं।




## कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी पर धारा 52 लगाकर उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया गया

आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी पर धारा 52 लगाकर उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई को छात्रों ने स्वागत योग्य कदम बताते हुए इसे पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार-विरोधी नीति की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है। छात्रों ने बीती शाम विश्वविद्यालय पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कुलगुरु पर की गई कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन इस पूरे प्रकरण के प्रमुख आरोपी बताए जा रहे कुलसचिव यशवंत पटेल एवं लिपिक आकाश जैन के विरुद्ध अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। छात्रों के



अनुसार दोनों व्यक्तियों की भूमिका अत्यंत गंभीर है, इसलिए इनके खिलाफ भी त्वरित एवं कठोर कार्रवाई आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी और बुंदेलखंड क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य जोखिम में पड़ सकता है। छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री से मांग की है कि जैसे कुलगुरु पर कार्रवाई की गई, उसी प्रकार इन दोनों आरोपियों पर भी सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि विश्वविद्यालय में पारदर्शिता बहाल हो सके और भ्रष्टाचार पर पूर्ण विराम लगाया जा सके।

## बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटी

आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के निवरिया गांव के पास बोलेरो कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में पलट गई। कार में पांच लोग सवार थे। गनीमत रही कि किसी के भी गंभीर चोट नहीं आई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार कार की रफ्तार बहुत तेज थी। स्थानीय लोगों की माने तो कार चालक एवं कुछ लोग शराब में धुत्त थे। जिस वजह से बोलेरो कार का मोड़ पर संतुलन बिगड़ गया और कार पलटती हुई खाई में गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कार से लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि सभी लोग सुरक्षित बच गए। कार में गिरीश रिछारिया, सुशील दुबे सहित कुल पांच लोग सवार थे। जिन्हें जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया। उक्त



सभी ईशानगर गांव निवासी हैं। सभी लोग छतरपुर से अपने गांव ईशानगर जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। सूचना पाकर डॉयल 112 थाना ईशानगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## पात्र व्यक्ति को दफ्तरों के चक्कर ना लगाने पड़ें, प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजना से जोड़ें : कलेक्टर

**निवाड़ी, आचरण।** शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आम जनता से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के साथ जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ हेतु कोई भी पात्र व्यक्ति को दफ्तरों के चक्कर ना लगाने पड़े, प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की योजना से जोड़ें। एसडीएम पृथ्वीपुर अशोक सेन की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर ने आवेदकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से



आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुना तथा तत्काल आवेदनों पर कार्रवाई कर निराकरण के निर्देश दिए।

**जनसुनवाई में कुल 67 आवेदनों पर हुई सुनवाईः** जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 67 आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान पेंशन, खाद्यान्न, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, राजस्व संबंधी, जमीन विवाद, जमीन पर कब्जा, सीमांकन, जमीनी बंटवारा, राहत राशि के वितरण, दिव्याँग सर्टिफिकेट तथा शिक्षा संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एसडीएम सुश्री मनीषा जैन, एसएलआर श्रीमती लीना जैन एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

आचरण संवाददाता

**टीकमगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को जतारा स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधानसभा क्षेत्र 44 जतारा एवं कृषि कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ के समस्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गणना पत्रक का चरण अंतिम चरण में है। इसको दृष्टिगत रखते हुए सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर अप्राप्त पत्रकों की एएसडीआर सूची एवं नो मैपिंग श्रेणी वाले मतदाताओं को एक बार पुनः गंभीरता से अवलोकन करें। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ विभिन्न राजनैतिक दलों के बीएलए के साथ मतदान केंद्रों पर आयोजित बैठकों में सूची प्रस्तुत कर पुनः जांच करें और बीएलए के सहयोग से गणना पत्रक



सुधार करें व एएसडीआर सूची को बेहतर करें। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि जिले के जागरूक मतदाताओं तथा राजनैतिक दलों के बीएलए से समन्वय करते हुए बैठक कर डिजिटाइजेशन के पश्चात नो मैपिंग वाले मतदाता जो लिंकिंग करने में रह गये हैं उन्हें लिंक करने में सहायता लें एवं समयसीमा का ध्यान रखते हुए कार्य पूर्ण करें। बैठक में टीकमगढ़ विधानसभा की जिला निर्वाचन रजिस्ट्रार अधिकारी संस्कृति मुदित लटौरिया, डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रार अधिकारी सतेंद्र सिंह गुर्जर, जतारा विधान सभा के जिला निर्वाचन रजिस्ट्रार अधिकारी संजय कुमार दुबे, जतारा विधानसभा के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ एवं विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा के बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग ने चंडीगढ़ एवं पथरीगढ़ में मोटर पंप जब्त किए

**पलेरा, आचरण।** विद्युत वितरण केंद्र पलेरा अंतर्गत आने वाले ग्राम चंडीगढ़ एवं पथरीगढ़ में अधीक्षण अभियंता टीकमगढ़ व कार्यपालन अभियंता जतारा के निर्देशन में सहायक अभियंता पलेरा लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा द्वारा विद्युत विभाग टीम के साथ जाकर लगभग एक दर्जन मोटर जब्त की और लगभग एक दर्जन पंचनामा दर्ज कर धारा 135 की कार्रवाई की उक्त कार्रवाई में लाइनमैन रतिराम अहिरवार, भीम सिंह, आउटसोर्स कर्मचारी गौस मुहम्मद, अरविंद सूत्रकार, अवधेश अहिरवार, गौरव सेन, राजेंद्र मिश्रा, अहमद रजा, कमलेश राजपूत, कमलेश सोनी, विक्रम सिंह गौर, समेत पूरा स्टाफ शामिल रहा। रबी सीजन में जहां एक ओर मोटर पंप चालू होने से बिजली पर लोड बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर अवैध रूप से एवं बिना कनेक्शन चल रहे विद्युत मोटर विभाग द्वारा लगातार जारी है। इस वर्ष चैकिंग में नया तरीका अपनाकर डिजिटल ऐप से प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई विद्युत विभाग द्वारा चैकिंग दल से पहुंचने से पहले एवं मोटर चालू करने से पहले निर्धारित लेने की अपील की गई है। जहां पहले सिर्फ मोटर जब्त करने पर मात्र टीसी की राशि जमा होती थी लेकिन अब विभाग ने मोटर जब्त करना बंद कर दिया है एवं गोपनीय रूप से डिजिटल ऐप के माध्यम से प्रकरण दर्जकरना शुरू कर दिया है। जिसमें औसतन प्रत्येक प्रकरण में 36 हजार से 50 हजार तक का भारी भरकम जुर्माना आरोपित कर न्यायालय भेजा जा रहा है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए पलेरा विद्युत विभाग द्वारा चैकिंग दल से पहुंचने से पहले एवं मोटर चालू करने से पहले निर्धारित राशि जमा कर टीसी कनेक्शन लेने की अपील की गई है। रबी सीजन में जहां एक ओर मोटर पंप चालू होने से बिजली पर लोड बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर अवैध रूप से एवं बिना कनेक्शन चल रहे विद्युत मोटर पंप की चैकिंग पलेरा विद्युत विभाग द्वारा लगातार जारी है। इस वर्ष चैकिंग में नया तरीका अपनाकर डिजिटल ऐप से प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने के मामले सामने आए हैं।।

**जनसुनवाई** महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजन और जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता दी गई

# जनसुनवाई में ग्रामीण व शहरी नागरिकों की समस्याएं संवेदनशीलता से सुनी गई

**टीकमगढ़,आचरण।** जिले में पुलिस प्रशासन को अधिक मानव केंद्रित, सहानुभूतिपूर्ण और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में संवेदनशील पुलिसिंग की एक नई दिशा विकसित की जा रही है। जनता की हर छोटी बड़ी परेशानी तक पहुँचना और उसे ईमानदारी से समझना, इसी सोच के साथ जिले के प्रत्येक थाना, चौकी और जिला मुख्यालय पर प्रत्येक मंगलवार जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पहल का मुख्य उद्देश्य है कि हर नागरिक को यह महसूस हो कि उसकी बात सच में सुनी और समझी जा रही है। आज जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई शिविर मे पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से शांत, धैर्यपूर्ण और आत्मीय बातचीत की। प्रत्येक समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना गया। कई शिकायतों



का समाधान वहीं पर तत्परता से किया गया। जिन प्रकरणों पर विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उनमें निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई का भरोसा दिया गया। नागरिकों ने खुलकर अपनी परेशानियां रखीं और इस पहल को 'सकारात्मक व आश्वस्त करने वाला' बताया।

जनसुनवाई के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजन और जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता दी गई। हर आवेदन पर मानवीय दृष्टि, संयम और पारदर्शिता से कार्रवाई का आश्वासन। सभी अनुभागों में एसडीओपी द्वारा सीधे संवाद की व्यवस्था से नागरिकों में भरोसा और बढ़ा। थाना और चौकी स्तर तक जनसुनवाई पहुँचाने का प्रयास, ताकि किसी भी नागरिक को दूरी या कठिनाई बाधा न बने। पुलिस कार्यशैली में संवेदनशीलता, सहयोग, जवाबदेही और विनम्रता को केंद्र में रखा गया। पुलिस का लक्ष्य है कि विश्वास, सम्मान और सहयोग को आधार बनाकर ऐसी पुलिसिंग स्थापित की जाए जो जनता के हृदय से जुड़ी हो जहां हर व्यक्ति बिना हिचकिचाहट कह सके मेरी समस्या की सुनवाई होगी, और समाधान भी मिलेगा। आने वाले दिनों में जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविरों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी, ताकि पुलिस और नागरिकों के बीच का रिश्ता और अधिक सहयोगपूर्ण, भरोसेमंद और मानवीय बन सके।

## बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक, साहित्यिक और पत्रकारिता जगत की लायब्रेरी थे पं हरगोविंद

आचरण संवाददाता

**पृथ्वीपुर।** उद्गार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे आचार्य पं रामनरेश नायक ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उन्होंने आदर्श कवि और साहित्यिकार के साथ पत्रकारिता एवं संपादक की श्रेष्ठ भूमिका निभाई वह सदैव याद रहेंगे उक्त उद्गार आज तुलसी साहित्य अकादमी की मासिक गोष्ठी में व्यक्त करते हुए आचार्य पं रामनरेश नायक ने गीता के श्लोक के माध्यम से पुष्प जी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते कहा कि पुष्प जी ने अपनी सशक्त लेखनी से गरीब असहाय शोषित पीड़ितों की समस्याओं को उजागर कर न्याय दिलाया लगभग पचास बर्षकी सामाजिक और सांस्कृतिक यात्रा अविस्मरणीय रहेंगी। वही ओरछा में आयोजित महाकवि केशव जयंती समारोह को आयोजित कर श्री पुष्प ने बुन्देलखण्ड के कवि साहित्यकार कलाकारों पत्रकारों को मंच प्रदान




कर क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारा जिन्होंने राष्ट्रीयस्तर पर ख्याति अर्जित कर ओरछा के मंच को जीवंत बनाया जो आज भी समूचे बुंदेलखंड के लिए सदैव याद किया जाएगा। गोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि रमेश तिवारी मुखिया ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर अतिथियों और कवि साहित्यकारों ने मां शारदे और पुष्प जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर काव्य पाठ किया। वाणी वंदना रामचरण वर्मा चरणेश ने की एवं संचालन वीरेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ एम एस श्रीवास्तव एवं सचिव आशाराम वर्मा नादान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर काव्य पाठ करते हुए चन्द्र प्रकाश शर्मा ने पुण्य स्मरण करते हुए काव्य पाठ किया।

## शिवपुरी में पीडी सदस्यता अभियान और कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा समाजवादी विचारधारा का दामन

शिवपुरी, आचरण। समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा शिवपुरी में आयोजित पीडी सदस्यता अभियान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन उत्साह और जोश के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बहुजन महापुरुषों एवं पार्टी संस्थापक श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव और प्रदेश प्रभारी श्री बादशाह सिंह के कर-कमलों से सदस्यता ग्रहण कर समाजवादी आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की।अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने संगठन विस्तार, स्ढ्ढक्र में चल रही अव्यवस्थाओं, जनता से जुड़े मुद्दों और आगामी आंदोलनों की रणनीति पर मार्गदर्शन दिया। प्रदेश प्रभारी बादशाह सिंह ने गांवङ्कगांव कैडर निर्माण और व्यापक सदस्यता अभियान को और तेज करने का आह्वान किया, जबकि राष्ट्रीय सचिव राजाराम विजोल ने संगठन विस्तार का मूल मंत्र देते हुए कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरा। कार्यक्रम का सफल संचालन गंधर्व सिंह एवं कपूर सिंह यादव द्वारा किया गया। आयोजन में जिलाध्यक्ष शिवपुरी कृष्णपाल सिंह एवं बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी शिवपुरी के जिलाध्यक्ष नंदू नरेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव दिनेश पांडेय, पूर्व एग्रीकल्चर डायरेक्टर एस. बी. सिंहादिया, समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष मनीराम जाटव, प्रदेश सचिव लोकपाल सिंह, जगराम यादव, जशवंत सिंह यादव, निजामुद्दीन गुड्डे खान, परमवीर यादव, विजय यादव, सुल्तान सिंह, अमित यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष शिवपुरी नौशाद जी, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवपुरी माधव सिंह सहित बड़ी संख्या में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करैरा पुलिस का प्रभावी वाहन चेकिंग अभियान, काली फिल्म वाली स्कॉर्पियो रोककर दिखाई त्वरित कार्रवाई; कुल 10

करेरा/शिवपुरी, आचरण। करैरा क्षेत्र में सोमवार दोपहर का समय पुलिस की सतर्कता और अनुशासन संचालन की मिसाल बन गया, जब अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) डॉ. आयुष जाखड़ के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र करैरा पर एक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दोपहर 3 बजे शुरू हुए इस अभियान में डॉ. जाखड़ केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि स्वयं मैदान में उतरकर पूरी टीम को सख्त, स्पष्ट और अनुशासित निर्देश देते हुए चेकिंग प्रक्रिया को अत्यंत प्रभावी बनाया। डॉ. जाखड़ की कार्यशैली हमेशा से फील्ड-फोकस्ड, त्वरित और निष्पक्ष मानी जाती है। सोमवार को यह छवि और भी पुख्ता हुई जब चेकिंग के दौरान एक काली फिल्म लगी काले रंग की स्कॉर्पियो तेज़ गति से प्वाइंट की ओर आती दिखी। नियमों के अनुसार डॉ. जाखड़ ने स्वयं आगे बढ़कर वाहन को रोकने का संकेत दिया, परंतु वाहन चालक ने पुलिस अधिकारी की उपस्थिति और संकेत दोनों को नज़रअंदाज़ करते हुए बिना रुके सीधे बाजार की ओर गाड़ी मोड़ दी।यह स्थिति पुलिस की संवेदनशीलता और जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ जैसी थी। ऐसे में एसडीओपी जाखड़ ने तुरंत वायरलेस पर निर्देश जारी किए। पुलिस टीम, जो पहले से उनके मार्गदर्शन में सक्रिय थी, ने कुछ दूरी पर जाकर स्कॉर्पियो को रोक लिया और उसे फिर पुलिस सहायता केन्द्र पर लाया गया।वाहन चालक का व्यवहार न केवल नियम-विरुद्ध था, बल्कि यह सीधे तौर पर कानून व्यवस्था को चुनौती देने जैसा था।

## कलेक्टर ने अपराधी को पुलिस थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने ग्राम खम्हरिया थाना ढीमरखेड़ा निवासी राहुल साहू पिता संतोष साहू उम्र 25 वर्ष के विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्यवाही पुलिस कप्तान से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।राहुल के विरूद्ध वर्ष 2022 से अब तक मारपीट और अवैध शराब से सम्बन्धित कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस द्वारा राहुल के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु,आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। राहुल साहू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई गणित और विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा

**कटनी।** जिले के समस्त विकासखंडों में रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक गणित और विज्ञान ओलंपियाड का सफल आयोजन किया गया। जिले के 6 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में पंजीकृत कुल 2020 छात्रों में से 1552 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 468 छात्र अनुपस्थित रहे। ओलंपियाड के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गणित और विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। यह प्रतियोगिता छात्रों को अपने ज्ञान और कौशल का परीक्षण करने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही, इसका मकसद विद्यार्थियों में इन विषयों के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें भविष्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

### बैठक में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने किया सम्बोधित

# भाजपा की मतदाता गहन पुनरीक्षण समीक्षा बैठक में दी गई जानकारी

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की मतदाता गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष दीपेश कोरी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की रुपरेखा रखते हुए कहा कि हम लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विगत चार नबम्बर से चार दिसम्बर तक लगकर एसआईआर कार्य में सहयोग करने का काम किया और परिणाम स्वरूप आज ललितपुर में शत प्रतिशत एस आई आर का कार्य हो चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया वे आम जन से जनसंपर्क कर उन्हें जानकारी दें कि एक जनवरी दो हजार छब्बीस तक जिन युवाओं की आयु अठारह साल हो रही है हमारे कार्यकर्ता उन के भी फार्म छह भरवाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग बाहर काम करने गए हैं उन्हें भी सूचना देकर प्रेरित करे कि वे भी आकर मतदाता फार्म भरें। मुख्य अतिथि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मा देवेश कोरी ने कहा कि सन् दो हजार तीन में भी एसआईआर कार्य हुआ था और इसके बाद आज हो रहा है। उन्होंने कहा कि पच्चीस साल में लगभग दो पीढ़ियां बदल जाती हैं, इसलिए मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य आवश्यक है ।इस समय भारत में मान्यता प्राप्त छै राष्ट्रीय राजनैतिक दल हैं और किसी भी राजनीतिक दल को आगे बढ़ने के लिए प्रत्येक मतदाता के सहयोग की आवश्यकता होती है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी एसआईआर पर विशेष ध्यान दें रही है ताकि अधिक से मतदाता बनाये जा सकें। उन्होंने कहा कि एक समय हमारी पार्टी दो सांसदों तक सीमित थी लेकिन फिर भी हम वोट प्रतिशत के मामले में भारत में दूसरे स्थान पर थे ।आगे भी हमने वोटों पर ध्यान दिया और आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आये हैं। पच्चीस साल बाद एसआईआर का कार्य हो रहा है इसलिए यह कार्य और कठिन हो जाता है। हमें हर हाल में वोटर बनाना है। उन्होंने कहा कि राजनीति में संभावनाएं सदैव जीवित रहती हैं इसलिए हमें सदैव उत्साह और ऊर्जा से भरा रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी लोकतंत्र के माध्यम से राजनीति कर अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी ले जाने की हामी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लग कर एसआईआर में अधिक से अधिक मतदाताओं के फार्म भरवाने की अपील भी की। इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि हमारे सब कार्यकर्ताओं को लगातार बीएलओ से सम्पर्क में रहना है और अधिक से अधिक मतदाताओं के फार्म भरवाने है। अन्त में ललितपुर विधानसभा के मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संयोजक बंशीधर श्रीवास ने सभी आगुन्तुकों आभार व्यक्त किया।

## विधानसभा क्षेत्रों में सौ-फीसदी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटाईजेशन

आचरण संवाददाता

**कटनी।** जिले की सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सौ- फीसदी पूरा हो गया है। सबसे पहले शत-प्रतिशत कार्य ज़िले की बहोरीबंद विधानसभा में पूर्ण हुआ था। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सतत् रूप से एस.आई.आर की मॉनिटरिंग करने और मैदानी भ्रमण कर किए गए निरीक्षण और अधिकारियों को सतत् रूप से प्रोत्साहित करने की वजह से जिले में मतगणना प्रपत्र के डिजिटाईजेशन का कार्य सौ-फीसदी पूर्ण हो गया है। कलेक्टर ने इस कार्य में लगी सभी विधानसभा क्षेत्रों की टीमों की सराहना की है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के ई.आर.ओ, एईआरओ,बीएलओ एवं सुपरवाइजर सहित इस कार्य में जुटे सभी सहयोगी कर्मचारियों और राजनैतिक दलों के बीएलए द्वारा किए गए सहयोग पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।सनद रहे कि जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 58 हजार 419 मतदाता हैं। जबकि विजय राघवगढ़ विधानसभा में 2 लाख 42 हजार 142 मतदाता, मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 52 हजार 528 मतदाता और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 49 हजार 51 मतदाता हैं। कलेक्टर ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को समय-समय पर सदैव सम्मानित किया,जिससे अन्य बीएलओ में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरणा और प्रोत्साहन मिला। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए जारी कार्यक्रम के मुताबिक मध्य प्रदेश में एस.आई.आर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके तहत,बीएलओ द्वारा 11 दिसंबर 2025 तक एन्युमरेशन फॉर्म भरने का काम किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा।दावा-आपत्तियों के आवेदन 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को होगा।

## बाइक हटाने के विवाद में मारपीट कर धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला रावतयाना में मोहल्ले में रहने वाले दो विपक्षियों ने एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुहल्ला रावतयाना निवासी मोनू तिवारी पुत्र स्वर्गीय कैलाश तिवारी ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 7 दिसंबर को रात्रि करीब 8:30 बजे बाजार से सामान की खरीदारी कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान जब वह अपने घर की गली में पहुंचा, तब उसके पड़ोस में रहने वाला विपक्षी अजय पटेल, टिंकू पटेल आदि ने उसे मोटरसाइकिल हटाने के विवाद को लेकर उसके साथ सरेआम गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों विपक्षियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## उर्वरक की ओवर रेटिंग के वायरल वीडियो के बाद कृषि अधिकारी ने दुकान का लाइसेंस किया निलंबित

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** विकासखंड जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बांसी स्थित मेसर्स अनाया ट्रेडर्स नमक खाद की दुकान पर ओवर रेटिंग का वीडियो वायरल होने के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी और उन्होंने दुकान का लाइसेंस निलंबित करते हुए 7 दिनों में स्पष्टीकरण तलब किया। कस्बा बांसी में 07 दिसंबर 2025 को अनाया ट्रेडर्स नामक उर्वरक की दुकान का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दुकान पर संचालक द्वारा कृषकों को निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरकों का विक्रय करना बताया जा रहा है। वीडियो होने के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी और उन्होंने एक पत्र जारी करते हुए दुकानदार को अवगत कराया कि वायरल वीडियो में ऐसा प्रतीत होता है कि दुकानदार द्वारा अनियमित एवं मनमानेढंग से उरवरकों का विकय कर रहे है, जो कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः उक्त आरोप में आपका उर्वरक निबन्धन प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है, साथ ही आपको निर्देशित किया जाता है कि निलम्बन अवधि में आपके द्वारा किसी भी प्रकार के उर्वरक का क्रय विक्रय नहीं किया जायेगा। वायरल वीडियो जिसमें आपकी दुकान पर कृषकों को निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरकों का विकय करने के सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**बुजुर्ग का शव नदी किनारे मिलने से फैली सनसनीःललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरा में एक बुजुर्ग ग्रामीण पिछले करीब चार दिनों से अपने घर से गायब था, जिसका शव मंगलवार को दूसरे गांव के पास से निकली हुई नदी किनारे पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति रही। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान करवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखनपुरा के पास से निकली हुई नदी के किनारे किसी अज्ञात बुजुर्ग का शव वहां से निकल रहे गांव के लोगों ने देखा तो इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति रही। आनन फ़ानन में घटना की जानकारी पुलिस चौकी बांसी को दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शब को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया, तो मृतक की पहचान ग्राम पिपरा निवासी 73 वर्षीय श्याम लाल के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित किया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दर-दर भटक रहा युवक, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

आचरण संवाददाता

क्क३( प्रार्थना पत्र देता दिव्यांग )

ललितपुर। दिव्यांगों को लेकर प्रदेश सरकार काफी संवेदनशील है और अपने अधिकारी कर्मचारियों को लगातार दिव्यांगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दी रही है। इसके साथ ही उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र तत्काल जारी करने की भी निर्देश जारी कर रही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी कर्मचारियों पर इसका कोई प्रभाव दिखाई नहीं देता, जिस कारण जनपद के कई दिव्यांगों के प्रमाण पत्र आज भी नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर एक दिव्यांग जिलाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित हुआ, जहां उसने शिकायती पत्र देकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनाने का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द प्रमाण पत्र जारी करने की मांग उठाई।शहर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी दिव्यांग साहब सिंह पुत्र नन्हे सिंह जिलाधिकारी कार्यालय पर उपस्थित हुआ और उसने शिकायती पत्र देकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनने के आरोप लगाए। दिए गए शिकायती पत्र में अवगत कराया गया है कि वह पूर्ण रूप से दिव्यांग है और उसका एक पैर तथा एक हाथ पूरी तरह बेकार है जो काम नहीं करता है। इस कारण वह चलने फिरने तथा मजदूरी करने में भी असमर्थ है। क्योंकि उसे योजनाओं का लाभ लेने के लिए विकलांग प्रमाण पत्र की जरूरत है, जिसके लिए वह कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय जाकर वहां मौजूद कर्मचारियों से संपर्क कर चुका है,लेकिन उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। कई बार अधिकारियों से संपर्क करने के बाद वह हीला हवाली कर देते हैं, जिस कारण वह काफी परेशान है। इस शिकायती पत्र के माध्यम से पीड़ित ने अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की मांग उठाई है। प्रार्थना पत्र में यह भी बताया गया है कि प्रमाण पत्र के अभाव में उसे ना तो पेंशन का लाभ मिल पा रहा है और ना ही उसे शासन की किसी भी योजना का लाभ मिल पा रहा है।

## विवाद के दौरान मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बा में रहने वाले एक ग्रामीण के खेत पर दो परिवारों के बीच उत्पन्न हुए विवाद को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त घटना के संबंध में बानपुर पुलिस ने दोनों ही परिवारों के आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है।थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे में रहने वाले राजाराम पुत्र हलकु कुशवाहा ने थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह अपने परिजनों के साथ बानपुर कस्बे में रहने वाले लारा राम कुशवाहा पुत्र बुद्धिराम के खेत पर गया हुआ था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से लालाराम कुशवाहा ने अपने दो अन्य परिजनों के साथ मिलकर एक राय होकर उसके और उसके परिजनों के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। तो वहीं लालाराम कुशवाहा के भाई प्रीतम पुत्र बुधराम ने भी थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर विपक्षी राजा राम पुत्र हलकु कुशवाहा सहित तीन लोगों पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया।

**जागरूकता** | पराली नहीं जलाने हेतु किसानों को किया गया जागरूक

# रथ भ्रमण के माध्यम से किसानों को दी गई नरवाई प्रबंधन की जानकारी

आचरण संवाददाता

**कटनी।** किसान भाईयों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराने हेतु विकासखण्ड रीठी के ग्राम बिलहरी में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रथ भ्रमण के माध्यम से नरवाई प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपडा, जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व कृषि विभाग के ग्रामीण विकास अधिकारी उपस्थित थे। रथ भ्रमण के दौरान किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि नरवाई जलाने से खेतों की मिट्टी में जो उपयोगी मित्र कीट होते हैं, वह जल कर खत्म हो जाते हैं तथा मिट्टी की उपरी परत भी जल जाती है, इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है। बल्कि, तथा उत्पादन कम होता है। साथ ही पराली जलाने से वायु भी प्रदूषित होती है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और कई प्रकार की गंभीर बीमारियां फैलती है। पराली जलाने पर शासन द्वारा जुर्माने के तौर पर अर्थ दण्ड लगाया जाता है। इसके तहत 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान पर 2500 रूपये प्रति घटना, 2 एकड से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 5 हजार रूपये प्रति घटना और 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15 हजार रूपये प्रतिघटना अर्थदण्ड का प्रावधान है। नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टीलाईजर सीडिड्रडूल आदि कृषि उपयंत्रो के उपयोग से नरवाई जलाने की आवश?यकता नहीं पड़ती जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है। सुपर सीडर या हैप्पी सीडर कृषि यंत्र बोनी करने के साथ-साथ खेत में लगे नरवाई को भी काटकर मिट्टी में मिला देता है, जिससे नरवाई मिट्टी में मिलकर सड़ कर खाद बन जाती है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढती है तथा उत्पादन भी अच्छा होता है। साथ ही श्रम व लागत में भी कमी आती है। साथ ही पराली जलाने से लगने वाले अर्थ दण्ड से भी बचा जा सकता है। नरवाई प्रबंधन के एक अन्य यंत्र बेलर का उपयोग कर नरवाई के बंडल बनाकर उसे बेच कर लाभ कमा सकते हैं। वहीं नरवाई प्रबंधन यंत्र स्ट्रारीपर के उपयोग से भी नरवाई न जला कर उससे भूसा बनाकर पशु अहार तैयार किया जा सकता है। शासन द्वारा इन सभी यंत्रो के क्रय करने पर अनुदान भी दिया जाता है। उपयंत्री संदीप पीपडा ने सभी किसान भाईयों से नरवाई नहीं जलाने तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बचाते हुए प्रदूषण से मुक्त रखने की अपील की है।

**किसानों ने दिखाई रूचिः कटनी।** प्राकृतिक, औषधीय और बागवानी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा अधिकारियों को दिए निर्देशों के बाद जिले के ढीमरखेड़ा और बडवारा क्षेत्र के करीब 300 किसानों ने खेती-किसानी के नए तरीकों को अपनाकर हल्दी, अदरक, अश्वगंधा और तुलसी की खेती में हाथ आजमाया है। इनकी अच्छी खासी मात्रा में उपज होने की संभावना है। डाबर इंडिया लिमिटेड और महाराष्ट्र बेस्ड सुहाना मसाला जैसी कई बड़ी कंपनियां इन उत्पादों को खरीदने के प्रति दिलचस्पी जाहिर की है।

## विवाहिता ने पति सहित ससुरालजनों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला विवेक नगर अपने मायके में रहने वाली विवाहिता ने गोविंद नगर निवासी पति सहित एक दर्जन ससुरालजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और जान से मारने की भी धमकी देने का आरोप लगाया। उक्त मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया। शहर के मोहल्ला गल्ला मंडी के सामने विवेक नगर निवासी रंजना पत्नी रवि कुशवाहा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार तथा शक्ति दान दहेज देकर रवि पुत्र प्रताप निवासी गोविंद नगर के साथ संपन्न हुआ था। लेकिन शादी के बाद से ही उसका पति और उसके अन्य ससुरालजन खुश नहीं थे। इस दौरान उसके पति सहित उसकी सास राम सखी ससुर प्रताप नंद कृष्ण प्रीति कुसुम मामा ससुर नारायण राजू जेठ कमलेश एवं जेठानी लक्ष्मी नंदोई राजेश मनीष गणेश आदि एक राय होकर उसे अपने मायके से अतिरिक्त दहेज लाने की मांग के लिए प्रताड़ित करते आ रहे थे। बताया गया हैं कि सभी ने मिलकर सुबह से ही उसे एक घर के कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान किसी तरह उसने अपने भाई से संपर्क किया, तो विपक्षियों ने उसका मोबाइल पर आदि सभी सामान छीन लिया और भाई के आ जाने पर उसके पहने हुए घरेलू कपड़ों में उसे घर से बाहर निकाल दिया, जिसके बाद वह रोती हुई अपने भाई के साथ अपने पिता के घर आ गई। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर आरोपी पति के साथ सभी के खिलाफ डीपी एक्ट में मामला पंजीकृत किया।

**कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर**

Office Phone/Fax Email- heggpgcsag@mp.gov.in

**निविदा आमंत्रण**

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) में सत्र 2025-26 के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा संचालित केन्टीन/छात्रावास में किराना एवं खाद्य सामग्री सप्लाई हेतु रजिस्टर्ड फर्मों से दिनांक 31/12/2025 के सांयकाल 5:00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में रूपये 25000/- (अंकन पच्चीस हजार रूपये मात्र) अर्नेष्ट मनी (ड्राफ्ट) के साथ निविदायें आमंत्रित की जाती है।

(1) सामग्री सूची (नियम एवं शर्तों सहित) महाविद्यालय कार्यालय से रू. 500/- का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जमा कर कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

(2) निविदानुसार क्रय अवधि अधिकतम 10 माह -

(3) निविदाकर्ता द्वारा अगर अन्य कोई शर्त पृथक से दी जाती है, तो वह मान्य नहीं होगी।

(4) समस्त सामग्री का F.O.R. महाविद्यालय परिसर होगा।

(5) निविदा उपरोक्तानुसार निर्धारित पपत्र में CGST+SGST सहित होना चाहिए।

प्राचार्य,

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाकर, जिलास्तरीय समिति की बैठक



दमोह, आचरण। कांग्रेस कार्यालय में संघर्ष एवं त्याग की प्रतिमूर्ति यूपीए की चेयरमेन श्रीमती सोनिया गांधी का जन्म दिवस जिला समन्वय समिती के सदस्यों कांग्रेस जनो ने केक काटकर मनाया गया एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की। कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि हमे गर्व है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिस पार्टी की नेता हमारी सोनिया है जिन्होने राष्ट्र की खातिर प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद का त्याग कर दिया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिले की चारो विधानसभाओ का एवं समस्त ब्लाको का एस आई आर का काम हमारे बी एल ए ने सजगता से किया है , मनु मिश्रा, महेन्द्र प्रताप सिंह चौधरी, संजय चौरसिया लक्ष्मण सींग प्रदीप पटेल निधि श्रीवास्तव रजनी ठाकुर परम यादव, दृगपाल सिंह ठाकुर, प्रदीप खटीक योगेश सराफ वीरेन्द्र राजपूत, बसंत कुशवाहा, सुषमा ठाकुर भूपेन्द्र अजमानी, रोहन पाठक, अमर सिंह, लाखन सींग दिनेश रैकवार मंजीत यादव, हेमराज पार्षद, अजय जाटव मदन सुमन ने भी जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओ से आहवान किया कि 14 दिसंबर 2025 को म राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाजपा की अनीतियों का पुरजोर विरोध करें इस अवसर पर रियाज खान अशोक ठाकुर गोपाल रैकवार, तुलाराम यादव, तेजीराम रोहित, अनुज ठाकुर, सुनील सींग, डॉ. सुनील, श्रीकान्त पटेल, मुकेश सेनी ए.के. चिश्ती इनायत अली सहित अनेको कांग्रेस जनो की उपस्थिति रही। अंत में भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की सदस्य सुषमा पटेल का पुष्पगुच्छ श्रीफल साल से स्वागत किया जिन्होने हाल ही में संपन्न हुये महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम में भारतीय टीम को वर्ल्ड कप विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### पुलिस अधीक्षक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सुषमा का सम्मान किया



दमोह, आचरण। भारतीय ब्लाइंड वूमेन क्रिकेट टीम की विश्व विजेता खिलाड़ी सुषमा पटेल सोमवार को जब अपने गृह जिले पहुँचीं, तो कलेक्ट्रेट कार्यालय में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सुषमा का सम्मान किया। घाना मैली (जबेरा) के साधारण किसान परिवार से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के शिखर तक पहुँची सुषमा की प्रेरणादायक कहानी ने अधिकारियों को भी भावुक कर दिया।

### अलख में विद्यमान शिव का विभुत्व- श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक



दमोह, आचरण। । सर्वशक्ति-सम्पन्नता का द्वैतक शिव चराचर जगत में व्याप्त है जिसकी अलख अनेकानेक रूपो में प्रकट होने की स्थिति को अगम्य बताता है, अर्थात वह गुण जिसमें कोई सत्ता या शक्ति सब ओर व्याप्त होती है, पर दिखती नहीं अनादि से अनंत तक केवल सर्वव्यापकता रूप में विद्यमान है। संक्षिप्त में ईश्वर का सर्वत्र होने वाला व्यापक स्वरूप धर्म और दर्शन में विभुत्व कहा गया जो मुख्यतः ईश्वर की महिमा, सामर्थ्य और सर्वत्र-व्यापक स्वरूप को सूचित करता है। यह कथन श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी के रुद्र संहिता के व्याख्यान रूपी उद्बोधन का है जो काशी के शिवपुर में चल रही कथा की प्रासंगिकता को दर्शाती हैं। 'एको देवो महादेवो विज्ञेयस्तु महेश्वरः। न तस्य परमं किञ्चित्पदं समधिगम्यते' दिव्य देवता उनके स्थूलरूप को देखते हैं, दिव्ययोगीवृन्द परमपिता परमात्मा को प्रसन्न करने का एकमात्र उपाय वेदनिर्दिष्ट धर्म को बताते है जिसका श्रुति वाक्य 'प्रसादसाधनं धर्मः' नित्य निरन्तर-नियमित धर्म का अभ्यास करने से जन्म-जन्मान्तर-कल्प-कल्पान्तर से संचित पापराशि नष्ट हो जाती है- 'पापपरिक्षयः' इससे प्राणी अमल आत्मा हो जाता है। साथ ही साथ सर्वेश्वर शिव की ज्ञानपूर्ण-भक्ति प्राप्त होती है। ऐसे ज्ञानपूर्ण भक्तों के भावों के अनुरूप परमात्मा की कृपा के प्रसादरूप प्रसन्नता आदि प्राप्त करना सरल है नहीं तो संसार में दुःख का बाहुल्य भटकते मार्ग पर चलने में देर नहीं लगाता 'अज्ञानप्रभवं दुःखं ज्ञानेनैव निवर्तते वस्तुतः वस्तुएँ तीन प्रकार की होती हैं-क्षर, अक्षर और क्षराक्षर तीनों भेदों को तत्त्ववेत्ता ही जानते हैं। क्षर को प्रकृति किंवा माया, अक्षर को जीव (अजर, जर), क्षराक्षर को परमेश्वर की श्रेणी में माना जाता है। यह माया की शक्ति है। यह माया जिसे घेर लेती है, उसे बारम्बार एक शरीर से दूसरे शरीर में कूकर-सूकर, कीट, पतंग, मानव आदि रूप में जन्म लेना पड़ता है। इस प्रकार असह्य दुःख उठाना पड़ता है। इससे प्रसनमुक्त होने का सरल साधन यह है कि भूतभावन भगवान् शङ्कर में एकान्त-निष्ठापूर्वक परम-ज्ञाननिष्ठ सुदृढ़ भक्ति में प्रवेश करना चाहिए। अनेकानेक विधाओं से पूर्ण फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत राम दास त्यागी जी महाराज एवं योगी राज श्री महंत राम करण दास त्यागी जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रमुख जजमान विनोद दुबे कमलेश केशरी जितेंद्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, दिलीप रघुवंशी सहित स्थानीय भक्तों का बढ़ चढ़कर भाग लेना वैधानिक प्रक्रिया बन गया ।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में डेस्टिनेशन कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड के विकास पर विशेष फोकस**

# पन्ना के अजयगढ़ स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में होगा उन्नयन

आचरण संवाददाता

पन्ना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई डेस्टिनेशन मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभ्यारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में छतरपुर और दमोह के मेडिकल कालेजों में पदों की स्वीकृति सहित शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन और नवीन पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद ने बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रंट के लिए एक विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज की मदद से एक निवेशक-हितैषी वातावरण तैयार होगा, जिससे यहां 24 हजार 240 करोड़ रूपये के निवेश के रास्ते खुलेंगे। यह प्रयास सीधे तौर पर 29 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर आर्थिक उन्नयन का नया मार्ग खोलेगा। स्वीकृति अनुसार भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की है। इसके अतिरिक्त, विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किश्तों की सुविधा दी गई है और संधारण शुल्क 8 रुपये प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टाम्प और पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, इकाइयों को वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पांच वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट दी गई है। वित्तीय सहायता पैकेज के तहत वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों पर उद्योग संवर्धन नीति 2025 और निवेश प्रोत्साहन योजना 2025 के नियम लागू होंगे, जबकि एमएसएमई इकाइयों के लिए एमएसएमई विकास नीति-2025 और एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के प्रावधान प्रभावी होंगे। सीमेंट निर्माण इकाइयों को इस विशेष वित्तीय सहायता पैकेज का लाभ नहीं मिलेगा। यह विशेष पैकेज आगामी पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा।

**सागर से दमोह 76 किलोमीटर फोरलेन मार्ग निर्माण की**




**प्रशासकीय स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा सागर-दमोह मार्ग, लंबाई 76.680 किमी फोरलेन मय पेव्हड शोल्डर के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण के लिए परियोजना वित्तीय लागत 2,059 करोड़ 85 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार लागत का 40 प्रतिशत हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के अंतर्गत मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा। शेष 60 प्रतिशत राशि का प्रावधान संचालन अवधि में 15 वर्षों तक 6 माही एन्युटी के रूप में राज्य बजट के माध्यम से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भू अर्जन एवं अन्य कार्यों के लिए 323 करोड़ 41 लाख रूपये का भुगतान भी राज्य बजट से किया जाएगा। परियोजना अंतर्गत 13 अंडरपास, 3 वृहद पुल, 9 मध्यम पुल, एक आरओबी, 13 वृहद जंक्शन और 42 मध्यम जंक्शन का निर्माण किया जायेगा।

**दमोह, छतरपुर और बुधनी मेडिकल कॉलेज के लिए नियमित और आउटसोर्स पदों की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दमोह, छतरपुर और बुधनी के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउटसोर्स पदों की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में 330 नियमित पद सृजन और 205 व्यक्तियों को आउटसोर्स पर नियोजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के रहवास के लिए विकसित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा सागर में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सितंबर 2022 में कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में पहला और अप्रैल 2025 में गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर में दूसरा चीता रहवास प्रारंभ किया गया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में 28 और गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर 02 चीतों का रहवास है। इसके अतिरिक्त जनवरी 2026 में बोत्सवाना से 8 चीते कूनो में पहुंचना संभावित हैं।

**दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ से अधिक की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना को स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 165 करोड़ 6 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के तहत तेंदूखेड़ा तहसील के 17 ग्रामों का कुल 3600 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।

**11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन और 348 पदों की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद ने 11 जिलों की 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। निर्णय अनुसार नीमच जिले के भादवामाता उप स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा। शाजापुर के मक्सी स्थित 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में किया जाएगा। इसी प्रकार उज्जैन के जीवाजीगंज और खंडवा के ओंकारेश्वर स्थित 20 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों का विस्तार कर उन्हें 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाएगा।

पन्ना के अजयगढ़, खरगौन के महेश्वर, सिंगरौली के देवसर और रीवा के हनुमना स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में अपग्रेड किया जाएगा। बड़े उन्नयन कार्यों में बैतूल के भीमपुर, सिंगरौली के चितरंगी और अनूपपुर के कोतमा स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में बदलना शामिल है। साथ ही, सागर जिले के बीना स्थित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का उन्नयन कर उसे 100 बिस्तरीय किया जाएगा। संस्थाओं के संचालन के लिए मंत्रि-परिषद ने 345 नियमित और 03 संविदा पदों के सृजन को मंजूरी दी है। साथ ही 136 व्यक्तियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखने की स्वीकृति भी दी गई है। इस पूरी प्रक्रिया में 27 करोड़ 17 लाख रुपये का वार्षिक व्यय किया जायेगा।

पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को 2 वर्ष में रोजगार के लिए जापान और जर्मनी भेजने का निर्णय मंत्रि-परिषद द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विभागीय योजनांतर्गत, अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को दो वर्षों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सोशल इंपैक्ट बांड वित्तीय उपकरण का प्रयोग कर जापान एवं जर्मनी भेजे जाने के लिए प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई।

अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपये की स्वीकृति मंत्रि-परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ 54 लाख रुपये की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्ययोजना की वित्तीय लागत में 75 प्रतिशत केंद्रांश राशि 297 करोड़ 15 लाख रुपये और 25 प्रतिशत राज्यांश राशि 100 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये होगा। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम् गान के साथ प्रारंभ हुई।

## जबेरा विधानसभा को मिली 165 करोड़ की बड़ी सौगात

**झापन नाला पर पुछी तालाब निर्माण को मिली स्वीकृति**



नारायण त्रिपाठी

दमोह/जबेरा- मध्यप्रदेश सरकार की हाल ही में खजुराहो में संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में दमोह जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र को मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल ने एक बड़ी सौगात प्रदान की है। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग 'झापान नाला पर पुछी तालाब निर्माण कार्य' को अब स्वीकृति मिल गई है। स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी इस परियोजना के लिए निरंतर प्रयासरत थे, और स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद ही क्षेत्रवासियों द्वारा सोशल मीडिया पर मंत्री श्री लोधी का आभार व्यक्त किया जाने लगा है। 3600 हेक्टेयर में सिंचाई, 17 ग्रामों को लाभ इस परियोजना को जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा इस परियोजना के बनने से लगभग 3600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और विधानसभा क्षेत्र के 17 ग्रामों के लगभग 13,000 किसान लाभान्वित होंगे।

**परियोजना की लागत :** पुछी तालाब का निर्माण कार्य 165.06 करोड़ की लागत से किया जाएगा। मंत्री लोधी ने इस मांग को अपने कार्यकाल में पूर्ण करने का अवसर मिलने पर गौरव व्यक्त किया। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, और मंत्रिमंडल के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया। यह परियोजना जबेरा क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगी और कृषि समृद्धि को बढ़ावा देगी।



दमोह, आचरण। प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार बागेश्वर छतरपुर कार्यक्रम के उपरांत दमोह पहुंचे, जहां कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी,जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी एचआर पांडे, आयुष विभाग राजकुमार पटेल, पीजी कॉलेज आलोक जैन,टीआई कोतवाली मनीष कुमार सहित और भी अधिकारियों स्वागत किया।

### अमानगंज वार्ड क्रमांक 6 में भागवत कथा का भव्य समापन

अमानगंज। नगर के वार्ड नंबर 6 में 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन धार्मिक उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर आयोजित हवनदृयज्ञ, बछिया पूजन और विशाल भंडारे ने पूरे वार्ड में आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। मंगलवार की सुबह हवन वेदी में कथा व्यास पंडित श्रीराम दुलारे पाठक एवं आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशिष्ट अनुष्ठान संपन्न कराए गए। धार्मिक ध्वनियों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। हवन के बाद हुई बछिया पूजन विधि में बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और भक्तों ने भाग लिया। पारंपरिक मान्यता के अनुसार बछिया पूजन को समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना जाता है।

### युवाओं का नशे की लत की ओर अग्रसर होना एक चिंता का विषय

पन्ना, आचरण। देश भर की अधिकांश युवा आबादी नशे की लत की ओर अग्रसर हो रही है। यह एक चिंता का विषय है, इसी संज्ञान में जिले के युवाओं की विश्वशनीय संस्था उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा अजयगढ़ स्थित ग्राम राजापुर में चौपाल लगाकर स्थानीय ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के विषय में जानकारियां देते हुए बताया गया कि नशे की लत कई मायनों में खतरनाक हो सकती है। नशे की लत मन और शरीर को नुकसान पहुँचा सकती है - जिससे हेपेटाइटिस सी जैसी संक्रामक बीमारियाँ, दौरे पन्ना और यहाँ तक कि आत्महत्या के विचार जैसी स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।

## कॉलोनी के बड़े बाबू, 30 वर्षों से गैस बेल्डिंग कर संभाल रहे पूरे परिवार की जिम्मेदारी

आचरण संवाददाता

पन्ना। राजा बाबू कॉलोनी निवासी सिराजुद्दीन उर्फ बड़े बाबू (45) पिछले तीन दशकों से गैस वेल्डिंग का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। करीब 3.3 फुट की लंबाई होने के बावजूद बड़े बाबू ने कभी अपनी शारीरिक ऊँचाई को कमजोरी नहीं बनने दिया। मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने न केवल अपने पेशे में मजबूत पहचान बनाई, बल्कि माता-पिता की मृत्यु के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी अकेले संभालते हुए संघर्ष को अपनी ताकत में बदला। स्थानीय लोगों के अनुसार, बड़े बाबू रोज सुबह जल्दी कार्यस्थल पहुंच जाते हैं और देर शाम तक काम करते हैं। वे छोटे-बड़े सभी तरह के वेल्डिंग के काम में निपुण माने जाते हैं। क्षेत्र के लोग कहते हैं कि बड़े बाबू का व्यवहार हमेशा मिलनसार रहता है, और वे हर काम को पूरी ईमानदारी से करते हैं। बड़े



बाबू बताते हैं कि जीवन में कठिनाइयों की कमी नहीं रही, लेकिन काम और परिवार दोनों को संभालने का हौसला हमेशा बनाए रखा। वे कहते हैं, माता-पिता के जाने के बाद सबकुछ बदल गया, लेकिन मैंने ठान लिया था कि परिवार को किसी चीज की कमी नहीं होने दूँगा। आज बड़े बाबू अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी से कई लोगों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। उनका मानना है कि इच्छाशक्ति और मेहनत के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

## पन्ना की उथली हीरा खदान से युवक को मिला 15. 34 कैरेट वजन का बेशकीमती हीरा

आचरण संवाददाता

पन्ना। हीरा की खदानों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की उथली खदान से 15.34 कैरेट वजन वाला जेम क्वालिटी का बेशकीमती हीरा मिला है। हल्के हरे रंग वाला यह नायाब हीरा पन्ना के रानीगंज मुहल्ला निवासी सतीश खटीक को कृष्णा कल्याणपुर की पटी हीरा खदान में मिला है। इस नायाब हीरे की अनुमानित कीमत 50 से 60 लाख रुपये आंकी जा रही है। हीरा अधिकारी रवि पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि हीरा धारक सतीश खटीक ने कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में पहुंचकर



आज दोपहर में विधिवत हीरे को जमा कर दिया है। आगामी होने वाली हीरों की नीलामी में इस हीरे को भी बिक्री के लिए रखा जाएगा। हीरा जितनी राशि में भी बिकेगा उसकी रॉयल्टी काटने के बाद शेष राशि हीरा धारक को प्रदान की जाएगी। हीरा पारखी अनुपम सिंह के अनुसार सतीश खटीक को मिला हीरा वजन और क्वालिटी के लिहाज से बहुमूल्य हीरा है, जिसे सरकारी खजाने में जमा कर लिया गया है। हीरा मिलने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए युवक सतीश खटीक ने बताया कि बीते माह 19 नवम्बर को उसे हीरा खदान का पट्टा मिला था। कृष्णा कल्याणपुर स्थित खदान में 20 दिन पहले ही उन्होंने काम शुरू किया था। इतने कम समय में उन्हें यह हीरा मिल गया जिससे हमारी जिंदगी खुशहाल हो जाएगी। हीरा मिलने के बाद से इस युवक के परिवार में जश्न और खुशी का माहौल है, लोग बधाइयाँ दे रहे हैं।

### तीस महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन

अमानगंज, आचरण। अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन में मंगलवार को 30 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। बीएमओ डॉ. जयपाल अहिरवार ने मंगलवार रात 8.00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि सभी ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सुरक्षित वातावरण में किए गए, और सभी मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं। ऑपरेशन से पहले-महिलाओं की मेडिकल जाँच परामर्श आवश्यक जांचें पूरी प्रक्रिया के साथ की गईं। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को निगरानी में रखा गया और उनके स्वास्थ्य की निरंतर मॉनिटरिंग की गई।

## सुशील वैभव को भोपाल में मिला वर्ष 2025 का श्री चित्रगुप्त सम्मान




आचरण संवाददाता

पन्ना। गत 07 सितम्बर को भोपाल में दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम कवि सम्मेलन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से उपस्थित कायस्थ कवि साहित्यकारों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उक्त कार्यक्रम में पन्ना के सुकवि सुशील खरे वैभव को श्री चित्रगुप्त सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के रामसेवक बुंदेली साहित्य एवं संस्कृति परिषद डबरा के अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव सनम भोपाल शाखा के अध्यक्ष देवेश कुमार देव, डॉ. अरविन्द श्रीवास्तव, असीम दतिया, प्रीति श्रीवास्तव डबरा, डॉ. महेन्द्र खरे सागर, अरविन्द अंशुमान छतरपुर ने सुशील खरे वैभव की रचना धर्मिता की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दीं। ज्ञात हो कि

## भालू के हमले में घायल व्यक्ति की वन विभाग ने की त्वरित सहायता



आचरण संवाददाता

पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमंडल के कल्दा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खंदेराजा क्षेत्र से एक ग्रामीण जंगल के भीतर भालू के हमले में घायल हो गया। किशोर सिंह अपराह्न 3-4 बजे लकड़ियां एकत्र करने के लिए जंगल गए थे, जहां मादा भालू अपने दो शावकों के साथ मौजूद थी। मानव उपस्थिति से भालू उत्तेजित हो गई और उसने अचानक हमला कर दिया, जिससे किशोर सिंह घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही रेंज अधिकारी परिवेश भदौरिया ने त्वरित कार्यवाही करते हुए वनरक्षक संतोष शर्मा के माध्यम से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय सलेहा भेजा, जहां उनका प्रारंभिक इलाज किया गया। इसके बाद उपवनमंडल अधिकारी नितिन निगम उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए परिजनों सहित पन्ना जिला चिकित्सालय लेकर आ रहे हैं। वनमंडल अधिकारी दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा ने अधीनस्थ अमले को घायल व्यक्ति को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है। वन विभाग की तत्परता और संवेदनशीलता से पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत मिली है।

# आईपीएल-2026 ऑक्शन के लिए 350 खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट तैयार, क्विंटन डी कॉक की सरप्राइज एंट्री!

## आईपीएल-2026 का ऑक्शन 16 दिसंबर को होना है, जिसमें 350 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इस लिस्ट में डी कॉक का नाम भी शामिल है

नई दिल्ली

आईपीएल-2026 के ऑक्शन को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ऑक्शन में इस बार कुल 350 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों से चर्चा करने के बाद 350 खिलाड़ियों की यह लिस्ट तय की है। ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी के एतिहाद एरेना में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। ऑक्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 350 खिलाड़ियों में 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी हैं। फ्रेंचाइजी कुल 77 उपलब्ध स्लॉट के लिए मुकाबला करेंगी, जिसमें विदेशी खिलाड़ियों के लिए 31 स्थान रिजर्व हैं। बीसीसीआई ने शुरुआत में 1355 खिलाड़ियों की एक बड़ी लिस्ट तैयार की थी और फ्रेंचाइजियों से कहा था कि वे उन खिलाड़ियों के नाम बताएं जिन्हें वे ऑक्शन पूल में देखना चाहती हैं। इसके बाद छंटनी की गई, जिससे 350 खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट तैयार हो गई। फाइनल लिस्ट में 35 नए नाम शामिल हुए हैं, जो पहले लिस्ट में मौजूद नहीं थे। इनमें सबसे बड़ा नाम है साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बैटर क्विंटन डी कॉक का। डी कॉक का नाम पहले ऑक्शन की लिस्ट में नहीं था, लेकिन एक फ्रेंचाइजी की सिफारिश के बाद उन्हें ऑक्शन में जोड़ा गया। वह विकेटकीपर-बल्लेबाजों के तीसरे सेट में शामिल किए गए हैं। 33 साल के डी कॉक ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से वापसी करते हुए विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में धमाकेदार शतक लगाया था। यही कारण है कि उन्होंने आईपीएल में वापसी का फैसला किया। उनका बेस प्राइस इस बार 1 करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछली मेगा ऑक्शन में तय 2 करोड़ रुपये के मुकाबले आधा है। पिछली बार उन्हें केकेआर ने खरीदा था, लेकिन निराशाजनक सीजन के बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। 2 करोड़ के बेस प्राइस में 40 खिलाड़ी हैं। इनमें सिर्फ 2 भारतीय खिलाड़ी शुमार हैं। रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रखा है।




| देश | संख्या |
|---|---|
| भारत | 240 |
| इंग्लैंड | 21 |
| ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| न्यूजीलैंड | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 15 |
| श्रीलंका | 12 |
| अफगानिस्तान | 10 |
| वेस्टइंडीज | 9 |
| बांग्लादेश | 7 |
| आयरलैंड | 1 |

### जमकर लगेगी बोली

फाइनल लिस्ट में कई श्रीलंकाई खिलाड़ियों के नाम भी शामिल हैं, जिनमें ट्रेवीन मैथ्यू, बिनुरा फर्नांडो, कुसल परेरा और दुनिथ वेल्लालगे शामिल हैं। बीसीसीआई ने बताया कि ऑक्शन का आगाज कैप्ड खिलाड़ियों से होगा। यह क्रम बल्लेबाजों से शुरू होकर ऑलराउंडरों, विकेटकीपर-बल्लेबाज, तेज गेंदबाजों और फिर स्पिनरों तक जाएगा। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। पहले सेट में कैमरन ग्रीन शामिल हैं और उनके साथ डेवोन कॉनवे, जेक फ्रेजर-मैक्गर्क, सरफराज खान, पृथ्वी शॉ और डेविड मिलर के नाम भी शामिल हैं। वहीं वेंकटेश अय्यर ऑलराउंडरों के दूसरे सेट में शामिल होंगे। इस बार भी ऑक्शन में एक्सेलरेटेड राउंड लागू होगा। यह प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी, जिसका जिक्र बोर्ड ने फ्रेंचाइजियों को भेजे मेल में भी किया है। 70वां नाम अफगानिस्तान के वहिदुल्लाह जादरान का है। पहले एक्सेलरेटेड राउंड में 71 से 350 तक के सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके बाद टीमों से उन खिलाड़ियों के नाम वापस मांगे जाएंगे जिन्हें वे दोबारा ऑक्शन टेबल पर देखना चाहती हैं।

### फाइनल लिस्ट में कई बड़े नाम

फाइनल लिस्ट में विदेशी खिलाड़ियों की बात करें तो अफगानिस्तान के अरब गुल, इंग्लैंड के माइल्स हैमंड और डैन लेटिगन, साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, कॉनर एजथरहूजेन, जॉर्ज लिंडे और बायांडा माजोला, श्रीलंका के मैथ्यू, फर्नांडो, परेरा और वेल्लालगे तथा वेस्टइंडीज के अकीम ऑगस्टे को शामिल किया गया है। भारतीय खिलाड़ियों में सादेक हुसैन, विष्णु सोलंकी, साबिर खान, बृजेश शर्मा, कनिष्क चौहान, आरोन जॉर्ज, जिक्कू ब्राइट, श्रीहरि नायर, माधव बजाज, श्रीवत्स आचार्य, यशराज पुंजा, साहिल पराख, रोशन वाघसारे, यश दिचोलकर, अयाज खान, धुर्मिल मत्कर, नमन पुष्पक, परीक्षा वालसणकर, पुरव अग्रवाल, ऋषभ चौहान, सागर सोलंकी, इजाज सावरिया और अमन शेखावत के नाम जोड़े गए हैं।

# श्रीलंका सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान



मुंबई

श्रीलंका महिला की टीम पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए दिसंबर में भारत का दौरा करेगी। इस दौरे का पहला मैच 21 दिसंबर को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान हो गया है। वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद भारतीय महिला टीम पहली बार मैदान पर कोई मैच खेलते हुई दिखेगी। इस सीरीज के लिए हरमनप्रीत कौर को कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

### ब्रेक पर हैं टीम इंडिया के कई प्लेयर्स

भारतीय महिला टीम ने 2 नवंबर को वनडे वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। उसके बाद से महिला टीम के प्लेयर्स पर ब्रेक पर हैं। इस दौरान कुछ खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए जरूर दिखे थे। लेकिन अब सभी प्लेयर्स इस सीरीज की तैयारी करते हुए नजर आएंगे। हाल ही में टीम इंडिया की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना का एक वीडियो सामने आया था जिसमे वह श्रीलंका सीरीज से पहले नेट्स में प्रैक्टिस करती हुई नजर आ रही थी।

### इन प्लेयर्स को पहली बार मिला मौका

जी. कमलिनी और वैष्णवी शर्मा, जो भारत की अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, उन्हें 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इन प्लेयर्स को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। इनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर भी इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

### श्रीलंका सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का स्क्वॉड

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

### टी-20 सीरीज का शेड्यूल

**पहला टी-20:** 21 दिसंबर-विशाखापत्तनम।
दूसरा टी-20: 23 दिसंबर-विशाखापत्तनम।
**तीसरा टी-20:** 26 दिसंबर-तिरुवनंतपुरम।
**चौथा टी-20:** 28 दिसंबर-तिरुवनंतपुरम।
**पांचवां टी-20:** 30 दिसंबर-तिरुवनंतपुरम।

## दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी फाइनल में करेगी स्पर्धा



हांगकांग

दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी आज से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस भारतीय जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राजील में एक ऐतिहासिक मिश्रित युगल स्पर्धा का रजत पदक जीता था। मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिंग्शा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग ज़ेंटिंग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।

## हरफनमौला हार्दिक पंड्या (नाबाद 59/ एक विकेट ) की तूफानी वापसी

# पहले टी-20 मुकाबले में भारत की 101 रनों से एकतरफा जीत

कटक

यहां खेले गए पहले टी-20 मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 101 रनों से हराया। इस मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका के सामने 176 रन का टारगेट रखा था। जवाब में अफ्रीकी टीम 12.3 ओवर में 74 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह साउथ अफ्रीका के लिए उनके टी-20 इतिहास का सबसे लोएस्ट स्कोर है। इससे पहले उनका लोएस्ट स्कोर 87 रन का था। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।



### साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने टेके घुटने

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। क्विंटन डी कॉक (शून्य) और ट्रिस्टन स्टब्स (14) को अर्शदीप ने आउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। डेवाल्ड ब्रेविस (22) ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक रन बनाये। कप्तान एडन मारक्रम (14) और मार्को यानसन 12 रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर शिवम दुबे ने लुथो सिपामला (दो) को आउटकर 74 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका की पारी को समेट दिया।

भारत के लिए अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### भारत की तरफ से हार्दिक पंड्या ने की शानदार बल्लेबाजी

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। शुभमन गिल (चार) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (12) रन बनाकर आउट हुये। दोनों बल्लेबाजों को लुंगी एन्गिडी ने आउट किया। इसके बाद तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाज अभी टीम के स्कोर को 48 के स्कोर तक ले गये थे कि अभिषेक शर्मा 17 को लुथो सिपामला ने आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। शुरुआत 10 ओवरों में पिच पर उछाल और धीमापन के कारण भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके। इसके बाद तिलक वर्मा 26 और अक्षर पटेल 23 रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे 11 रन बनाकर आउट हुये।

शुरुआती 10 ओवर में बल्लेबाजी बेहद कठिन थी। अतिरिक्त उछाल और पिच का धीमापन बल्लेबाज़ों के लिए काफी मुश्किलें पेश कर रहा था। हालांकि गिरते विकेटों के बीच हार्दिक ने कमाल की पारी खेलते हुए, भारत को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया है। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। हार्दिक पंड्या ने 28 गेंदों में छह चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 59 रनों की पारी खेली। रोहित, सूर्यकुमार और कोहली के बाद टी-20 में 100 छक्के लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए हार्दिक। जितेश शर्मा 5 गेंदों पर एक छक्के की सहायता से 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एन्गिडी ने तीन विकेट लिये। लुथो सिपामला को दो विकेट मिले। डॉनोवन फ़रेरा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत के हरफन मौला हार्दिक पंड्या मैन ऑफ द मैच चुने गए।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी - 2025

# सुपर लीग : जायसवाल की मौजूदगी से मुंबई होगी मजबूत



नई दिल्ली

घरेलू क्रिकेट के सबसे बड़े टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी-2025 का लीग चरण सोमवार, 8 दिसंबर को समाप्त हो गया, जिससे सुपर लीग चरण में आगे बढ़ने वाली आठ टीमों ने क्वालिफाई किया। प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही आगे बढ़ पाईं, जिससे कई दिग्गज टीमें बाहर हो गईं। क्रुणाल पांड्या की बड़ौदा टीम ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर रही, जबकि महाराष्ट्र नेट रन रेट (एनआरआर) के आधार पर क्वालीफिकेशन से चूक गई क्योंकि मध्य प्रदेश ने उसे पछाड़ दिया। झारखंड अपने सभी सात मैच जीतकर सबसे बेहतरीन टीम बनकर उभरा,जो एलीट चरण में एकमात्र अपराजित टीम थी। मुंबई ने सात में से छह जीत हासिल की और सुपर लीग के लिए यशस्वी जायसवाल का स्वागत करेगी। अजिंक्य रहाणे और सरफराज खान के शानदार फॉर्म के साथ, गत विजेता टीम अब पहले से कहीं अधिक मजबूत दिख रही है। इस बीच, दिल्ली, कर्नाटक, सौराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसी पारंपरिक शक्तिशाली टीमें क्वालीफाई करने में विफल रहीं।

### सुपर लीग के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें

नए प्रारूप में सामान्य नॉकआउट की जगह अब आठ क्वालीफाई करने वाली टीमें चार-चार के दो समूहों में विभाजित हैं। प्रत्येक टीम पुणे में तीन सुपर लीग मैच खेलेगी और ग्रुप विजेता 18 दिसंबर को फाइनल में भिड़ेंगे।

### सुपर लीग ग्रुपिंग

**ग्रुप एः** मुंबई, हैदराबाद, हरियाणा, राजस्थान।
**ग्रुप बीः** आंध्र, मध्य प्रदेश, पंजाब, झारखंड।

### सुपर लीग शेड्यूल

**12 दिसंबर, 2025**
**आंध्र वि मध्य प्रदेश-** डी वाई पाटिल एकेडमी, पुणे - सुबह 9:00 बजे
**हरियाणा वि राजस्थान-** एमसीए क्रिकेट स्टेडियम, पुणे - सुबह 11: 00 बजे।
**पंजाब वि झारखंड-** डी वाई पाटिल एकेडमी, पुणे - दोपहर 1:30 बजे
**मुंबई वि हैदराबाद-** एमसीए क्रिकेट स्टेडियम, पुणे - शाम 4:30 बजे

**14 दिसंबर, 2025**
**मुंबई वि हरियाणा -** डी वाई पाटिल एकेडमी, पुणे - सुबह 9: 00 बजे।
**आंध्र वि पंजाब-** एमसीए क्रिकेट स्टेडियम, पुणे - सुबह 11: 00 बजे।
**हैदराबाद वि राजस्थान-** डी वाई पाटिल एकेडमी, पुणे - दोपहर 1: 30 बजे।
**मध्यप्रदेश वि झारखंड-** एमसीए क्रिकेट स्टेडियम, पुणे - शाम 4:30 बजे।

**16 दिसंबर, 2025**
**मध्यप्रदेश वि पंजाब-** डी वाई पाटिल एकेडमी, पुणे - सुबह 9: 00 बजे।
**मुंबई वि राजस्थान-** एमसीए क्रिकेट स्टेडियम, पुणे - सुबह 11: 00 बजे।
**आंध्र वि झारखंड-** डी वाई पाटिल एकेडमी, पुणे - दोपहर 1: 30 बजे।
**हैदराबाद वि हरियाणा-** एमसीए क्रिकेट स्टेडियम, पुणे - शाम 4:30 बजे।

**18 दिसंबर, 2025**
**फाइनल-** ग्रुप ए का विजेता वि ग्रुप बी का विजेता, पुणे

### रेलिगेशन और प्रमोशन

सर्विसेज 32 एलीट टीमों में केवल 4 अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर रही और अगले सीज़न में उसे प्लेट ग्रुप में रेलीगेट कर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश और बिहार भी चार-चार अंकों के साथ समाप्त हुए, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वे बचे रहे। सिक्किम को 10 रनों से हराकर इस साल प्लेट विजेता मिज़ोरम को अगले सीज़न में एलीट ग्रु प में प्रमोट किया जाएगा।

# जसप्रीत बुमराह के तीनों फॉर्मेट में 100 विकेट पूरे

कटक

यहां खेले गए पहले टी-20 मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 101 रनों से हराया। इस मैच में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए और एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस दौरान उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में अपने 100 विकेट पूरे किए। वह भारत के लिए टी-20 में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।

### जसप्रीत बुमराह ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय

जसप्रीत बुमराह ने इसके साथ ही एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अब भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। वहीं इंटरनेशनल क्रिकेट में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले लसिथ मलिंगा, टिम साउदी, शाकिब अल हसन, शाहीन शाह अफरीदी ने इस उपलब्धि को हासिल किया था।

### सभी फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज

लसिथ मलिंगा (श्रीलंका)
टिम साउदी (न्यूजीलैंड)
शाकिब अल हसन (बांग्लादेश)
शाहीन अफरीदी (पाकिस्तान)
जसप्रीत बुमराह (भारत)

## क्या अंपायर की गलती से बुमराह को मिला 100वां विकेट?

कटक

पहले टी-20 मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करके अपना 100वां टी-20 विकेट लिया। लेकिन जिस गेंद पर ब्रेविस आउट हुए वह नो बॉल थी या नहीं यह एक बड़ा सवाल है जो इस वक्त सभी के मन में है।

ब्रेविस इस मैच में साउथ अफ्रीका के लिए टॉप रन स्कोरर रहे। उन्होंने साउथ अफ्रीका को इस मुकाबले में जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन बुमराह की गेंद पर एक गलत शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे। पहली बार में सबको लगा था कि ब्रेविस आउट हैं, ऐसे में वह आउट होने के बाद पवेलियन लौटते हुए दिखे। हालांकि इस दौरान अंपायर बुमराह के नो बॉल को चेक कर रहे थे।

# म्लाबा की गेंदबाजों की रैंकिंग में चार स्थान की छलांग, छठे स्थान पर पहुंचीं

दुबई

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर बड़ी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। आईसीसी की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार म्लाबा ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में केवल 11.33 की औसत से तीन विकेट लिए हैं और इसके परिणामस्वरूप यह बाएं हाथ की टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 705 अंकों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई है। 25 वर्षीय स्पिनर अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से केवल 31 अंक पीछे है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि क्लो ट्रायोन इसी लिस्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं। लुस ने दो पारियों में 81 और 37 रन बनाए हैं और टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 82वें स्थान पर फिर से शामिल हो गई हैं, जबकि आयरलैंड की लेह पॉल प्रोटियाज के खिलाफ दो अच्छे स्कोर बनाने के बाद इसी सूची में नौ स्थान ऊपर चढ़कर 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी नंबर 1 बल्लेबाज बनी हुई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 115 और 22 रन बनाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं और लेफ्ट-हैंडर से सिर्फ 50 रेटिंग पॉइंट्स पीछे हैं।

# चोट से जूझ रहे मार्क वुड हुए एशेज से बाहर

लंदन

इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ मार्क वुड पर्थ में पहले एशेज़ टेस्ट के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट के दोबारा उभरने के बाद एशेज़ सीरीज़ के बाक़ी बचे मुक़ाबलों से बाहर हो गए हैं। मैथ्यू फिशर को उनका सब्सिट्यूट घोषित किया गया है। छह फुट दो इंच लंबे फिशर ने अपना इकलौता टेस्ट 2022 में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ खेला था। वह पहले से ही इंग्लैंड लायंस टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं और इस सप्ताह सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे। एडिलेड में होने वाला तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से शुरू होगा।



वुड जनवरी में 36 वर्ष के हो जाएंगे और मेलबर्न व सिडनी में होने वाले अंतिम दो टेस्ट के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उम्र अब उन पर असर डालने लगी है। ईसीबी के एक बयान में कहा गया, वुड इस सप्ताह के अंत में स्वदेश लौटेंगे और अपने रिहैब और रिकवरी के लिए ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

# कमिंस तीसरे टेस्ट में करेंगे वापसी जॉश हेजलवुड पूरी सीरीज से बाहर

एडिलेड

पैट कमिंस अगले सप्ताह एडिलेड के तीसरे एशेज़ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। हालांकि टखने की चोट से जूझ रहे जॉश हेजलवुड पूरी सीरीज़ से बाहर हो गए हैं। उस्मान ख्वाजा के भी एडिलेड के लिए फिट और उपलब्ध रहने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करेगा, जिसमें कमिंस एकमात्र नया नाम होंगे। कोच ऐंड्रयू मक्डॉनल्ड ने पत्रकारों से कहा कि चयनकर्ता ख्वाजा को मध्य क्रम में बल्लेबाज़ी कराने के विकल्प पर भी विचार कर रहे हैं, क्योंकि पीठ की चोट के कारण उनकी अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड की नई ओपनिंग जोड़ी ने पर्थ और ब्रिस्बेन के पहले दो टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। मक्डॉनल्ड ने कमिंस और हेज़लवुड को लेकर पुष्टि की कि कप्तान वापसी के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, उनका शरीर खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है और अगर अगले एक सप्ताह में कुछ और नहीं हुआ तो मुझे उम्मीद है कि ब्लेज़र पहनते और पैट सिक्का उछालते हुए नजर आएंगे। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि हेज़लवुड हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन के बाद टखने की चोट से जूझ रहे हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### IAS वर्मा बोले-कितनों को मारोगे, हर घर से संतोष निकलेगा

**भोपाल।** आईएएस अधिकारी और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) के अध्यक्ष संतोष वर्मा का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे कहते दिख रहे हैं- कितने संतोष वर्मा को तुम मारोगे, कितने को जलाओगे, कितने को निगल जाओगे। अब हर घर से एक संतोष वर्मा निकलेगा और जब हर घर से निकलेगा, तो आपके पास इतनी ताकत नहीं कि आप हर संतोष वर्मा को जला सको। इस वाक्य के आगे संतोष वर्मा ने और क्या कहा, वीडियो में यह शामिल नहीं है। वीडियो कब और कहां का है, इसका पता भी नहीं चल सका है। दैनिक भास्कर ने जब इस बारे में IAS संतोष वर्मा से पूछा तो उन्होंने कहा कि ये बात उनसे फोन पर उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर रावण ने कही थी। वे तो अजाक्स भवन में संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इस बारे में बात कर रहे थे। वर्मा ने अपनी बात की शुरुआत इससे की थी कि भीम आर्मी के चंद्रशेखर रावण ने ये बात कही है कि कितने संतोष वर्मा को तुम मारोगे। वर्मा ने कहा- जो वीडियो वायरल किया जा रहा है, वह आपसी बैठक का है। यह संघ की बैठक से संबंधित है। इसमें कुछ गलत नहीं कहा है। जो बयान है, वह किसी और ने कहा है इसलिए इसमें कोई गलती नहीं है।

### भोपाल के जगदीशपुर में इस्लाम नगर लिखने पर हंगामा

भोपाल। भोपाल के जगदीशपुर में इस्लाम नगर लिखने पर हंगामा हो गया। मंगलवार को बड़ी संख्या में हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी समेत कई लोग इकट्ठा हो गए। जगदीशपुर लिखा माइलस्टोन उखाड़ने पर उनका गुस्सा और बढ़ गया। उन्होंने कहा कि मूल नाम से छेड़छाड़ कतई मंजूर नहीं है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। इस दौरान पुलिस ने समझाइश देकर लोगों को शांत किया। भोपाल से 14 किलोमीटर दूर ऐतिहासिक धरोहर को समेटे खूबसूरत गांव जगदीशपुर है। 17वीं शताब्दी में बने किले को देखने यहां देश-दुनिया के लोग पहुंचते हैं। 31 जनवरी 2003 तक इसका नाम इस्लाम नगर था, जबकि 1 फरवरी-23 से यह फिर से अपने पुराने नाम जगदीशपुर से पहचाना जाने लगा है। केंद्र सरकार ने गांव का नाम जगदीशपुर करने की हरी झंडी दी थी। राज्य सरकार ने भी नोटिफिकेशन जारी कर गांव का नाम बदलकर जगदीशपुर कर दिया था। इस्लाम नगर का नाम जगदीशपुर होने पर वहां के लोगों ने जमकर जश्न मनाया था। इस दौरान गांव के लोगों ने आतिशबाजी की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी थी। साथ ही ढोल ही नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए थे।

### SIR के नाम पर देशव्यापी नागरिकता परीक्षा थोपना लोकतंत्र पर हमला: सज्जन सिंह वर्मा



**इंदौर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता सज्जन सिंह वर्मा ने आज एसआईआर को लेकर बयान दिया है। वर्मा ने कहा है कि देशभर में लागू किया गया स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अब सिर्फ मतदाता सूची का संशोधन नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों पर नागरिकता सिद्ध करने का अवैध दबाव बन चुका है। मध्यप्रदेश कांग्रेस यह साफ करती है कि SIR संविधान, कानून और लोकतांत्रिक तीनों का उल्लंघन है। विपक्ष लगातार संसद में SIR पर चर्चा की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार बहस से भाग रही है और इसे चुनावी सुधार बताकर भ्रम फैला रही है। सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि रिप्रेसेन्टेटिव ऑफ द पीपल एक्ट, 1950 के अनुसार मतदाता सूची संशोधन केवल विशिष्ट निर्वाचन क्षेत्रों में, और लिखित, सार्वजनिक कारणों के आधार पर किया जा सकता है। लेकिन अब तक ECI ने एक भी लिखित कारण पूरे राज्य के लिए सार्वजनिक नहीं किया। अनुच्छेद 327 संसद को मतदाता सूची पर कानून बनाने का अधिकार देता है। लेकिन ECI खुद को सबसे ऊपर बताकर संसद के अधिकारों को चुनौती दे रहा है। SIR के जरिए हर नागरिक से दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

1946 करोड़ की टैक्स चोरी का मामला; 75.67 करोड़ की एक्साइज ड्यूटी भी चुकानी होगी

# मप्र की सबसे बड़ी टैक्स डिमांड 2002 करोड़ रुपए का नोटिस

इंदौर

सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट, इंदौर ने गुटखा कारोबारी किशोर वाधवानी सहित अन्य को दो हजार दो करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया है। इसे मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी राशि का टैक्स डिमांड नोटिस बताया जा रहा है। ये नोटिस एलोरा टोबेको, दबंग दुनिया पब्लिकेशन, किशोर वाधवानी, श्याम खेमानी, अनमोल मिश्रा, धर्मेंद्र पीठादिया, राजू गर्ग, मे. शिमला इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, देवेंद्र द्विवेदी, विनायका फिल्टर्ड प्राइवेट लिमिटेड और विनोद बिदासरिया को टैक्स चोरी के मामले में दिया गया है। इनके अलावा रमेश परिहार, टीएएन इंटरप्राइजेस, एसआर ट्रेडिंग, निश्का इंटरप्राइजेज, मे. इंक फ्रूट, मे. एमएन इंटरप्राइजेस, मे. रानी प्रेस प्राइवेट




किशोर वाधवानी

लिमिटेड, जौहर हसन, एनजी ग्राफिक्स एंड ब्लॉक मेकर्स के नाम भी नोटिस में शामिल हैं।

### 2020 में मारे थे छापे

दरअसल, जून 2020 में सेंट्रल जीएसटी एंड एक्साइज कमिश्नरेट ने इन कंपनियों पर छापामार कार्रवाई की थी। जांच में टैक्स चोरी का आरोप सही पाया गया। कमिश्नरेट ने 151 करोड़ की जीएसटी और 76 करोड़ की एक्साइज ड्यूटी चोरी का नोटिस जारी किया। इसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि वे जानबूझकर केस को लटकाने की कोशिश कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं पर 2 लाख रुपए की पेनाल्टी भी लगाई।

### सुप्रीम कोर्ट में हारे केस

हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ वाधवानी और साथियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। जहां 2 दिसंबर 2025 को उनकी अपील खारिज कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को सही बताया। इस आदेश के आने के बाद 6 दिसंबर को यह टैक्स डिमांड नोटिस जारी किया गया है। 2002 करोड़ के टैक्स डिमांड नोटिस में 75.67 करोड़ रुपए की एक्साइज ड्यूटी लगाई गई है।

# 3 माह से फरार MPSU के जिला उपाध्यक्ष का सरेंडर



### जबलपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में भिड़ गए थे ABVP और MPSU कार्यकर्ता

जबलपुर

जबलपुर में फरार चल रहे मध्य प्रदेश स्टूडेंट यूनियन (MPSU) के जिला उपाध्यक्ष आकाश खरे ने मंगलवार को जिला कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दरअसल, पॉलिटेक्निक कॉलेज में 3 माह पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) और MPSU के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई थी। जिसमें 5 छात्र घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। एबीवीपी कार्यकर्ताओं की शिकायत पर ओमती पुलिस ने एमपीएसयू के 7 कार्यकर्ताओं के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने एमपीएसयू के जिलाध्यक्ष सहित 7 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, तभी से जिला उपाध्यक्ष आकाश खरे था। मंगलवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में आकाश सीजेएम कोर्ट पहुंचे, जहां कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। हालांकि पूछताछ के लिए ओमती पुलिस को एक घंटे की रिमांड जरूर दी गई।

'वंदे मातरम'

# 79वें जन्मदिन पर सोनिया का राष्ट्र को तीखा संदेश

राजीव रंजन नाग

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्टी प्रमुख का यह संक्षिप्त जवाब कोई संयोग नहीं था; यह देश के %राष्ट्रीय गीत% पर दो दिनों की ज़ोरदार चर्चा के बाद आया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के ताने और उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के जवाब शामिल थे। पीएम ने सोमवार को अपने पूर्ववर्ती जवाहरलाल नेहरू पर मोहम्मद अली जिन्ना का अनुसरण करते हुए गाने का विरोध करने का आरोप लगाकर इस बहस की शुरुआत की, क्योंकि इससे मुसलमानों को गुस्सा आ सकता है। राहुल गांधी से जवाब देने की उम्मीद थी, लेकिन उनकी बहन प्रियंका ने मोर्चा संभाला। और मंगलवार को केरल के वायनाड से सांसद ने तीखा जवाब देते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर अगले साल के बंगाल चुनाव से पहले नंबर पाने के लिए विपक्ष को वंदे मातरम - जो एक बंगाली उपन्यासकार और कवि द्वारा लिखा गया था - की चर्चा में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री और भाजपा पर %नेहरू को चुनिंदा रूप से उद्धृत करने का भी आरोप लगाया, जिसमें सोशल मीडिया पोस्ट का



जिक्र किया गया था जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल को लिखे गए उनके पत्रों के अंशों को बिना संदर्भ के प्रस्तुत किया गया था, ताकि यह सुझाव दिया जा सके कि पूर्व प्रधानमंत्री पक्षपाती थे। भाजपा ने प्रियंका गांधी का मुकाबला करने के लिए अमित शाह को मैदान में उतारा और गृह मंत्री ने हमेशा की तरह तीखा जवाब दिया। कुछ लोगों को लगता है कि वंदे मातरम पर चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि बंगाल चुनाव आ रहे हैं। यह सच है कि बंकिम बाबू (बंकिम चंद्र चटर्जी, लेखक) का जन्म बंगाल में हुआ था, लेकिन वंदे मातरम सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं है... उन्होंने घोषणा की। भाजपा ने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है, और उस पर 1937 के सत्र में सांप्रदायिक एजेंडे को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय गीत का अपमान करने और देश के राष्ट्रीय गीत के रूप में एक छोटा संस्करण अपनाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने जवाब में दावा किया कि बीजेपी और उसके वैचारिक गुरु, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नियमित रूप से इस गाने से बचते हैं; पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे बहुत अजीब बताया कि जो लोग आज राष्ट्रवाद के संरक्षक होने का दावा करते हैं - RSS और BJP - उन्होंने कभी वंदे मातरम नहीं गाया... इस विवाद की जड़ में छह छंद हैं जिनमें चटर्जी ने हिंदू देवी दुर्गा, कमला (या लक्ष्मी), और सरस्वती का जिक्र किया था, और उन्हें भारत की अद्वितीय स्त्री संरक्षक के रूप में पेश किया था। 1937 में कांग्रेस, जिसका नेतृत्व तब पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कर रहे थे, ने राष्ट्रीय सभाओं के लिए सिर्फ़ पहले दो छंदों का इस्तेमाल करने का फ़ैसला किया। तर्क यह था कि हिंदू देवियों के सीधे जिक्र को अच्छी तरह से स्वीकार नहीं किया गया था।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर में दर्शन किए।




सागर आचरण। नव सनातन जनकल्याण एवं गौ रक्षा समिति सागर द्वारा कबीर वाटिका पार्क राममंदिर के पीछे मकरोनिया में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसका समापन 10 दिसंबर को होगा एवं 11 दिसंबर को प्रसादी वितरण किया जाएगा। पूर्व विधायक सुनील जैन और श्रीमती निधि जैन ने कथा में पहुंचकर कथा व्यास अवधेशानंद जी से आशीर्वाद लिया।

# सरकारी मेडिकल कॉलेज न मिला तो भिण्ड और कटनी बंद होगा: रघु ठाकुर

### लोसपा के एक दिवसीय धरने में सोशलिस्ट नेता की चेतावनी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

भोपाल आचरण

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा है कि और भिण्ड में सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं खुला तो लोसपा दोनों शहरों में बंद आयोजित कराने का अभियान चलायेगी। श्री ठाकुर आज भोपाल के जहांगीराबाद स्थित नीलम पार्क में आयोजित लोसपा के धरना प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों व शहरों से पार्टी कार्यकर्ता अपनी मांगों का ज्ञापन सरकार को सौंपने के लिए भोपाल पहुंचे थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट शम्भूदयाल बघेल सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में रघु ठाकुर ने कहा पर्चियों से जिस तरह मुख्यमंत्री बन रहे हैं उससे लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो रही है। किसान मजदूरों की पार्टी की जगह अब जाति की पार्टियां बन रही हैं। कटनी और भिण्ड में मेडिकल कॉलेज के लिए लोसपा के लम्बे आंदोलन के बाद सरकार ने यहां पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की तो है लेकिन लोसपा ने तय किया है कि या तो यहां पूरी तरह से सरकारी मेडिकल कॉलेज बने, नहीं तो उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, रीवा आदि के सरकारी मेडिकल कॉलेज को भी पीपीपी मॉडल पर चलाया जाए। लोसपा ने जिन मुद्दों को लेकर आज भोपाल में धरना प्रदर्शन आयोजित किया था उनमें कटनी व भिण्ड में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने,सरकारी संपत्तियों को बेचने और निजी क्षेत्र के कब्जे पर रोक लगाने, सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को गिरफ्तार करने , अतिथि विद्वानों को नियमित करने, किसानों को खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में समय पर मुहैया कराने व वर्षा से फसल ख़राब होने पर बीस हजार रुपए प्रति एकड़ हर्जाना देने की मांग विशेष रूप से शामिल है। अंचल से आये लोगों ने धरने में गोचर भूमि पर अवैध कब्जे और किसानों को मनमाने बिजली बिल थमाए जाने और खाद की भारी किल्लत का मुद्दा भी उठाया।

रघु ठाकुर ने कहा लोसपा की नीति है कि एक घर में एक कार होनी चाहिए और नये कारखाने पुराने बंद कारखानों की जमीन पर लगना चाहिए नहीं तो जमीन निजी उद्योगों को कौड़ियों के मोल देने के बजाय मूल किसानों को वापस किया जाना चाहिए, रोजगार भी वहां के लोगों को मिले जहां की जमीन कारखाने को गयी है। धरना - प्रदर्शन की सभा को लोसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट शम्भूदयाल बघेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव व मदन जैन ,प्रदेश अध्यक्ष विन्ध्येश्वरी पटेल, डॉ शिवा श्रीवास्तव,महासचिव निसार कुरैशी, शेखर जैन ( ग्वालियर) , नारायण सिंह ( सागर), प्रताप मलिक, गोवर्धन चांदवानी, रोडवेज के श्यामसुंदर शर्मा, डॉ अनूप सिंह( छिंदवाड़ा )अतिथि विद्वान संघ के पदाधिकारी डॉ सुरजीत सिंह भदौरिया व अजब सिंह, लोसपा प्रवक्ता अजय श्रीवास्तव, शिवराज सिंह ( सागर) , दिनेश पुराणिक, अविनाश चौबे( बंडा) , हरपाल सिंह,अनिल वाजपेई, चिम्मन सिंह, सुरभि यादव ने भी सम्बोधित किया। लोसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट शम्भूदयाल बघेल ने रघु ठाकुर को डॉ राममनोहर लोहिया के बताए समाजवाद का सच्चा और एकमात्र प्रतिनिधि बताते हुए कहा उनका पूरा जीवन समाज के कमजोर लोगों की लड़ाई लड़ने में बीता है।

साइबर क्राइम

ठगों ने पुलवामा में आतंकी जुड़े होने के नाम से धमकाया

# 'डिजिटल अरेस्ट' कर 70 लाख रुपए मांगे

जबलपुर

जबलपुर में रिटायर्ड महिला शिक्षक को एटीएस अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने 4 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। पुलवामा हमले का डर दिखाकर उनसे 70 लाख रुपए की मांग की गई, लेकिन समय रहते पुलिस की मदद मिलने से महिला और उनका पैसा दोनों सुरक्षित हैं। घटना 6 दिसंबर की है, जब बाई का बगीचा क्षेत्र में रहने वाली रिटायर्ड शिक्षिका अमिता ग्रेबियल के मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए कहा कि पुलवामा में आतंकी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में उनके खाते से 70 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं। साथ ही RBI और एटीएस जांच का हवाला देकर उन्हें डराया गया। कुछ देर बाद साइबर ठगों ने वीडियो कॉल शुरू किया और महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया। चार दिन तक उनका मोबाइल लगातार वीडियो कॉल पर रखा गया। महिला और उनके पति को घर से बाहर निकलने, पर्दा खोलने-बंद करने तक के लिए अनुमति लेनी पड़ रही थी। ठगों ने बच्चों और रिश्तेदारों की



पूरी जानकारी भी हासिल कर ली।

### मोबाइल पर सिग्नल एप डाउनलोड करवाया

साइबर ठगों ने बुजुर्ग दंपत्ति को धमकी देने के बाद उनके मोबाइल पर सिग्नल एप डाउनलोड करवाया। इसके जरिए उन्हें नकली एटीएस डिपार्टमेंट ग्रुप में ऐड किया, जिसमें अलग-अलग नामों से फर्जी एटीएस के अधिकारी जुड़े हुए थे। इसी ग्रुप के माध्यम से महिला और उनके पति को डराया जा रहा था। वीडियो कॉल के जरिए डिजीटल अरेस्ट कर लिया गया।

### 70 लाख रुपए दो-बच जाओगे

चार दिन तक डिजिटल अरेस्ट के दौरान घर पर क्या हो रहा है, कौन कितने बजे आ रहा है, कहां जा रहा है, यह तमाम जानकारी साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट के जरिए समय-समय पर अमिता ग्रेबियल से ले रहे थे। एटीएस बनकर कॉल करने वाले साइबर ठगों ने केस में नाम हटाने को लेकर 70 लाख रुपए की डिमांड की।

उनका कहना है कि पुलवामा हमले में जो आपके खाते से 70 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं, उसका आपको 70 लाख रुपए देना होगा।

### आरबीआई का खाता नंबर दिया

एएसपी ने बताया कि महिला और उनके पति बहुत ज्यादा डरे हुए थे। साइबर ठगों ने पति को घर पर डिजिटल अरेस्ट रखा, जबकि शिक्षिका को बोला गया कि आरबीआई का एक खाता नंबर पर आपको 70 लाख रुपए जमा करने होंगे। भले ही इसके लिए आपको अपनी एफडी ही क्यों ना तोड़ना पड़े। ठगों की धमकी से दंपति इस कदर डरे थे कि जैसा वो कहते थे, वैसा बुजुर्ग दंपति करते थे, यहां तक वाशरूम भी जाते तो अनुमति लेकर ही जाते थे।

### हम आपके पिता जी बोल रहे- चेहरा तो दिखाओ

एडवोकेट अनिल मिश्रा ने साइबर फ्राड को लेकर जैसे ही एएसपी जितेंद्र सिंह को जानकारी दी गई, वैसे ही वो फौरन महिला के साथ उनके बाई के बगीचा स्थित घर पहुंचे, जहां देखा कि मोबाइल पर वीडियो कॉल चालू था। एएसपी ने महिला के रिश्तेदार बनकर बात की। उन्होंने साइबर ठग से चेहरा दिखाने को कहा तो वह चुप हो गया। जिसके बाद एएसपी से ठग पूछने लगा कि तुम्हारा नाम क्या है, इस पर उन्होंने जैसे ही बोला कि हम आपके पिताजी बोल रहे है, चेहरा तो दिखाओ, तो वह शांत रहा और कुछ देर बाद फोन को बंद कर दिया। एएसपी ने बताया कि अच्छी बात यह है कि समय रहते महिला ने पुलिस की मदद ली, जिसके चलते उनकी राशि और वो दोनों ही सुरक्षित है। एएसपी का कहना है कि जल्द ही ठग गिरफ्त में होंगे।

# 2600 रु. न देने पर मालिक की हत्या

### सोते समय पत्थर मारकर आरोपी फरार; इटारसी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश

जबलपुर

6 दिसंबर को दमोह निवासी ट्रक मालिक माधव रजक की पत्थर सिर पर मारकर हत्या करने के मामले का संजीवनी नगर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल हेल्पर हेमचंद पटेल को इटारसी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पथरिया निवासी माधव रजक का ट्रक CG 04 QZ 9427 वह खुद चलाते थे। करीब एक सप्ताह पहले ही उन्होंने गांव के ही हेमचंद पटेल को हेल्पर के रूप में रखा था। 5 दिसंबर को ट्रक लेकर कोलकाता से नगर निगम जबलपुर के लिए पाइप पहुंचाने के बाद दोनों ने साथ में शराब पी और खाना खाया। इसी दौरान हेमचंद ने घर जाने के लिए 2600 रुपए मांगे। इस पर माधव ने डांटते हुए कहा कि जब जबलपुर से दमोह जाएंगे, तब दूंगा। जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। बाद में माधव ट्रक में सो गया, जबकि हेमचंद बाहर घूमता रहा। देर रात गुस्से में आकर आरोपी ने सोते हुए माधव के सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी और मौके से कंबल ओढ़कर फरार हो गया। 6 दिसंबर की दोपहर शाही तालाब के पास खड़े ट्रक का दरवाजा खुला देख नगर निगम जल विभाग में पदस्थ अजय पटेल ने अंदर जाकर देखा, जहां चालक का शव खून से सना मिला। जांच में सामने आया कि हेल्पर हेमचंद घटना के बाद से लापता था। पुलिस को आरोपी का मोबाइल इटारसी रेलवे स्टेशन पर एक्टिव मिला। तुरंत कार्रवाई करते हुए संजीवनी नगर थाना पुलिस ने जीआरपी की मदद से घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में हेमचंद ने हत्या की बात कबूल कर ली।

प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87